दुमका संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 04, अंक 11

शनिवार

11.01.2025

RNI No. - JHAHIN/2022/81895

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

**सुविचार**

किसी को गलत समझने से पहले एक बार उसके हालात समझने की कोशिश जरुर कर ले!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### पुलिस ने प्रतिबंधित पदार्थों के साथ 5 ड्रग तस्करों को किया गिरफ्तार

**श्रीनगर :** ड्रग तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता में पुलिस ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में पांच ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए है।पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि हलमुल्ला संगम में एक नियमित जांच के दौरान एक वाहन को रोका गया और जांच करने पर तीन व्यक्तियों के पास से कोडीन फॉस्फेट की 21 बोतलें बरामद की गई।उनकी पहचान कुचमुल्ला त्राल निवासी जाविद अहमद शेख, कनिहामा नौगाम, श्रीनगर निवासी मोहम्मद अल्ताफ शेख और चारसू, अवंतीपोरा निवासी मोहम्मद हारून पैरी के रूप में हुई है।तीनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

### दिल्ली विधानसभा से जुड़ी अधिसूचना जारी, नामांकन की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली** : राजधानी दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव से जुड़ी अधिसूचना जारी कर दी गई। इसके बाद से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।चुनाव आयोग ने 7 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में विधानसभा से जुड़े चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की थी।दिल्ली में प्रमुख रूप से आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच मुकाबला है। वहीं, कांग्रेस पार्टी भी चुनावी मैदान में है।नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के बाद अब 17 जनवरी तक दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवार अपना नामांकन कर सकते हैं। 18 जनवरी को नामांकन की जांच की जाएगी। 20 जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। 5 फरवरी को सभी सीटों के लिए मतदान होगा।

### मधुबनी में मिनी गन फैक्ट्री का भांडाफोड़

**कोलकाता:** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स और बिहार एसटीएफ ने खुफिया जानकारी के आधार पर बिहार के मधुबनी जिला अंतर्गत खुटौना बाजार स्थित %किशन ऑटो पार्ट्स% नामक दुकान पर छापा मारा। इस छापेमारी में एक सक्रिय मिनी गन फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ। फैक्ट्री से तीन कुख्यात हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें दुकान मालिक इस्तियाक आलम और उनके भाई इफ्तेखार आलम के साथ उनके सहयोगी और इस फैक्ट्री के मास्टरमाइंड राजकुमार चौधरी उर्फ बिरजू शामिल हैं। यह फैक्ट्री दुकान के भीतर चल रही थी, जहां अवैध हथियारों का निर्माण किया जा रहा था।तलाशी के दौरान फैक्ट्री से भारी मात्रा में हथियार बनाने का सामान बरामद हुआ।

### स्कूल जा रहे शिक्षक की गोली मारकर हत्या

**गोपालगंज :** स्कूल जाने के दौरान शुक्रवार को एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना उचकागांव थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव की है। नदी के रास्ते पहुंचे बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया है। घटना की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। हत्या किसने की इसका खुलासा नहीं हो सका है। अरविंद यादव शुक्रवार की बाइक से मिडिल स्कूल झीरवा में पढ़ाने के लिए जा रहे थे। रास्ते में घात लगाए बदमाशों ने उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया। गोली लगने से मौके पर ही अरविंद यादव की मौत हो गई। अरविंद यादव के बेटे विश्वजीत यादव उचकागांव प्रखंड के प्रमुख हैं। गोपालगंज जिला प्रमुख संघ के अध्यक्ष भी हैं। हत्या के बाद से परिजन और समर्थकों में भारी आक्रोश है। परिजन के अनुसार पांच गोली शिक्षक को लगी है।

### केन्द्रीय मंत्री ने भगवान श्री पार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की

**रायपुर** : केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज शुक्रवार को दुर्ग जिले के नगपुरा स्थित प्रसिद्ध जैन मंदिर में 23वें तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### रांची का तापमान

अधिकतम 24°

न्युनतम 13°

---

### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तोपचांची लेक के विकास से संबंधित दिए निर्देश व सुझाव

# आकर्षक पर्यटन स्थल बनेगा तोपचांची झील : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं विद्यमान है। राज्य सरकार धनबाद जिला स्थित तोपचांची झील को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने निमित्त बेहतर कार्य योजना के साथ आगे बढ़ रही है।**

**सीएम हेमंत सोरेन ने कहा**

**झारखंड को पर्यटन हब के रूप में पहचान देना लक्ष्य**

**राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाए**

**नेचर फ्रेंडली कार्ययोजना बनाएं**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं विद्यमान है। राज्य सरकार धनबाद जिला स्थित तोपचांची झील को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने निमित्त बेहतर कार्य योजना के साथ आगे बढ़ रही है। तोपचांची लेक का पर्यावरण के अनुरूप सौंदर्यकरण कराकर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रकृति की आंचल में बसा राज्य है। यह राज्य जंगलों, पहाड़ियों और नदियों से घिरा है, इस राज्य की खूबसूरती से देश एवं दुनिया के लोग परिचित हो इस निमित्त टूरिज्म की संभावनाओं पर विशेष कार्य किया जा रहा है। आने वाले दिनों में झारखंड पर्यटन हब के रूप में पहचाना जा सके इसके लिए पर्यटन विभाग, वन विभाग तथा नगर विकास विभाग बेहतर समन्वय स्थापित कर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे।

#### पर्यटन स्थल के विकास से रोजगार सृजन होंगे

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के समक्ष आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में अधिकारियों ने तोपचांची झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने संबंधित कार्ययोजना का पीपीटी प्रजेंटेशन रखा। मुख्यमंत्री ने तोपचांची लेक को विकसित किए जाने संबंधित प्रारूप के हरेक पहलुओं से अवगत हुए तथा बिंदुवार जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन स्थल से स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो इसका भी ख्याल अनिवार्य रूप से रखें। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि तोपचांची झील के विकसित होने से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर सृजन होंगे।



#### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, निदेशक पर्यटन अंजलि यादव एवं कंसल्टेंट एजेंसी समर्थ इंफ्राटेक सर्विसेस प्रालि के टाइटस नाईनन, रोहित कौशिक, साकेत चौहान एवं अन्य उपस्थित थे।

#### ये होंगे आकर्षण का केन्द्र

तोपचांची झील और उसके आसपास 33 एकड़ भूमि टूरिस्ट हब के तौर पर विकसित किए जाने की योजना है, जिसमें रिजॉर्ट, जंक्शन, प्लाजा, एक्टिविटी पार्क, सेंट्रल पार्क, नेचर पार्क, मोटर स्पोर्ट्स पार्क, म्यूजिक पार्क, फूड प्लाजा, कैफेटेरिया, बोटिंग, गो कार्ट जैसी सुविधाएं पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगी।

---

# मुझे ज्यादा पढ़ना पसंद नहीं था : पीएम मोदी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले पॉडकास्ट में बचपन से जुड़ी कई बातों का जिक्र किया। उद्यमी और स्टॉक ब्रोकर निखिल कामथ के पॉडकास्ट शो पीपल बाई डब्ल्यूटीएफ में बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि वो बचपन में कैसे स्टूडेंट थे।उन्होंने कहा कि वो बचपन में एक साधारण छात्र थे। स्कूल में कोई उन्हें नोटिस करे, उनमें ऐसा कुछ नहीं था। हालांकि टीचर्स उन्हें बहुत प्यार करते थे। उन्होंने पॉडकास्ट में बताया कि उन्हें ज्यादा पढ़ना और कॉम्पिटिशन जैसी चीजें पसंद नहीं थी। वो इन चीजों से दूर भागते थे। पीएम मोदी ने कहा कि वो एक साधारण स्टूडेंट थे।पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने एक टीचर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, एक टीचर थे वे एक दिन पिता जी से मिलने आए। उन्होंने पिताजी से कहा कि इसके अंदर एक टैलेंट है। हर चीज बहुत जल्दी ग्रैस्प करता है, लेकिन फिर अपनी दुनिया में खो जाता है। मुझसे टीचर की बहुत अपेक्षा रहती थी। हालांकि, मुझे ज्यादा पढ़ना पसंद नहीं था। मेरा रहता था कि परीक्षा पास कर लो, निकल लो, बस ऐसा ही रहता था। हालांकि एक्टिविटी मैं बहुत करता था। कुछ भी नई एक्टिविटी हो उसे पकड़ लेना, ऐसा मेरा नेचर था।पीएम मोदी से पॉडकास्ट के दौरान अपने बचपन के दोस्तों के बारे में भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि बचपन में ही अपना घर छोड़ना पड़ा था, जिसकी वजह से मैं अपने स्कूली दोस्तों से संपर्क नहीं रख सका। पीएम ने कहा कि जब मैं पहली बार सीएम बना तो मेरे मन में आया कि क्यों न अपने स्कूली दोस्तों को बुलाया जाए।

सीएम बनने के बाद मैंने बचपन के दोस्तों को अपने आवास पर बुलाया। लगभग 35 दोस्त आए भी, लेकिन उनमें दोस्ती नहीं दिखी। पीएम ने कहा कि मुझे मजा नहीं आया, क्योंकि मैं उनमें अपना दोस्त खोज रहा था, लेकिन वो मुझे मुख्यमंत्री के तौर पर ही देख रहे थे।

**पीएम मोदी ने कहा कि वो एक साधारण स्टूडेंट थे।पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने एक टीचर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, एक टीचर थे वे एक दिन पिता जी से मिलने आए। उन्होंने पिताजी से कहा कि इसके अंदर एक टैलेंट है। हर चीज बहुत जल्दी ग्रैस्प करता है, लेकिन फिर अपनी दुनिया में खो जाता है। मुझसे टीचर की बहुत अपेक्षा रहती थी। हालांकि, मुझे ज्यादा पढ़ना पसंद नहीं था। मेरा रहता था कि परीक्षा पास कर लो, निकल लो, बस ऐसा ही रहता था।**

---

# गुजरात में एचएमपीवी का आया तीसरा मामला




**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : चीन से निकला ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस धीरे-धीरे भारत में अपना पैर पसारने लगा है. देश में एचएमपीवी के मामले बढ़ रहे हैं. अकेले गुजरात से अब तक इसके तीन मामले सामने आए हैं. शुक्रवार को गुजरात के साबरकांठा जिले में 8 साल के एक लड़के के एचएमपीवी से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है. एक अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल, लड़का वेंटिलेटर पर है. इस नए मामले की पुष्टी के बाद राज्य में एचएमपीवी मामलों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है. अधिकारी ने बताया कि 8 साल के यह बच्चा प्रांतिज तालुका के खेतिहर मजदूर परिवार से ताल्लुक रखने वाला है. इसके एक निजी प्रयोगशाला द्वारा किए गए परीक्षण में एचएमपीवी से संक्रमित पाया गया था. इसके बाद स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि के लिए उसके रक्त के नमूने एक सरकारी प्रयोगशाला भेजे थे।अधिकारियों के मुताबिक, बच्चा वर्तमान में हिम्मतनगर शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती है. इस मामले को अब तक संदिग्ध एचएमपीवी मामला माना जा रहा था. वहीं, सरकारी प्रयोगशाला को भेजे गए बल्ड सैंपल के आधार पर इसके एचएमपीवी से संक्रमित होने की पुष्टी हो गई है. साबरकांठा जिलाधिकारी रतनकंवर ने कहा,सरकारी प्रयोगशाला ने शुक्रवार को पुष्टि की कि लड़का एचएमपीवी से संक्रमित है.

---

# 11 राज्यों में बारिश व ओलावृष्टि का अलर्ट

**मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम ईरान में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। यह तेजी से उत्तर पश्चिम भारत की तरफ बढ़ रहा है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में 11 और 12 जनवरी को बारिश के आसार हैं। 12 जनवरी को तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** उत्तर और मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में भीषण ठंड और घने कोहरे का दौर जारी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने एक बार भी कई राज्यों में घने कोहरे और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम ईरान में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। यह तेजी से उत्तर पश्चिम भारत की तरफ बढ़ रहा है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में 11 और 12 जनवरी को बारिश के आसार हैं। 12 जनवरी को तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। उधर, पंजाब और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में कोल्ड- डे जैसी स्थिति देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के मुताबिक 12 और 13 जनवरी को हरियाणा-चंडीगढ़, पूर्वी राजस्थान और पंजाब के कुछ स्थानों में 12 और 13 जनवरी को सुबह व रात के समय घना से बहुत घना कोहरा छाने की संभावना है। 11 जनवरी को बिहार, सिक्किम और उत्तर बंगाल व पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में सुबह और रात को घने कोहरे की संभावना है। आईएमडी की वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने बताया कि ईरान में सक्रिय नया पश्चिम विक्षोभ आने वाले 48 घंटों के भीतर उत्तर भारत को प्रभावित कर सकता है। विक्षोभ की वजह से पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरी राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश में गरज-चमक के साथ बारिश और कुछ ओलावृष्टि हो सकती है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 2-3 दिनों तक पूरे उत्तर भारत में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

---

# ऑनलाइन गेमिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 1.12 लाख करोड़ के जीएसटी नोटिस पर लगाई रोक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए 1.12 लाख करोड़ रुपये के जीएसटी शो-कॉज नोटिस पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि इन नोटिस से जुड़े सभी मामले फिलहाल स्थगित रहेंगे जब तक इस पर अंतिम निर्णय नहीं लिया जाता।सुप्रीम कोर्ट ने इन कंपनियों से जुड़े मामलों को एक साथ जोड़ने का निर्देश दिया है। अब इन मामलों की अगली सुनवाई 18 मार्च, 2025 को होगी।यह फैसला ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, क्योंकि इस पर कर अधिकारियों और कंपनियों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इस विवाद का मुख्य मुद्दा ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी लागू करने की व्याख्या है। सरकार का कहना है कि 28 प्रतिशत जीएसटी पूरे एंट्री अमाउंट पर लगना चाहिए, जिसमें इनाम राशि भी शामिल होती है। वहीं, गेमिंग कंपनियों का तर्क है कि जीएसटी केवल उनके प्लेटफॉर्म फीस या कमीशन पर लगना चाहिए, क्योंकि इनमें से कई गेम कौशल पर आधारित होते हैं, न कि किस्मत पर। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग और कैसिनो उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कोर्ट ने डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस द्वारा जारी किए गए शो-कॉज नोटिस पर कार्रवाई को रोक दिया है। इस फैसले ने उद्योग को राहत दी है और यह भविष्य में क्षेत्र के लिए नियामकीय स्पष्टता का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।



---

# जमीन विवाद में पत्रकार के तीन परिजनों का मर्डर

**एजेंसी**

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के हफ्ते भर के भीतर ही सूरजपुर में एक जिला रिपोर्टर संतोष टोप्पो के 3 परिजनों की हत्या कर दी गई. हत्या का कारण जमीन विवाद बताया जा रहा है.आरोपी फरार हैं. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक, वारदात सूरजपुर जिले के जगन्नाथपुर गांव की है, जहां संतोष टोप्पो के परिजन कथित विवादित जमीन पर खेती करने पहुंचे थे. इस दौरान दोपहर एक बजे टोप्पो के भाई के परिवार के 6-7 लोग भी मौके पर पहुंच गए. खेती को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ और कुछ देर बाद यह विवाद हिंसात्मक झड़प में बदल गया. दूसरे पक्ष ने संतोष टोप्पो के परिवार पर कुल्हाड़ी और लाठी से हमला कर दिया. हमले में संतोष की 55 साल की मां बसंती टोप्पो और 30 साल के भाई नरेश टोप्पो की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि 57 वर्षीय पिता माघे टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया. वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.



## संक्षिप्त खबरें

### परीक्षा पे चर्चा में दो दर्जन स्कूलों के हजारों विद्यार्थी होंगे शामिल

**रांचीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रत्येक वर्ष परीक्षा से पूर्व परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम किया जाता है। ताकि विद्यार्थी तनाव मुक्त माहौल में अपनी परीक्षाएं दे सकें। परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मना सके। इस कार्यक्रम को लेकर परीक्षा पे चर्चा से पूर्व पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा किया जा रहा है। कल 11 जनवरी 2025 को सुबह 9:00 से यह प्रतियोगिता टेंडर हर्ट स्कूल में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में रांची के 2 दर्जन स्कूलों के हजारों विद्यार्थी शामिल होंगे। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। संजय सेठ ने कहा कि बच्चों को तनावमुक्त और उत्सवपूर्ण माहौल मिल सके, इस उद्देश्य के साथ यह पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रांची के विभिन्न विद्यालयों से हजारों की संख्या में 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी भाग लेंगे।

### झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मान दिवस समारोह 11 जनवरी को

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का सम्मान समारोह दिवस कार्यक्रम डोरंडा झंडा चौक भवानीपुर स्थित केंद्रीय कार्यालय में अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 तक किया जाएगा. इस कार्यक्रम में वाता और मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर भाग लेंगे. इनके अतिरिक्त झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष एवं झारखंड आंदोलनकारी ज्योति सिंह माथारू एवं झारखंड आंदोलनकारी शशि भूषण राय विशेष रूप से भाग लेंगे.उक्त जानकारी झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा चुटिया में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो , संयोजिका सरोजिनी कच्छप, केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा एवं रोजलिन् तिर्की ने संयुक्त रूप से दी।

# भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यक्रम में शामिल हुये पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर ढोल नगाड़े और पटाखों के साथ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़ीशा के राज्यपाल रहे रघुवर दास का भव्य स्वागत किया गया, मौका था भाजपा का सदस्यता अभियान कार्यक्रम। उक्त सदस्यता अभियान में रघुवर दास ने सदस्यता ग्रहण की और इसके बाद कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश कार्यालय में दोबारा भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और वीरों की पावन भूमि, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई द्वारा बनाये झारखंड राज्य की भूमि पर अपनी पुरानी भूमिका में लौटकर ऐसा लग रहा है कि जैसे मां के आंचल तले वापस आया हूं। राज्यपाल होना गरिमा की बात होती है लेकिन संगठन का दास होना गर्व की बात होती है।उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधान सेवक हैं और मैं भी सेवक बन कर आपकी सेवा में हाजिर हूं। सूर्य उत्तरायण में जाएगा, लेकिन इस बार वर्ष 2025 का सूर्य महाकुंभ के साथ आया है और इस महाकुंभ में अमृत पान झारखंड का हर निवासी करेगा। विगत वर्ष 2024 से सबक लेते हुए 2025 के नए वर्ष में नई ऊर्जा, नई उमंग और नए उत्साह के साथ हमें झारखंड की जनता के हित के लिए लड़ना है, जूझना है और विजयी होना है।

रघुवर दास ने कहा कि आज 10 जनवरी का दिन मेरे लिए ऐतिहासिक दिन है, जहां मैं राष्ट्र की राजनीति करनेवाले एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी की 1980 के बाद दूसरी बार सदस्यता ले रहा हूं।



26 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी को राज्यपाल बनने से पूर्व मैंने पार्टी के सदस्य से इस्तीफा सौंपा था। यह मेरे लिए भावूक पल था। आज दूसरी बार सदस्यता लेते हुए मुझे काफी हर्ष हो रहा है। इसके लिए राष्ट्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत झारखंड के हमारे प्यारे कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करता हूं। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पूरी पार्टी ने एकजुट होकर विजय दिलाने के संकल्प के साथ दिन-रात मेहनत की इसकी में प्रशंसा करता हूं, लेकिन परिणाम हमारे अनुकूल नहीं रहे। राजनीतिक जीवन में हार जीत लगी रहती है। जय पराजय जीवन का हिस्सा है। हम लोगों ने वह दिन भी देखा है जब 1984 में हमारे दो सांसद थे, तब विपक्षी हम दो हमारे दो बोलकर हमारी खिल्ली उड़ाते थे। लेकिन जैसा आप सभी को पता है कि भाजपा का जन्म ही हुआ है राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए, ना कि सत्ता सुख भोगने के लिए।

अंत मे उन्होंने 4 पंक्तियों से कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिस पल की मुझे महीनों से थी आस आज उसे आपकी उपस्थिति बनाती है खास, खत्म करके अपनी जिम्मेवारी का प्रवास, घर आया है आपका अपना झारखंड का दास। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र पांडेय, केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ, सांसद आदित्य साहू , रांची विधायक सीपी सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी सहित कई भाजपा विधायक सांसद कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## श्याम सेवा समिति का द्वितीय वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सेठ रामेश्वर लाल पोद्दार स्मृति भवन में श्री श्याम सेवा समिति, चुटिया का द्वितीय वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रथम चरण में श्री राम मंदिर चुटिया से श्याम बाबा के निशान यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में महिला- पुरुष श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा का निशान उठाया। भजनों की गंगा यात्रा मार्ग में उत्साहवर्धन कर पूरे रास्ते में श्याम बाबा की जय-जयकार एवं जगह-जगह निशान यात्रा का भरपूर स्वागत फूलों की वर्षा से की गई। निशान यात्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर बाबा का निशान सजे- धजे श्री श्याम बाबा के दरबार में निशान को समर्पित किया गया। सम्मानित अतिथि के.के.पोद्दार, फतेहचंद अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, मदनलाल अग्रवाल, विश्वनाथ सिंघानिया, कमल अग्रवाल एवं गोपी कृष्ण अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। भजन कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.भरत कुमार अग्रवाल द्वारा गणेश वंदना के साथ किया गया। समिति के सदस्य राजेश , किशन मोदी, प्रकाश ,प्रमोद कुमार पोद्दार, एवं परमेश्वरी जोशी द्वारा भजन गायन प्रस्तुत किया गया। दूसरे चरण में पूजा पारीक द्वारा अपने भजनों से भक्तों का मंत्र मुग्ध किया गया, श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए । समिति के सचिव पवन अग्रवाल ने सम्मानित अतिथियों सहित सभी आम जनों को धन्यवाद दिया,जिन्होंने अपना सहयोग इस भव्य कार्यक्रम को संपन्न करने में दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वनाथ सिंघानिया ,गोपी कृष्ण अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, अमित शर्मा, हरिशंकर शर्मा, प्रदीप मोदी, राजेश, मनोज चौधरी ,कमल अग्रवाल ,अरुण केड़िया, दीपक अग्रवाल ,मनोज अग्रवाल, शिवकुमार केड़िया, ऋषि टिबडेवाल, विनोद अग्रवाल ,पवन, किशन मोदी ,पंकज सिंघानिया एवं महिला सदस्य बबीता अग्रवाल, रेणु अग्रवाल , मिक्की केड़िया, ललिता केड़िया ,जूली अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, परमेश्वरी जोशी,वीणा माहेश्वरी, दीपा शर्मा, उर्मिला सिंघानिया ,शिखा अग्रवाल, स्वाति सिंघानिया ने भूमिका निभाई।

## रिम्स के निदेशक ने ट्यूमर का किया सफल ऑपरेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रिम्स निदेशक (प्रो.)डॉ. राजकुमार ने पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले की एक 8 वर्षीय बच्ची के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया है। बच्ची के राइट सेरेबेलो पोंटीन एंगल में ट्यूमर था जिसकी सर्जरी काफी जटिल होती है। बच्ची को पिछले 6 महीने से उल्टी और सिरदर्द हो रहा था। जांच में बच्ची को ब्रेन ट्यूमर होने का पता चला जो सेरिबैलम, ब्रेनस्टेम और जुगलर जोरामेन के पास फैला हुआ था जो ऑपरेशन के दृष्टि से मस्तिष्क का कठिन क्षेत्र होता है। इस ट्यूमर को न्यूरोसर्जन सह रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार द्वारा कुशलतापूर्वक और धैर्यपूर्वक हटा दिया गया है। सर्जरी टीम में न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ आनंद प्रकाश सहित विभाग के अन्य वरीय रेजिडेंट व निश्चेतना विभाग के चिकित्सक शामिल थे। मरीज़ के जल्द ठीक होने की उम्मीद है।

## सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा के तहत दी गई जानकारियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** उपायुक्त रांची के आदेशानुसार एवं जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची अखिलेश कुमार के निदेशानुसार रोड़ सेफ्टी टीम ने 10 जनवरी 2025 को छोटानागपुर+2 उच्च विद्यालय, रातु रांची में सड़क सुरक्षा से जुडे नियमों की जानकारी दी, एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रांची शहर के फराया लाल चौक एवं कचहरी चौक मैं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया एवं बाईक चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें, चार पहिया चलाते समय भी सीट बेल्ट का उपयोग आवश्यक





करें। साथ ही सड़क पर गाड़ी चलाते समय दुसरे चालक के सेफटी का भी ख्याल रखना चहिए। सड़क पर घायल व्यक्ति के मदद करने पर सरकार द्वारा प्रोत्साहित राशि 5000/- प्रदान की जाती है, साथ ही 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन नहीं चलाने के नशीहत दी।

## पशु क्रुरता और तस्करी पर रोक लगाने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पशु क्रुरता निवारण समिति झारखंड प्रदेश की कार्य समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । बैठक में राज्य में हो रहे पशु क्रूरता तथा पशु तस्करी की घटनाओं पर गहन चिंता करते हुए क्षोभ प्रकट किया गया। बैठक में एसपीसीए के निरीक्षकों को शीघ्रपस्थापित करने का निर्णय लिया गया। समिति के वरीय उपाध्यक्ष पूर्व डीआइजी जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा की झारखंड उच्च न्यायालय के 18 दिसंबर 2023 के न्यायादेश के आलोक में आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकृत किया गया है। बैठक में समिति के सचिव डॉक्टर हरे राम सिंह,संयुक्त सचिव राम सुभग सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता तथा समिति की कोषाध्यक्ष शीला कुमारी उपस्थित रहे।

## एटीएस ने एक संदिग्ध आरोपी को किया है गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर से स्पेशल सेल दिल्ली और झारखंड एटीएस की टीम की ओर से लगातार अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट मॉड्यूल के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत फरार संदिग्ध अभियुक्त शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। इसके गिरफ्तारी लोहरदगा के सेन्हा थाना क्षेत्र से होने की बात कही जा रही है।झारखंड एटीएस और दिल्ली पुलिस की ओर से संयुक्त कार्रवाई में ये



सफलता मिली है। स्पेशल सेल दिल्ली और एटीएस झारखंड टीम की टीम चान्हो निवासी खलील अंसारी के पुत्र शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली स्पेशल सेल ने कांड संख्या 301/24 के अभियुक्त शाहबाज अंसारी को झारखंड पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया। अब संदिग्ध को पुलिस रिमांड पर लेकर स्पेशल सेल की टीम दिल्ली ले जाने की तैयारी की रही है। इससे पहले भी झारखंड एटीएस ने राज्य की रांची, हजारीबाग समेत लोहरदगा में एक दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की थी और चार संदिग्ध को गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही इस मॉड्यूल के सरगना डॉ इश्तियाक अहमद को रांची के बरियातू से अरेस्ट किया था। वहीं फैजान उर्फ मुन्ना को हजारीबाग से जबकि मो रिजवान और मुफ्ती रहमतुल्लाह को रांची के चान्हो से गिरफ्तार कर दिल्ली के स्पेशल टीम अपने साथ ले गई थी।

## उपायुक्त ने भू-मापक (अमीन) सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम की जांच कराने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आमजनों कि विभिन्न जगहों से मिल रही शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा 10 जनवरी 2025 को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय तमाड़ का औचक निरीक्षण किया। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पहुंचते ही उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें।



उपायुक्त द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यलय में सर्व शिक्षण जन सृजित सेवा संस्थान (निजी संस्थान) द्वारा चल रहें भू-मापक (अमीन) सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम की जाँच करने के निर्देश दिए। संस्थान द्वारा 350 रूपये लोगों से लिया जा रहा था। जिसको लेकर उपायुक्त द्वारा संस्थान द्वारा दिए जा रहें 2 माह के प्रशिक्षण सर्टिफिकेट की उपयोगिता की जाँच कराने का भी निर्देश दिया गया।

उपायुक्त प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच की एवं पिछले वित्तीय वर्ष में अबुआ आवास का लक्ष्य और कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने त्वरित गति से आवास पूर्ण करवाने के निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी कर्मचारियों को जिला प्रशासन द्वारा जारी किये गये अबुआ साथी व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार-प्रसार करने को कहा। ताकि आम लोग अपनी शिकायत सीधे तौर पर जिला प्रशासन से कर सकें।

## अस्पताल में भर्ती कडिया मुंडा से मिलने पहुंचे वित्त मंत्री किशोर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा से मिलने मेडिका अस्पताल पहुंचे। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के साथ कांग्रेस नेताओं का एक दल मेडिका पहुंचे। जिसमें रविंद्र सिंह, रमा खलखो, किशोर नाथ शाहदेव व अन्य शामिल थे। जहां कड़िया मुंडा इलाज के लिए मेडिका अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मुंडा से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की, मुंडा बोल रहे थे, बताया कि वह पहले से बेहतर हैं। नेताओं ने मुंडा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुंडा से बात करने के क्रम में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आप ( कड़िया मुंडा) न सिर्फ एक राजनेता है अपितु झारखंड राज्य के अभिभावक भी हैं। हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि मुंडा शीघ्र स्वस्थ होकर राज्यवासियों को अपना आशीर्वाद दें।

## डाक्टर, कस्टमर केयर बनकर कर रहे साइबर तीन साइबर ठगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि खेल गांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पेरतोल स्थित एक निर्माणाधीन मकान में कुछ दूसरे राज्य के साइबर अपराधियों के द्वारा वहां पर रहकर साइबर ठगी का काम किया जा रहा है। उनके निर्देशानुसार श्रीनिवास सिंह पुलिस उपाधीक्षक साइबर रांची के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया । पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार थाना प्रभारी टाटीसिलवे, पुलिस अवर निरीक्षण चूड़ामणि टुडू टाटीसिलवे, थाना पुलिस अवर निरीक्षक मिंटू भारती टाटी सिलवे, थाना पुलिस अवर निरीक्षक पंकज कुमार साइबर थाना रांची , पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार मिश्रा साइबर थाना रांची, सहायक अवर निरीक्षक युधिष्ठिर महतो खेलगांव थाना एवं टाटीसिलवे थाना एवं खेल गांव थाना के सशस्त्र बल के साथ पूरी टीम ग्राम पेरतोल खेल गांव के निर्माणाधीन मकान में सूचना के आधार पर छापामारी की । जहां पर साइबर ठगी करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की सभी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की और पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मनोज कुमार, निक्कू कुमार और अखिलेश कुमार नवादा बिहार का रहने वाला है। इन तीनों के पास से 6



आईफोन, 6 स्मार्टफोन और विभिन्न बैंकों के नौ एटीएम कार्ड , एक फर्जी बैंक खाता का एक चेक बुक , एक मारुति कंपनी का डीजाईर कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर है बीआर27 एन 2488 बरामद किया गया। इन लोगों के द्वारा रिलायंस फाइनेंस कंपनी के नाम पर लोन देने तथा डॉक्टर अप्वाइंटमेंट, बैंक कस्टमर केयर , फ्लिपकार्ट कस्टमर केयर आदि विभिन्न प्रकार से एप बनाकर लोगों से साइबर ठगी करता था । राजकुमार मेहता ने बताया कि इस पूरे मामले में छानबीन की जा रही है , कि इन लोगों ने अब तक 1 साल में कितने लोगों से साइबर ठगी किया है । साथ ही आम लोगों से अपील भी किया गया है कि अगर कोई कस्टमर केयर, डॉक्टर या फिर अन्य किसी नाम लेकर फोन करता है, ओटीपी मांगता है, आधार नंबर मांगता है, तो सतर्क हो जाए और तुरंत 1930 में डायल कर इसकी जानकारी दें। इसके अलावा एनसीआरपी के साइट पर जाकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि 1930 व्यस्त बताता है, या तकनीकी कारण से संपर्क नहीं हो पाती है तो आप रांची शहर के समाहरणालय स्थित बी ब्लॉक के कमरा नंबर 605 में जाकर मामला दर्ज करा सकते हैं, हालांकि पुलिस ने साइबर ठगी के पीड़ितों के लिए 12 सेट में फिलहाल काम हो रही है इसे 24 सेट और बढ़ाया जाएगा ताकि किसी तरह की किसी को परेशानी ना हो सके।

## विस अध्यक्ष ने रेल ट्रेवल कुपन के मामले को लेकर साउथ ईस्ट रेलवे के पदाधिकारियों के साथ किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रवीन्द्र नाथ महतो, अध्यक्ष, झारखण्ड विधान सभा ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में सदस्यों व पूर्व सदस्यों को दिये जाने वाले रेल ट्रेवल कुपन के मामले को लेकर साउथ ईस्ट रेलवे के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया बैठक सदस्यों एवं पूर्व सदस्यों को देय सुविधा के तहत आरटीसी का झारखण्ड विधान राभा सचिवालय को विगत एक वर्ष से आपूर्ति नहीं किये जाने से संबंधित थी। इस संबंध में सभा सचिवालय द्वारा दिसम्बर, 2023 को एक करोड़ रूपये का रेल ट्रेवल कुपन की मांग की गयी थी, परंतु साउथ ईस्ट रेलवे द्वारारेल ट्रेवल कुपन अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। अध्यक्ष महोदय ने बैठक में रेलवे द्वारा आरटीसी उपलब्ध नहीं कराने को लेकर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज करायी। उन्होंने कहा कि इसके चलते सभी माननीय सदस्यों एवं पूर्व सदस्यों को रेलवे यात्रा में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। अर्जुन मजुमदार ष्४. ष्ट्ठद्दद्धद्दद्ध ष्टश्वद्बद्दह्म्द्बड्डद्य स्र्ड्डठ्ठड्डद्दद्गह्ल, स्श्च ऋद्य4 ने बैठक में अध्यक्ष को यह स्पष्ट किया कि कूपन मुद्रण से संबंधित कार्रवाई ली जा चुकी है, 45



दिनों के अंदर रूभा सचिवालय को रेलवे कूपन उपलब्ध करा दिया जायेगा। विदित हो कि रेलवे के पदाधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि कमर्शियल जोन के रेलवे मुद्रणालय बंद हो जाने के कारण रेलवे कूपन मुद्रण में विलम्ब हो रही है। परंतु वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कूपन का मुद्रण कराये जाने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। बैठक में अनिल कुमार सिंह, आरक्षण पर्यवेक्षक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। रवीन्द्र नाथ महतो, अध्यक्ष ने झारखण्ड विधान सभा की वेवसाईट में आये तकनीकी समस्या को लेकर एन0आई0सी0 एवं जैप आई0टी0 के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विधान सभा के वेवसाईट में आये तकनीकी समस्या का अतिशीघ्र निदान करने का निदेश संबंधित पदाधिकारियो को दिया। उक्त जानकारी गुलाम मो0 सरफराज जनसम्पर्क अधिकारी झारखण्ड विधान सभा, राँची ने दी।

## अंजुमन प्लाजा में अल इलहान ट्रेवल्स का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अंजुमन प्लाजा, प्रथम तल, मेंन रोड रांची में अल इलाहान टूर एंड ट्रेवल्स हज एंड उमराह जो स्काइनेट टूर एंड ट्रेवल्स जमशेदपुर से एसोसिएट है उसका उद्घाटन मुख्य अतिथि मंजूर अहमद अंसारी पूर्व अध्यक्ष झारखंड हज समिति, स्काई नेट ट्रेवल्स के निदेशक नैयर इकबाल सिद्दीकी, सैयद नेहाल अहमद, मौलाना सैयद तहज़ीबुल हसन रिजवी, औरंगजेब खान ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर बोलते हुए मंजूर अहमद अंसारी ने कहा कि यह ट्रेवल्स झारखंड के सभी लोगों की सेवा





किफायती दर में करेगी। उन्होंने कहा कि अल इलहान टूर एंड ट्रेवल्स हज एंड उमराह भारत सरकार से लाइसेंस प्राप्त ट्रेवल कंपनी है। उद्घाटन के अवसर पर अल इलाहान टूर एंड ट्रेवल्स हज एंड उमराह के डायरेक्टर नेहाल अहमद, औरंगजेब खान और अकिलुर रहमान ने कहा कि अल इलहान टूर एंड ट्रेवल्स, स्काइनेट टूर एंड ट्रेवल्स जमशेदपुर से एसोसिएट है जो पिछले 2008 से लोगों के सेवा देते आ रही है। संचालक नेहाल अहमद ने कहा जायरीन को बैतूल मुकद्दस, नजफ, कर्बला, बगदाद समेत और भी जगह की जियारत कराया जाता हैं। मौके पर अकील उर रहमान, हाजी हलीम, नैयर सहाबी, हाजी शरफुल, फिरोज खान, मौलाना वसी, इकबाल अंसारी, मोइन खान, मो फारूक, मो गब्बर, शोएब अंसारी, हाजी फिरोज जिलानी, आदिल रशीद, मो नफीस, इमाद अहमद, नदीम खान, साजिद उमर, अल हुमाम समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस समारोह मनाने की तैयारी शुरू

## समाहरणालय सभागार में डीसी ने किया बैठक, अधिकारियों को सौंपी जिम्मेवारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाने की तैयारी को लेकर बैठक हुई। इस दौरान समारोह की रूपरेखा बनायी गयी।गणतंत्र दिवस के दिन पूर्वाह्न नौ बजे रानी ज्योर्तिमय स्टेडियम में सामूहिक रूप से झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन होगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली झांकियों के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभागों का चयन करते हुए उनके संबंधित अधिकारियों को विभिन्न दिशा निर्देशों का पालन करते हुए झांकियां निकालने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा की बीते वर्ष बेहतरीन कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।उपायुक्त ने प्रशासक, नगर परिषद को नगर की सफाई अभियान चलाकर 20 जनवरी तक संपन्न कर लेने का निर्देश दिया। उक्त क्रम में मुख्य समारोह स्थल रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम तक जाने वाली सड़कों एवं नालियों की सफाई, शहर के अंदर की नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।25 जनवरी को सुबह छह बजे से नौ बजे तक एवं 26 जनवरी को सुबह छह बजे से अपराह्न तीन बजे तक शहर में भारी वाहनों के आवागमन अवरूद्ध करने के लिए सहमति बनी।इसे सुनिश्चित करने के लिए एसडीपीओ पाकुड़ के नेतृत्व में टीम गठित करने को कहा गया।गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 26 जनवरी को संध्या 6 बजे से के.के.एम कॉलेज पाकुड़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया.पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा बताया गया कि इस बार परेड के लिए 8 प्लाटुन बनाने जाएंगे। गणतंत्र दिवस के दिन आयोजित होने वाले परेड के लिए 21, 22, 23 जनवरी को पूर्वाभ्यास किया जाएगा एवं अंतिम अभ्यास 24 जनवरी को संपन्न होगा। इस संबंध में उपायुक्त ने सिविल सर्जन को प्रशिक्षण के दौरान मैदान में एंबुलेंस एवं चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करते हुए किसी भी स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है।





**ध्वजारोहण का निर्धारित समय**

- रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम में पूर्वाह्न 09:00 बजे
- समाहरणालय पाकुड़ 10:30 बजे पूर्वाहन
- अनुमंडल कार्यालय पाकुड़ 11:00 बजे पूर्वाहन
- जिला परिषद कार्यालय 11:15 बजे पूर्वाहन
- पुलिस लाइन पाकुड़ 11:30 बजे पूर्वाहन

**बैठक में ये भी थे मौजूद :-** बैठक में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया,परियोजना निदेशक,आईटीडीए अरुण कुमार एक्का,अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी,सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल,जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह,मुख्यालय डीएसपी जितेन्द्र कुमार समेत अन्य पदाधिकारी एवं जिले के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मकर संक्रांति पर मिलावट के खिलाफ चला जांच अभियान



**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेंब्रम ने मकर संक्रांति पर मिलावटी खाद्य पदार्थ से आम जनता को बचाने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न दुकान व प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया। इस दौरान मिठाई दुकान, ठेला एवं केक दुकानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खाद्य पदार्थों की जांच कर जरुरी दिशा-निर्देश भी दिया। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेंब्रम के द्वारा बताया गया कि मकर संक्रांति में तिलकुट एवं विभिन्न प्रकार के मिठाई अक्सर रोड किनारे एवं ठेलों पर बेचे जाते हैं। इसी के मद्देनजर आज निरीक्षण किया गया है।ताकि किसी प्रकार की मिलावट नहीं हो सके। उन्होंने बताया कि जांच के क्रम में विभिन्न दुकानों से छह खाद्य नमूना लिया गया है। जांच के क्रम में खाद्य कारोबारियों द्वारा बताया गया कि विभिन्न प्रकार के तिलकुट भागलपुर, गया, मालदा एवं रांची से मंगाया जाता है। सभी को बिल वाउचर रखने का निर्देश दिया गया एवं ऐसे पैकेट खाद्य पदार्थ जिसमें एफएसएसएआई नंबर, मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट अंकित नहीं है तो न बेचने का निर्देश दिया गया। सभी को खाद्य अनुज्ञप्ति /पंजीकरण लेकर ही कारोबार करने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। इस तरह का जांच अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं।

# निबंध, चित्रकला व वाद विवाद प्रतियोगिता के जरिये बाल श्रम, बाल विवाह व दहेज प्रथा के प्रति किया जागरुक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में पाकुड़ प्रखंड के जिदातो गर्ल्स हाई स्कूल में जिला स्तरीय चित्रकला, निबंध, वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी प्रखंडों के विभिन स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिता में चित्रकला, वाद विवाद के जरिए समाज में बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज प्रथा सहित कई सामाजिक बुराईयों के विरोध में समझाने को लेकर जागरूक किया गया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के द्वारा अपने अपने प्रतिभागियों में इस अवसर का लाभ उठाने को लेकर उत्साह देखा गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव अजय कुमार गुड़िया ने उनके प्रतिभा और उत्साह का सराहना करते हुए संबोधित किया और अपने लक्ष्य तक पहुंचने को लेकर चित्रकला, निबंध, वाद विवाद के जिला स्तरीय प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागी का नाम नामांकित किया गया। ताकि उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित किया जा सके।

जिसमें जिला स्तरीय चुने गए चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा कुमारी, राज प्लस- टू उच्च विद्यालय, द्वितीय स्थान राजवीर साहा जिदातो इंटरमीडिएट कॉलेज, तृतीय स्थान सुहाना खातून, अप ग्रेड उच्च विद्यालय नबीनगर, निबंध में प्रथम स्थान शियाश्री कुमारी, रानी ज्योतिर्मय बालिका उच्च विद्यालय, द्वितीय स्थान श्रेया दास जिदातो बालिका उच्च विद्यालय सहित वाद विवाद में चुने गए प्रतिभागी का नाम नामांकित किया गया हैं।

# उपायुक्त ने लोगों की समस्यायों को सुन निराकरण का दिया भरोसा



**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा आम लोगों की समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर समाहरणालय के सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान जमीन से संबंधित मामले, आपूर्ति, एएनएम से संबंधित, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग आदि से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

# अवैध खनन या परिवहन मामलों में माफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करें : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक आहूत की गई। उपायुक्त ने अवैध खनन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए खनन माफियाओं पर नकेल कसने और प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उन्होने कहा कि खनन टास्क फोर्स अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें, जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाएं और संबंधित विभाग जैसे खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना, पुलिस के एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि एकल विभागीय कार्रवाई से अवैध खनन और परिवहन पर अंकुश लगाना संभव नहीं है।

ऐसे में जरूरी है कि अवैध खनन, परिवहन में लिप्त वाहनों, माफिया पर सभी सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करें।

उपायुक्त ने खनन टास्क फोर्स को सूचनातंत्र मजबूत करने एवं मॉनिटरिंग मैकेनिज्म को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम द्वारा चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को निदेशित किया गया कि सीओ, डीएमओ, खनन निरीक्षक या अन्य किसी भी पदाधिकारी स्तर से अवैध खनन, परिवहन की सूचना मिलती हो तो तत्काल टीम गठित करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करें एवं एफआईआर करें।

पुलिस अधीक्षक ने कोयला चोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

# डंपर में चढ़ने के दौरान फिसलकर खलासी की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिरणपुर :** हिरणपुर-कोटालपोखर पथ के महारो के निकट शुक्रवार को चलती डंपर में चढ़ने के दौरान फिसल जाने से खलासी पाकुड़ मुफसिल थाना क्षेत्र के इलामी निवासी सैबुर शेख (27 वर्ष) की दबकर मौत हो गई। इधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची हिरणपुर थाना की पुलिस के द्वारा शव को अपने कब्जे में लिया गया और पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ सदर अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के मुताबिक डंपर संख्या जेएच 16 जी 1500 मे पत्थर धूलकण लोडकर महारो से सितपहाड़ी स्थित एक खदान में जा रही थी। इस बीच खलासी धीमी गति से चल रहे वाहन में चढ़ने के दौरान फिसलकर नीचे गिर गया। जिससे वाहन से कुचल जाने से मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे थाना के एसआई अनिल कुमार सिंह, मो. नैमुन एएसआई ने शव को कब्जे में लेकर स्थानीय लोगों से जानकारी हासिल किया। इस संबंध में थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वही मामले की छानबीन की जा रही है।

# इंसानियत फाउंडेशन ने दो मरीज को मुहैया कराया ब्लड, बचाई जान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** इंसानियत फाउंडेशन ने सदर अस्पताल में भर्ती एक बुजुर्ग महिला को रक्तदान कर इलाज करने में मदद पहुंचाई। इस संबंध में फाउंडेशन के सचिव बानिज शेख ने बताया कि सोनाजोड़ी सदर अस्पताल में इलाजरत अंजना गांव की रहने वाली 55 वर्षीय बुजुर्ग महिला फातिमा बीबी के शरीर में हीमोग्लोबिन बहुत कम हो गई थी। उन्होंने बताया कि फातिमा बीबी को ए पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी। इसके अलावा 3 वर्षीय बच्चा रहनत शेख जो थैलेसीमिया पीड़ित है, उनका बी पॉजिटिव कमी के कारण इलाज नहीं पा रहा था। काफी दिक्कत हो रही थी। उन्होंने बताया कि डॉक्टर ने रक्त चढ़ाने को कहा। मरीजों के परिजनों ने रक्तदाता खोजने का प्रयास किया।




लेकिन विफल रहे। फिर संस्था में मदद की गुहार लगाई।इंसानियत फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य नाजमूल हुसैन ने 10वीं बार बी पॉजिटिव और ए पॉजिटिव अकमल शेख 5वीं बार रक्त अधिकोष जाकर रक्तदान किया।परिजनों ने इंसानियत फाउंडेशन का शुक्रिया अदा किया। रक्तदाताओं ने कहा कि बहुत अच्छा लगता है, जब किसी जरूरतमंद को अपना खून देकर मदद कर पाते है। आगे भी जरूरतमंदों के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। मौके पर सचिव बानिज शेख के साथ मनारुल शेख, नबाब शेख, सलीम शेख, एक्टिव सदस्य राफेज शेख, आफताब आलम, अलाउद्दीन शेख, कर्मचारी नवीन कुमार एवं पियूष दास मौजूद थे।

# मंत्री संजय यादव का किया गया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** झारखंड सरकार में श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण तथा उद्योग मंत्री संजय यादव के पाकुड़ पहुंचने पर गुरुवार को राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार स्वागत किया। आदिवासी पारंपरिक नृत्य के साथ मंत्री का भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान राघवेंद्र प्रताप, रजनीश कुमार सिंह, शिक्षानंद मुर्मू, राखी कुमारी, अख्तर आलम, प्रेमजी तुरी, हजरत अली, मोहम्मद सत्तार, श्रवण भगत सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। मंत्री का सभी ने बुके देकर अभिनंदन किया। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि मंत्री संजय यादव का पाकुड़ परिसदन में भव्य स्वागत किया गया। मंत्री को पाकुड़ में आदिवासी, दलित, पिछड़ों, किसान और मजदूर भाइयों से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया गया। उनके उत्थान और विकास के लिए पहल करने का अनुरोध किया गया। मंत्री संजय यादव ने कहा कि समाज के दबे कुचले पिछड़ों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार मिले। उन्हें आगे बढ़ाने और उनके विकास के लिए काम करना मेरा मकसद है।

# मतदाता दिवस पर मैराथन दौड़ व साईकिल रैली का होगा आयोजन



**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय सभागार में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को बताया कि इस वर्ष मतदाता दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़, साईकिल रैली का आयोजन किया जाएगा एवं वोटर आईडी के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में अपलोड किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधानसभा चुनाव 2024 में बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, बुजुर्ग मतदाता, दिव्यांग मतदाता, फर्स्ट टाइम वोटर, आरओ एवं एआरओ, निर्वाचन कार्यालय के कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा 10 दिन पूर्व आनलाईन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड अंतर्गत सोनाजोड़ी खेल मैदान में शुक्रवार को फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह फुटबॉल प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन यूथ कांग्रेस के विधानसभा महासचिव आबू तलाहा ने किया। वहीं संथाल यूथ स्पोटिंग क्लब सोलागड़िया के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आनंद लेने दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। मैदान के चारों ओर दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। पहला मैच गोकुलपुर एवं खजुरडंगाल के बीच खेला गया। अतिथि के रूप में शामिल आबू तलाहा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने फुटबॉल को किक मारकर मैच शुरू कराया। उन्होंने कहा कि झारखंड में फुटबॉल खेल आदिवासी समाज सहित सभी वर्गों में बहुत प्रचलित है और सरकार को खेल पर विशेष ध्यान देना चाहिए। क्योंकि खेल ही एक ऐसा माध्यम है जिसमें शरीर का विकास और एक सफल करियर भी आज के युवा बना सकते है। मौके पर कॉमेटी के अध्यक्ष संतोष हांसदा, सचिव सकल किस्कू, उपाध्यक्ष मझल किस्कू, रॉबिन हांसदा, पूर्व उप मुखिया सफीक अंसारी सहित सैंकड़ों दर्शक एवं खिलाड़ी मौजूद थे।



## झलकियां

### कुआं में गिर जाने से एक युवक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरहरवा :** नगर पंचायत क्षेत्र के तेलीपाडा में शुक्रवार को कुएं में डूबने से लगभग 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक नागेश साह के पिता लड्डू साह ने बताया कि मेरे पुत्र को मिर्गी का शिकायत था, सुबह कुएं से पानी उठा रहा था, इसी दौरान मिर्गी का दौरा पड़ने से वह कुएं में गिर गया, जिसे आनन फानन में उठाकर बरहड़वा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया परंतु तब तक रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया था। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सक के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। हालांकि मृतक की शादी नहीं हुई थी। वह अपने पिता के तीसरे पुत्र थे। वही घटना की जानकारी मिलते ही बरहड़वा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु राजमहल ले गए। वही मृतक के उक्त घटना से परिवार में मातम की स्थिति है, वही मां एवं पिता का रो रो कर बुरा हाल है।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उधवा :** प्रखंड सभागार कक्ष में शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के एमटीएस अनिल पाल ने किया। बैठक में सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्लू सहित स्वास्थ्य कर्मी, शामिल हुए। इस दौरान एमटीएस अनिल पाल ने सभी को प्रशिक्षण दिया गया। बताया कि घर-घर जाकर कृमि एवं फाइलेरिया का दवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी 10 फरवरी से 25 फरवरी तक पूरे प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन की गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी तरह के भ्रम में ना रहे यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि सभी लोग फाइलेरिया उन्मूलन की गोली अवश्य लें एवं दूसरो को प्रेरित करें। मौके पर सीएचओ मोबाससेरीना खातून,अजय केशरी पीरामल,दीपक कुमार पीरामल,रवि रंजन,तहसीन अख्तर,सुमन पंडित सहित अन्य मौजूद थे।

### मोटरसाइकिल चोरी मामले में केस दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र कटहलबाड़ी- खासपुरा आरईओ सड़क किनारे से बीते गुरूवार की दोपहर करीब एक बजे अज्ञात चोरों ने एक मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गया। मामले को लेकर कटहलबाड़ी मोमिन टोला के कौशर मोमिन ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। बताया है कि बीते गुरुवार की दोपहर करीब 1 बजे बाईक रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 18 के 4174 पर सवार होकर अपने घर से कटहलबाड़ी पश्चिम पुल के पास गया था। उन्होंने बताया कि सड़क किनारे बाईक को रखकर करीब एक सौ मीटर दूर अपने खेत में फसल देखने के लिए गया था। कुछ देर बाद वापस आकर देखा कि वहां पर बाईक नही है। उन्होंने आसपास काफी खोजबीन किया। हालांकि बाईक का कोई सुराग नही मिल पाया है। उधर,राधानगर पुलिस ने पीड़ित के बयान पर थाना कांड संख्या 05/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### चांदशहर में बीडीओ ने ज्ञान केंद्र का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उधवा :** पंचायती राज विभाग की अनूठी पहल के तहत पढ़ने और ज्ञान को बढ़ावा देने के उदेश्य से उधवा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में ज्ञान केंद्र का स्थापना किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के चांदशहर पंचायत सचिवालय में स्थापित ज्ञान केन्द्र का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी जयंत कुमार तिवारी व पंचायत के मुखिया मोहम्मद मुस्ताकिम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बीडीओ सह सीओ श्री तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत सचिवालय में ज्ञान केन्द्रा उदेश्य गांवों में पठन-पाठन की प्रवृति को बढ़ावा देना है। कहा कि पंचायत के बच्चे,युवा,बुजुर्ग और आमजन सभी को इसका लाभ मिलेगा। स्कूली बच्चे यूटूब के माध्यम से पढ़ाई कर सकेगें। मनुष्य का उज्जवल भविष्य संवारने में पुस्तकालय का अहम योगदान रहा है। ज्ञान केन्द्र में कक्षा सहित कई शिक्षाप्रद पुस्तक उपलब्ध रहेगा। जिसका अध्ययन कर ज्ञान अर्जित कर सकते है। मौके पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी उधवा बलराम दास, पश्चिमी उधवा दियारा पंचायत के मुखिया जियाउल हक उर्फ शास्त्री,विक्रम कुमार साह सहित अन्य वार्ड सदस्य मौजूद थे।

## छात्रों संग मांदर की थाप पर थिरके सांसद

# आदिवासी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है सोहराय पर्व : सांसद विजय हांसदा







### बीएसके कॉलेज में आदिवासी संस्कृति परिषद की ओर से धूमधाम से आयोजित हुआ सोहराय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतना :** बीएसके कॉलेज परिसर में आदिवासी संस्कृति परिषद की ओर से धूमधाम से दिसोम सोहराय पर्व का आयोजन किया गया। सोहराय पर्व के दौरान सर्वप्रथम कॉलेज परिसर में छात्रों की मंडली के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना संपन्न करवाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजमहल लोकसभा के सांसद विजय हांसदा ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हांसदा ने कहा सोहराय पर्व प्राकृति और प्रेम का प्रतीक है जो आदिवासी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो इस पर्व की एक महत्वपूर्ण विशेषता है सोहराय पर्व मुख्य रूप से आदिवासियों का प्रमुख पर्व है साथ ही साथ उन्होंने कहा की जल जंगल जमीन हमारी पहचान है और उसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है उन्होंने कहा कि ऐसे तो आदिवासी समाज में हर महीने ही कोई ना कोई त्योहार मनाया जाता है लेकिन सोहराय और बाहा त्योहार मुख्य रूप से हमारी पहचान है वही कार्यक्रम के संरक्षक बीएसके कॉलेज के प्राचार्य ने कहा की सोहराय में गाय बैल की पूजा आदिवासी समाज काफी उत्साह से करते हैं इसी तरह प्राकृति से जोड़कर हमे त्यौहार मनाने की आवश्यकता है।

### 5 दिनों तक चलेगा सोहराय

छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मांदर के थाप पर नृत्य किया राजमहल लोकसभा सांसद विजय हांसदा सहीत सभी अतिथियों ने भी छात्र-छात्राओं के साथ मांदर के थाप पर जमकर नृत्य किया मौके पर जिला सचिव झामुमो सुरेश टुडू, मुखिया देव सोरेन, अध्यक्ष बाबुल मरांडी, रासका टुडू, पतना प्रखंड सचिव शाहबाज, नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो, सहित अन्य मौके पर मौजूद थे।

## कार्यशाला में नशे को ना करने की दिलाई शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरहरवा :** साहिबगंज केमिस्ट एंड ड्रगीस्ट एसोसीएसन के द्वारा गुमानी और कोटालपोखर में संगठन के अध्यक्ष अनूप सिंह की अध्यक्षता में थोक एवं खुदरा दवा व्यवसाययों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में साहिबगंज जिला औषधि निरीक्षक चंदन कश्यप उपस्थित थे इस दौरान औषधि निरीक्षक चंदन कश्यप ने उपस्थित सभी दवा व्यवसाययों से नशा का जो हुआ शिकार उसका उजरा घर परिवार ।नशे को न करने की शपथ दिलवाई साथ ही उन्होंने कहा कि सभी दवा दुकानदार शेड्यूल एच की दवा का क्रय विक्रय नियम के तहत करें और दवा के क्रय विक्रय का विवरण पंजी में अंकित करें और उन्होंने कहा कि कुछ दवा का उपयोग लोग नशे के रूप में कर रहे हैं इसका ध्यान सभी लोग रखें वैसी दवा जो लोग नशे के रूप में उपयोग कर रहे हैं वैसी दवा को चिकित्सकों के पर्ची पर ही विक्रय करें साथ ही वैसी दवा का विवरण रखें समय-समय पर इसकी जांच की जाएगी वही संगठन के अध्यक्ष अनूप सिंह ने कहा कि सभी दवा दुकानदार नियम पूर्वक दवा का क्रय विक्रय करें ताकि किसी प्रकार की कठिनाई न हो वही संगठन के सचिव कृष्णा भगत ने कहा कि सभी दवा दुकानदार भय मुक्त होकर स्वच्छ वातावरण में दवा का व्यवसाय करें दवा का व्यवसाय हम सभी लोगों के लिए आय का स्रोत भी है लेकिन यह लोगों के सेवा का माध्यम भी है मौके पर चंदन निओगी अरविंद गुप्ता सोनू भगत सागर शाह गणेश शाह रिजाउल अंसारी संजीव गुप्ता सहित दर्जनों दुकानदार उपस्थित थे।

**नियम पूर्वक दवा का करें क्रय विक्रय अनूप सिंह**

## डीसी ने प्रोजेक्ट परख के तहत सरकारी स्कूल के शिक्षकों के बीच मॉडल प्रश्न पत्र-सह-उतर पुस्तिका का किया वितरण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा प्रोजेक्ट परख के तहत सरकारी स्कूल के शिक्षकों के बीच मैट्रिक एंव इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु विज्ञान,गणित,रसायन विज्ञान,भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान एवं कॉमर्स, कला संकाय विषयों का मॉडल प्रश्न पत्र सह उतर पुस्तिका का वितरण किया गया. उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि सरकारी स्कूल के शिक्षकों के बीच मैट्रिक एंव इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु पांच-पांच मॉडल प्रश्न पत्र-सह-उतर पुस्तिका सभी विद्यालयों के बीच वितरण किया गया है। उपायुक्त ने शिक्षकों से कहा कि सभी मॉडल प्रश्न पत्र को अच्छे तरीके से बच्चों को समझाकर पूरा बुकलेट कम्पलीट करायें, जो बच्चे अच्छा कर रहे हैं वैसे बच्चों को अतिरिक्त क्लास जरूर दें। उपायुक्त ने कहा कि प्री बोर्ड परीक्षा उसी तरह से लिया जाएगा, जिस तरह से स्टेट बोर्ड के द्वारा परीक्षा लिया जाता है। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि वर्ग आठवां, नौवां, मैट्रिक, ग्यारहवीं एवं इंटरमीडिएट में टॉप करने वाले बच्चों के बीच हरा ब्लेजर का वितरण 26 जनवरी को किया जाएगा। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, एडीपीओ पीयूष कुमार, सभी विद्यालय के प्रधान अध्यापक समेत अन्य उपस्थित थे।

# ईशाकपुर फाटक पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण के लिए जांच पूरी, रेलवे को भेजा



अबुल काशिम@प्रभात मंत्र

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड अंतर्गत ईशाकपुर रेलवे फाटक पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण का रास्ता साफ होता जा रहा है। पाकुड़ प्रशासन ने स्थल जांच कर रेलवे को रिपोर्ट भेज दिया है। जिला राजस्व शाखा से पूर्व रेलवे हावड़ा मंडल के मंडल अभियंता को रिपोर्ट भेजा गया है। पूर्व रेलवे हावड़ा मंडल की ओर से पिछले साल 2024 में 26 दिसंबर को पाकुड़ उपायुक्त को पत्राचार कर रोड ओवर ब्रिज निर्माण के लिए जांच कर रिपोर्ट मांगा गया था। उपायुक्त के आदेश पर अपर समाहर्ता ने अंचल अधिकारी (सीओ) को जांच कर प्रतिवेदन देने को कहा। इसके बाद अंचल अधिकारी भागीरथ महतो प्रभारी अंचल निरीक्षक शिवाशीष कुमार के साथ ईशाकपुर पहुंच कर रेलवे फाटक का मुआयना किया। अंचल अधिकारी ने रेलवे फाटक की स्थिति एवं इस मार्ग से होने वाले गतिविधियों को नोट किया। इस रास्ते आने जाने वालों की तादाद सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी ली। इस दौरान स्थानीय लोगों से भी बातचीत किया। अंचल अधिकारी ने सारी जानकारी हासिल करने के बाद अपर समाहर्ता को 8 जनवरी 2025 को रिपोर्ट सौंप दिया। अपर समाहर्ता को सौंपे गए रिपोर्ट में अंचल अधिकारी ने रेलवे फाटक पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण की अनुमति की अनुशंसा कर दी। अंचल अधिकारी से रिपोर्ट हासिल होने के बाद अपर समाहर्ता ने पूर्व रेलवे हावड़ा मंडल के मंडल अभियंता को 10 जनवरी यानी गत शुक्रवार को ही रोड ओवर ब्रिज निर्माण के लिए रिपोर्ट बनाकर भेज दिया है।

### अंचल अधिकारी का रिपोर्ट

अंचल अधिकारी भागीरथ महतो ने अपर समाहर्ता को 8 जनवरी 2025 को रिपोर्ट सौंपा है। अंचल अधिकारी ने अपने रिपोर्ट में कहा है कि रेलवे फाटक पाकुड़ जिला अंतर्गत पाकुड़ प्रखंड के ईशाकपुर पंचायत के पाकुड़ ईशाकपुर सड़क मार्ग पर अवस्थित हैं। उक्त रेलवे फाटक एलसी गेट संख्या 39 पाकुड़ और तिलभिठा स्टेशन के बीच अवस्थित है। जिस पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण के लिए स्थल जांच किया गया। अपने रिपोर्ट में कहा है कि जांच के क्रम में पाकुड़ ईशाकपुर सड़क मार्ग, जो रेलवे फाटक से गुजरती है, पर काफी अधिक संख्या में आम जनों एवं वाहनों की आवाजाही होती है। उल्लेखनीय है कि विषयगत रेलवे फाटक पाकुड़-बरहरवा रेल लाइन का भाग है। जिस पर प्रतिदिन अत्यधिक संख्या में एक्सप्रेस व लोकल ट्रेन एवं मालवाहक ट्रेनों का आगमन होता है। परिणाम स्वरूप रोड ओवर ब्रिज नहीं होने के कारण रेल परिवहन के समय रेलवे फाटक बंद होने की स्थिति में सड़क मार्ग पर दोनों ओर अत्यधिक संख्या में वाहनों का परिचालन एवं आम जनों का आवागमन रुक जाने से जाम की समस्या बनी रहती है। आम जनों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उक्त परिस्थिति में विषयगत रेलवे फाटक पर रोड ओवरब्रिज बढ़ने से स्थानीय लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। अंचल अधिकारी ने जांच रिपोर्ट में यह भी कहा है कि स्थल जांच के क्रम में रेलवे फाटक से होकर गुजरने वाली सड़क रोड ओवरब्रिज का निर्माण के लिए उपयुक्त हैं। जिसमें दो लेन का रोड ओवर ब्रिज का निर्माण हो सकता है। यह भी कहा है कि रेलवे फाटक से गुजरने वाली सड़क पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के उपरांत रेलवे फाटक को बंद करने के संबंध में भी विचार किया जा सकता है। उपरोक्त बिंदुओं के आधार पर रेलवे फाटक से होकर गुजरने वाली पाकुड़-ईशाकपुर सड़क मार्ग के ऊपर रोड ओवर ब्रिज निर्माण करने की अनुमति देने की अनुशंसा की जाती है।





### अपर समाहर्ता का जांच प्रतिवेदन

अपर समाहर्ता ने पूर्व रेलवे हावड़ा मंडल के मंडल अभियंता को भेजे गए रिपोर्ट में अंचल अधिकारी के रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि तीन बिंदुओं पर संयुक्त जांच प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। पहला विषयगत रेलवे फाटक एलसी गेट नंबर 39 पाकुड़-बरहरवा रेल लाइन का भाग है। जिस पर प्रतिदिन अत्यधिक संख्या में एक्सप्रेस व लोकल ट्रेन एवं मालवाहक ट्रेनों का आवागमन होता है। परिणाम स्वरुप रोड ओवर ब्रिज नहीं होने के कारण रेल परिचालन के समय रेलवे फाटक बंद होने की स्थिति में सड़क मार्ग पर दोनों ओर अत्यधिक संख्या में वाहनों का परिचालन एवं आम जनों का आवागमन रुक जाता है। जिससे जाम की समस्या बनी रहती है। अपर समाहर्ता ने कहा है कि आम जनों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उक्त परिस्थिति में विषयगत रेलवे फाटक पर रोड ओवर ब्रिज बनने से स्थानीय लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। रेलवे फाटक से होकर गुजरने वाली सड़क रोड ओवरब्रिज का निर्माण के लिए उपयुक्त है। जिसमें दो लेन का रोड ओवरब्रिज का निर्माण हो सकता है। यह भी कहा है कि संबंधित अंचल अधिकारी के द्वारा समर्पित संयुक्त जांच प्रतिवेदन में विषयगत रेलवे फाटक से गुजरने वाली सड़क पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के उपरांत रेलवे फाटक को बंद करने की अनुशंसा भी की गई है।

### समाजसेवी सह भाजपा नेता हिसाबी राय का प्रयास ला रहा रंग

ईशाकपुर रेलवे फाटक पर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए जनहित में समाजसेवी एवं भाजपा नेता हिसाबी राय ने पहल शुरू किया था। उन्होंने रेलवे के उच्च अधिकारियों से मिलकर फाटक में रोड ओवर ब्रिज निर्माण के लिए 26 दिसंबर 2024 को ज्ञापन सौंपा था। इसी दिन रेलवे की ओर से पाकुड़ जिला प्रशासन को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया। यह कह सकते हैं कि हिसाबी राय का प्रयास रंग लाने लगा है। ईशाकपुर रेलवे फाटक पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण से ईशाकपुर सहित रहसपुर, ईलामी, नवादा, जयकिस्टोपुर, लखीनारायणपुर, मनिरामपुर, संग्रामपुर, कुमारपुर, विक्रमपुर, बरमसिया, गंधाईपुर, हरिहरा, तारानगर आदि दर्जनों गांव के लाखों लोगों को ना सिर्फ जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी, बल्कि यातायात में काफी सहूलियत होगी।

### प्रभात मंत्र ने इस मुद्दे को लगातार उठाया

**प्रभात मंत्र** ने ईशाकपुर रेलवे फाटक पर जाम की समस्या और लोगों को हो रही परेशानियों को लगातार उठाया।

फाटक पर जाम में फंस जाने की वजह से लोगों को होने वाले नुकसान को रखा। अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद समाजसेवी सह भाजपा नेता हिसाबी राय ने इसे गंभीरता से लिया और रेलवे के उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया।

## बरहड़वा के प्रभारी सीआई सह राजस्व कर्मचारी को दुष्कर्म के मामले में किया गिरफ्तार

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरहड़वा अंचल में पदस्थापित प्रभारी सीआई सह राजस्व कर्मचारी उमेश मंडल को जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने शुक्रवार को बरहड़वा थाना पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। उसे देर शाम यहां पुलिस लेकर पहुंची है। जिरवाबाड़ी थाना पुलिस के अनुसार उमेश मंडल पर बीते वर्ष 2018 में उनके घर काम करने वाली एक महिला ने यौन उत्पीड़न के आरोप में केस दर्ज कराया था। इस मामले में उनके खिलाफ गिरफ्तारी के लिए वारंट निर्गत हुआ था। मामले को लेकर जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या 252/18 दर्ज है। इधर, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप में हुई छह लाख के स्क्रैप व तार की चोरी

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विद्युत कार्यालय में स्थित ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप में अज्ञात चोरों के द्वारा बीते गुरुवार की रात स्क्रैप, तार व अन्य सामान की चोरी कर ली है। मामले को लेकर टीआरडब्ल्यू के कनीय प्रबंधक (भंडार) विवेक कुमार सिन्हा ने जिरवाबाड़ी थाना में आवेदन देकर शिकायत किया है। पुलिस को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि तीन-चार अज्ञात व्यक्ति ने टीआरडब्ल्यू के सामग्री को बोरा में भरकर दीवार के पीछे से भाग रहा था। जब वे लोग वहां पहुंचे तो पाया कि डीपीसी वाइंडिंग वायर को चार अलग-अलग बोर में भरकर फेंका गया था। वही जांच करने पर पाया गया कि टीआरडब्ल्यू भंडार के स्क्रेप में से लगभग दो टन से ज्यादा सामग्री गायब है। नया वेंडिंग वायर लगभग 20 रीला, नया वाइंडिंग स्ट्रिप 10 ड्राम की चोरी हुई है। इससे निगम को लगभग छह लाख रुपए से अधिक की क्षति हुई है। इधर, जिरवाबाड़ी थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## शोभनपुर में एक झोपड़ी में आग लगने से दो मवेशी की मौत, एक वृद्ध व्यक्ति झुलसा

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गंगा प्रसाद पूरब पंचायत के शोभनपुर गंगोता टोला गांव में शुक्रवार की अहले सुबह तीन बजे एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई। झोपड़ी में सो रहे एक वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। जबकि इसमे दो मवेशी जलकर मर गई। इसमे एक बछड़ा गंभीर रूप से झुलस गया है। झुलसे वृद्ध का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वही पीड़ित वृद्ध अंबडीहा शोभनपुर मठिया के रहने वाले ब्रह्मदेव यादव(72) है। घायल वृद्ध ने बताया कि किसी अज्ञात पर आरोप लगाते हुए कहा कि रात में ठीक ठाक सोया था। किसी ने दुश्मनी के चलते झोपड़ी में आग लगा दी है। इसमे एक मवेशी के साथ ट्रेक्टर व दो बाइक को भी जलने से नुकसान पहुंचा है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना पुलिस घटना स्थल पहुच मामले की जांच में जुटी है।

## टोटो पलटने से वृद्ध घायल

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के लोहंडा के निकट शुक्रवार को टोटो पलटने से मिर्जाचौकी, फौजदारी निवासी नागेश्वर मुसहर (72) घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उन्होंने बताया कि लोहंडा स्थित दीप आई केयर अस्पताल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया था। शुक्रवार को जांच कराने अस्पताल जा रहे थे। तभी टोटो पलटने से घायल हो गए।

## डीएस डॉ. मोहन ने इस्तीफे के लिए डीसी को दिया आवेदन

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर अस्पताल के प्रशासनिक उपाधीक्षक डॉ मुकेश के गुरुवार को डीडीसी को इस्तीफे के लिए आवेदन देने के बाद शुक्रवार को डीएस डॉ मोहन मुर्मू ने भी डीसी को आवेदन देकर इस्तीफे की पेशकश कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार डॉ मोहन मुर्मू ने डीसी को दिए आवेदन में पारिवारिक कारणों का हवाला दिया है। डॉ मोहन फिलहाल सीएस डॉ प्रवीण संथालिया के छुट्टी पर रहने के चलते सीएस के प्रभार में भी हैं। उन्होंने डीसी को आवेदन समर्पित करने से पूर्व सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया से फोन से उन्हें इसकी जानकारी दी। हालांकि अभी उनका इस्तीफा कबूल नहीं हुआ है। बताया जाता है कि सीएस सोमवार को साहिबगंज पहुंचेंगे। इसके बाद ही इस पर कोई निर्णय लिया जा सकता है।

## स्नेहा स्पर्श में वृद्धो को सम्मानित कर मनाया गया मां की पुण्यतिथि

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के धोबी झरना स्थित स्नेह स्पर्श वृद्ध आश्रम में शुक्रवार को अंग्रेजी माध्यम स्कूल ट्रिनिटी एंजेल परिवार की ओर से वृद्धो को सम्मानित कर माता की पुण्यतिथि मनाई। विद्यालय की प्राचार्य ताप्ती विश्वास में कहा कि वृद्धो की सेवा परमो धर्म है। हालांकि वृद्ध आश्रम की स्थापना आधुनिक समाज के लिए एक कलंक है जिसे हम सबों को मिलजुल कर तथा लोगों में जागरूकता बढ़ाकर समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि उनकी माता अंजलि दास की पुण्यतिथि पर आज हम सभी यहां के वृद्धि जनों को एक-एक चादर एवं भोज्य पदार्थ देकर उन्हें सम्मानित कर रहे हैं। मौके पर गायत्री परिवार की सरिता पोद्दार करुणामई भारती, विद्यालय परिवार की ओर से संजीव कुमार, स्नेह आशीष राय, चंदन राय, मौसमी मित्रा, मीना किस्कू, संजना राय, ज्योता राम सोनू कुमार आदि मौजूद थे।

## पौष एकादशी पर निकाली निशान शोभा यात्रा

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मारवाड़ी समाज की ओर से पौष एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को खाटु श्याम की निशान यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण कराया गया। निशान यात्रा स्थानीय चौक बाजार स्थित डाकीनाथ मंदिर के पास से निकाला गया। नगर भ्रमण के बाद निशान यात्रा शहर के पुरूषोत्तम गली स्थित श्री श्याम मंदिर तक जाकर संपन्न हुआ। निशान यात्रा के बाद श्री श्याम मंदिर में पुरोहित ने विशेष पूजन व आरती कराया और फिर प्रसाद वितरण किया गया। निशान यात्रा में शंकर खंडेलवाल, नंदकिशोर सेकसरिया, सोनी चौधरी, प्रीति खुडानियां, प्रीती खुडानियां, बबीता सुरेखा, कंचन देवी सहित कई थे।

### जिला गंगा समिति की बैठक में ओझा टोली घाट पर साईनेज लाईट लगाने समेत अन्य प्रस्ताव पर लिया निर्णय

# जिलेबिया घाटी पर प्रवेश द्वार पर्यटकों को बतायेगी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला गंगा समिति की बैठक डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को हुई। बैठक में डीसी ने जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी समिति के सदस्यों से ली। डीसी ने नमामि गंगे घाट की सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सुविधा बढ़ावा देने को लेकर निदेश दिये। बैठक में नमामि गंगा के तहत जिलेबिया घाटी के समीप प्रवेश द्वार बनाने का निर्णय लिया गया। उक्त गेट का निर्माण पर्यटन को बढ़ावा देने और घाटी की पहचान को स्थायी रूप से स्थापित करने के उद्देश्य से किया जायेगा। यह प्रवेश द्वार न केवल पर्यटकों का स्वागत करेगा, बल्कि ज़लिबिया घाटी की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता को भी उजागर करेगा। बैठक में स्थानीय ओझा टोली, बिजली घाट, मुक्तेश्वर घाट पर एलइडी बोर्ड लगाने पर सहमति बनी। जिससे रात के समय घाटों के नाम प्रदर्शित किया जा सके। वहीं सभी घाटों पर हाई मास्क लाईट लगाने के लिए स्थान चिन्हित करने का निर्देश नगर परिषद को दिया गया। इसके अलावा शंकुतला सहाय घाट, बिजली घाट एवं नमामि गंगे घाट पर सौन्दर्यीकरण के लिए डीपीआर तैयार करने को कहा गया। मुनिलाल श्मसान घाट पर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह निर्माण के लिए नगर परिषद के पदाधिकारी को नगर विकास विभाग को पत्राचार करने को कहा। विभिन्न पर्यटन स्थलों पर नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों, साफ-सफाई बनाए रखने, सुरक्षा दृष्टिकोण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर साइनेज बोर्ड स्थापित करने, फ्लैक्स, बैनर लगाने तथा पर्यटन स्थलों पर डस्टबिन आदि लगाने का निर्णय लिया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवल गर्ग, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे अमित मिश्रा एवं जिला गंगा समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## आमजनों की समस्या निपटाने में कोताही नहीं बरतें पदाधिकारी : डीसी



**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित डीसी कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को डीसी हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से डीसी महोदय को अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित होते हैं। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात डीसी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि डीसी कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया।

## सदर अस्पताल में बन रहे क्रिटिकल भवन में बिजली विभाग ने मारा छापा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल क्षेत्र में बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर विद्युत अधीक्षण अभियंता नत्थन रजक के निर्देश पर शुक्रवार को शहर के विभिन्न इलाकों में सघन छापेमारी अभियान चला गया। इसी क्रम में सदर अस्पताल स्थित बन रहे क्रिटिकल भवन में छापेमारी की गई। इस दौरान भवन कार्य मे मीटर से डायरेक्ट बिजली का उपयोग कर चोरी करते पकड़ा गया।

इस दौरान बिजली विभाग के टीम ने मीटर जब्त कर लिया है। बिजली विद्युत कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने प्रेस को बताया कि बोर्ड से घोषित विद्युत ऊर्जा चोरी की रोकथाम हेतु छापामारी कई प्रतिष्ठानों में छापामारी किया गया। इस दौरान विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पाया गया। सदर अस्पताल परिसर में चल रहे नया भवन, एएनएम, जीएनएम, कर्मचारियों के आवास में भी बिजली चोरी करते हुए पाया गया। पूरे सदर अस्पताल परिसर में अधिकतर क्वार्टर में बिजली चोरी कर उपयोग करते पाया गया।

जिसके पश्चात उन सभी पर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रकिया चल रही थी। इधर अस्पताल परिसर के सभी क्वार्टर की बिजली काट दी गई है। लगभग पूरा क्वार्टर में अंधेरा छाया हुआ है। टीम में एमआरटी कार्यपालक अभियंता नीतीश कुमार, सहायक अभियंता सत्यदेव कुमार, कनीय अभियंता नीलगगन, ग्रामीण कनीय अभियंता दीपक कुमार सिंह, विद्युत विभाग के मिस्त्री थे।

## पंचायत सचिव संघ ने पंचायती राज पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को शुक्रवार को एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल में संघ के जिला अध्यक्ष जनकदेव यादव, कोषाध्यक्ष छत्रेश्वर यादव, मीनाक्षी, रागिनी इक्का के अलावी सेवानिवृत्त पंचायत सचिव शिवशंकर सिंह आदि थे।



ज्ञापन में पंचायत सचिवों की कई समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई। संघ का कहना है की पंचायत सचिवों की सेवा संपुष्टि, एसीपी व एमएसीपी का लाभ सालों से लंबित है उसे दिया जाय, वरीय व योग्य पंस को प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी का प्रभार मिले, वीएलडब्ल्यू के बदले पंचायत सचिवों से काम लिया जाय, त्रृटिपूर्ण स्थानांतरण पर रोक लगे, कई साल से एक ही प्रखंड में जमे प्रखंड समन्वयक शुभम कुमार, अभिजीत कुमार को स्थानांतरण करने, सेवानिवृत पंचायत सचिव सुकुमार साहा से पंचायती राज का काम लेना बंद करने, स्थानांतरण नीति को सही तरीके से लागू करने की मांग की गई।

## साहिबगंज कॉलेज छात्रावास में सोहराय के तीसरे दिन मनाया गया खूंटाव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज कॉलेज स्थित आदिवासी कल्याण छात्रावास परिसर में सोहराय के तीसरे दिन गुरुवार को खुटांव मनाया गया। छात्रों ने पशुओं को सिंदूर तेल व रंगों से आकर्षण रूप से सजाते हुए पूजा अर्चना की। इस दौरान छात्र-छात्राएं आदिवासी वेशभूषा व ढोल नगाड़ा के साथ पारंपारिक नृत्य कर खुशी मनाया। छात्रो के अनुसार इस त्योहार का बहुत बड़ा महत्व है। इस दिन पशुओं से सालों भर काम करवाते हैं। सोहराय के खुंटाव के दिन उस पशु के साथ नाचते झूमते हैं। मान्यता है कि इससे पशुपालक की वार्षिक खेती बेहतर होती है। वहीं छात्र विनोद मुर्मू ने बताया कि सोहराय पर्व पर तीसरे दिन खुटांव मनाया गया। मौके पर अजय टुडू, मनोहर टुडू, पौलुष मुर्मू , मैथिएस हांसदा आदि थे।

## सोहराय के चौथे दिन बालिका छात्रावास में मनाया गया जाले



**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साहिबगंज कॉलेज के आदिवासी बालिका छात्रावास में शुक्रवार को सोहराय के चौथा दिन जाले हर्षोल्लास से मनाया गया है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने ढोल-नगाड़ा के साथ खुशी मनाई गई। मान्यता है कि चाय चाम्पागढ़ के राजा जब कामधेनु सरीखी सुगी नाम की गाय के साथ यूरनी पहाड़ से गांव लौटे तब उन्होंने हरेक घर का भ्रमण किया था। जाले में इसी परंपरा का पालन करते हुए इस दिन नायकी, प्रधान और लोग एक-दूसरे के घर जाले करने यानी मिलने-जुलने जाते हैं। मौके पर सोहराय के अध्यक्ष अजय टुडू सचिव मनोहर टुडू, पौलुष मुर्मू आदि थे।

## श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा कार्यशाला का हुआ आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में शुक्रवार को प्रमुख सुशीला हांसदा की अध्यक्षता में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा प्रवासी मजदूर अधिनियम अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रम अधीक्षक साहिबगंज धीरेन्द्र नाथ महतो, प्रमुख सुशीला हांसदा, बीडीओ सन्नी कुमार दास ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिस कार्यशाला में श्रम अधीक्षक धीरेन्द्र नाथ महतो ने वीएलई को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी मजदूर पहुंचे उन्हें सरलता से रजिस्ट्रेशन कर देना है। उसे ज्यादा परेशान ना होना हो। प्रवासी मजदूरों का श्रम पोर्टल पर पंजीकृत करने में मदद करे। साथ ही कहा कि किसी ठेकेदार आदि के माध्यम से दूसरे राज्य में काम करने जाने वाले प्रवासी मजदूरों को उसी दिन से मजदूरी देय है, जिस दिन काम पर ले जाने हेतु समझौता करार हुआ हो। प्रवासी मजदूरों को विस्थापन भत्ता के रूप में आधा महीने के मजदूरी के बराबर राशि संबंधित संवेदक द्वारा भुगतान किया जाना है, जो मजदूरी के अतिरिक्त होगा। आने जाने का किराया तथा यात्रा में व्यतीत समय का भी मजदूरी संबंधित संवेदक/एजेंट या मुख्य नियोजन को करना है। मजदूरी भुगतान एवं अन्य भत्ता का भुगतान करने का प्रथम दायित्व ठेकेदार का है, उसके उपरांत मुख्य नियोजन का है। दूसरे राज्य में काम करने हेतु ले जाने वाले ठेकेदार को श्रम विभाग से लाइसेंस प्राप्त करना है। ठेकेदार के माध्यम से जाने वाले मजदूरों को निशुल्क हरे रंग में परिचय पत्र पंचायत सचिव/श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जाना है। प्रवासी श्रमिक का दुर्घटना में मृत्यु होने पर उसके बाद आश्रित को तत्काल सहायता के रूप में पार्थिव शरीर लाने के लिए 50000 राशि उपलब्ध कराई जाएगी। श्रमदान पोर्टल पर निबंध ऑनलाइन किया जा सकता है। प्रवासी श्रमिक अपने स्मार्टफोन पर अथवा नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर निबंध कर सकते हैं। निबंध हेतु आधार संख्या खाता संख्या एवं मोबाइल नंबर की आवश्यकता पड़ेगी। मौके पर मुखिया,पंचायत समिति सदस्य, वीएलई सहित अन्य उपस्थित थे।

## समावेशी शिक्षा उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न




**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समावेशी शिक्षा पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हो गया। विकास भवन के निकट स्थित सिदो कान्हू सभागार में चल रहे कार्यशाला के अंतिम दिन सभी प्राथमिक विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक, अभिभावकों के अलावा उधवा, पतना, बरहरवा, राजमहल, तालझारी के आंगनबाड़ी सेविकाओं को समावेशी शिक्षा के विभिन्न आयामों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में तीसरे दिन जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने भी प्रतिभागियों को समावेशी शिक्षा पर जानकारी दी। पदाधिकारियों ने दिव्यांग बच्चों को सरकार के निर्धारित मापदंड के अनुसार सर्वेक्षण कर मुख्यधारा से जोड़ने को कहा। जनसंख्या नामांकन के कम से कम दो प्रतिशत बच्चों का सर्वेक्षण करने को कहा गया। इसके अलावा दिव्यांग बच्चों के लिए सरकार से मिलने वाली विभिन्न सुविधा व योजना से भी जोड़ने को कहा गया। कार्यशाला में एडीपीओ विजय कुमार, एपीओ कुमारी डॉली, जिला जेंडर समन्वयक शबनम तब्बसुम, बीईईओ तरुण कुमार घाटी, रिसोर्स शिक्षक मृत्युंजय प्रसाद, सुमन कुमार, रमेश चौधरी आदि थे।

### विधायक एमटी राजा ने 49.84 लाख की दो योजनाओं का किया शिलान्यास

## आदिवासी गांव में सड़क एवं पेयजल की होगी समुचित व्यवस्था : विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उधवा :** राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने शुक्रवार को उधवा प्रखंड के मोहनपुर पंचायत अंतर्गत शामपुर गांव में आईटीडीए योजना के तहत जाहेर स्थान घेराबंदी व धुमकुड़िया स्थान निर्माण कार्य योजना का शिलान्यास किया। जिसकी लागत 49. 84 लाख रुपए है। विधायक कार्यकाल का प्रथम शिलान्यास आदिवासी गांव में किया गया है। विधायक ने कहा कि राजमहल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कई आदिवासी गांव आज भी सड़क एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ऐसे गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता रहेगी। आदिवासी गांव में पेयजल, बिजली व सड़क की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। इसको लेकर संबंधित विभागों को गांव का सर्वे कर प्राक्कलन तैयार करते हुए योजना लागू करने का निर्देश जारी किया जाएगा। इसके पूर्व गांव के लोगों ने आदिवासी पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ विधायक का स्वागत किया। मौके पर बीडीओ जयंत कुमार तिवारी, मोहनपुर पंचायत के मुखिया भैय्या किस्कू, प्रखंड अध्यक्ष मो. तमरूद्दीन शेख, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष बसंती हांसदा, कीनू सोरेन,मो. इब्राहिम, नेहरुल इस्लाम सहित अन्य मौजूद थे।




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा डीबी, कॉर्प लिमिटेड, नियर के.जी आश्रम भूईफोड मंदिर, गोसियाडीह गोविंदपुर रोड धनबाद से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र C/O - मो0 जसीम, पिता- मो0 हबीब, ओल्ड दुमका नगर, सब डिवीजन दुमका झारखंड से प्रकाशित। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786

विचार प्रवाह

संपादकीय

# यह उथल-पुथल का साल!

**प्रधानमंत्री** मोदी ने नए साल पर अमन-चैन, भाईचारे और आस्था की शुरुआत की है। उन्होंने अजमेर शरीफ के ख्वाजा के दर पर आस्था की चादर भिजवाई है। यह प्रधानमंत्री की 11वीं चादर है, जिसे लेकर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और कुछ सचिव स्तर के बड़े अधिकारी लेकर अजमेर गए हैं। अजमेर से पहले रिजिजू ने दिल्ली में निज़ामुद्दीन औलिया की पाक दरगाह पर चादर चढ़ाई। प्रधानमंत्री मोदी ने यह कोशिश तब की है, जब कुछ हिंदूवादी संगठनों ने अजमेर की पाक दरगाह के नीचे शिव मंदिर होने का दावा किया है। उस शिवालय को ध्वस्त करके मुगलों ने अजमेर की मस्जिद और दरगाह बनाई थी। हालांकि अजमेर शरीफ में मुसलमानों से ज्यादा हिंदू इबादत करने, चादर चढ़ाने जाते रहे हैं। इस रवायत को नजरअंदाज कर केस अदालत में भी दर्ज कर दिया गया है। प्रधानमंत्री की आस्था की चादर से हिंदू-मुस्लिम पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। कुछ हिंदूवादी चेहरे प्रधानमंत्री से नाराज भी बताए जा रहे हैं और वे अजमेर-संभल समेत कुछ इलाकों की मस्जिदों के नीचे मंदिर ढूंढने पर आमादा हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत के आदेश का उल्लंघन करते हुए खुदाई के काम जारी हैं। क्या सर्वोच्च अदालत संज्ञान लेकर अवमानना की कार्रवाई करेगी? क्या भाजपा वाले सरसंघचालक मोहन भागवत की अपील का भी विरोध कर सकते हैं? क्या उनमें ऐसा दुस्साहस है? सरसंघचालक चाहते हैं कि अब अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद हरेक मस्जिद के नीचे शिवालय, महादेव का मंदिर ढूंढना बंद किया जाए। इन गतिविधियों से कोई भी व्यक्ति 'हिंदुओं का नेता' बनने का भ्रम न पाले। बहरहाल यदि शीर्ष अदालत के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है, तो संभव है कि नए साल में, देश में, संविधान का संकट भी उभर सकता है! कुछ तत्त्व न तो प्रधानमंत्री की सुन रहे हैं, न संसद की बात मानना चाहते हैं और न ही सर्वोच्च अदालत का फैसला उन्हें स्वीकार्य है, नतीजतन क्या होगा? यदि देश में संविधान का संकट सामने आता है, तो हमारे लोकतंत्र की तमाम व्यवस्थाएं सवालिया हो सकती हैं! यानी गणतंत्र ही दांव पर लगाया जा सकता है! इसी साल वक्फ बोर्ड और 'एक देश, एक चुनाव' सरीखे विवादित बिल भी संसद में पारित किए जाने हैं। इन बिलों पर देश की राजनीति बिलकुल विभाजित है और सांप्रदायिक तनाव और हिंसा के हालात भी स्पष्ट हैं। सवाल है कि क्या 2025 सांप्रदायिक, वैचारिक आधार पर उथल-पुथल का साल साबित होगा? इसी साल दिल्ली, बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं, लिहाजा दिल्ली के उपराज्यपाल के दफ्तर ने धार्मिक स्थलों को तोडऩे के संदर्भ में जो रहस्योद्घाटन किया है, उससे भी राजनीति बेहद गरमाएगी। उपराज्यपाल सचिवालय ने खुलासा किया है कि 8 फरवरी, 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने 9 मंदिरों को गिराने की सिफारिश की थी। ऐसी ही सिफारिशें दिल्ली के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और गृहमंत्री सत्येन्द्र जैन ने भी की थीं। 2016-23 के दौरान तत्कालीन 'आप' सरकार ने 24 मंदिरों और धार्मिक स्थलों को तोडऩे की सिफारिशें की थीं। इन धार्मिक स्थलों में एक भी मस्जिद का संदर्भ नहीं है। हालांकि उपराज्यपाल ने वे तमाम सिफारिशें खारिज कर दी थीं। ये सांप्रदायिक विभाजन, तनाव और टकराव के उद्धरण हैं, जो देश के हालात में उथल-पुथल बो सकते हैं। इन्हीं स्थितियों में प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को करीब 4500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन किए। दिल्ली में वीर सावरकर के नाम पर कालेज बनाया गया है। केजरीवाल ने सरसंघचालक भागवत को हाल ही में जो चिठी लिखी थी, उसमें भी वोट काटने और खरीदने के मुद्दों का जिक्र था। इसके अलावा, पंजाब और बिहार में बंद, अनशन, चक्का जाम, रेल रोको आदि के जो आंदोलन चलाए जा रहे हैं, वे भी देश की शांति, स्थिरता को डांवाडोल कर सकते हैं।

> प्रधानमंत्री मोदी ने यह कोशिश तब की है, जब कुछ हिंदूवादी संगठनों ने अजमेर की पाक दरगाह के नीचे शिव मंदिर होने का दावा किया है। उस शिवालय को ध्वस्त करके मुगलों ने अजमेर की मस्जिद और दरगाह बनाई थी। हालांकि अजमेर शरीफ में मुसलमानों से ज्यादा हिंदू इबादत करने, चादर चढ़ाने जाते रहे हैं। इस रवायत को नजरअंदाज कर केस अदालत में भी दर्ज कर दिया गया है। प्रधानमंत्री की आस्था की चादर से हिंदू-मुस्लिम पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। कुछ हिंदूवादी चेहरे प्रधानमंत्री से नाराज भी बताए जा रहे हैं और वे अजमेर-संभल समेत कुछ इलाकों की मस्जिदों के नीचे मंदिर ढूंढने पर आमादा हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत के आदेश का उल्लंघन करते हुए खुदाई के काम जारी हैं। क्या सर्वोच्च अदालत संज्ञान लेकर अवमानना की कार्रवाई करेगी? क्या भाजपा वाले सरसंघचालक मोहन भागवत की अपील का भी विरोध कर सकते हैं? क्या उनमें ऐसा दुस्साहस है? सरसंघचालक चाहते हैं कि अब अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद हरेक मस्जिद के नीचे शिवालय, महादेव का मंदिर ढूंढना बंद किया जाए।

### लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया

# अपनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुले आम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की है। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी अपनी सहमति जताई है। इससे इंडिया गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है।

**कांग्रेस** पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुले आम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की हैं। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी अपनी सहमति जताई है। इससे इंडिया गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया है। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल ही उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने तो कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आम आदमी पार्टी कांग्रेस से खासी नाराज नजर आ रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह से चुनाव लड़ रही है उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी जीत तय मानकर आम आदमी पार्टी से गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। जिसके चलते आम आदमी पार्टी ने कई सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़कर 1.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। जबकि हरियाणा में कांग्रेस को 39.34 प्रतिशत वोट व भाजपा को 39.94 प्रतिशत वोट मिले थे। यदि हरियाणा में कांग्रेस आम आदमी पार्टी से समझौता करके चुनाव लड़ती तो निश्चय ही सरकार बन सकती थी। मगर कांग्रेस



ने अवसर गवां दिया और वहां भाजपा ने आसानी से तीसरी बार पहले से भी अधिक बहुमत से सरकार बना ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में तो समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी थी। जबकि लोकसभा चुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मिलकर ही लड़ा था। महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महा विकास अघाड़ी की करारी हार होने के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस ने हरियाणा में आप और समाजवादी पार्टी को सीट ना देकर गलती की थी। पार्टी के मुखपत्र सामना में भी लिखा गया कि कांग्रेस नेताओं के अति आत्मविश्वास और घमंड ने हरियाणा में हार के लिए भूमिका निभाई। पार्टी नेता संजय राउत ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को लगने लगा था कि वह अकेले ही जीत सकती है। इसलिए किसी को भी सत्ता में भागीदार बनाना उचित नहीं समझा था। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस कुल 329 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जिसमें से 145 सीटों पर बिना किसी गठबंधन की अकेले चुनाव लड़ी थी। जिसमें कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव जीती थी। कांग्रेस का बिना किसी दल से गठबंधन में जीत का रेशियो 25.52 प्रतिशत रहा था। जबकि कांग्रेस 184 सीटों पर साथी दलों से गठबंधन करके चुनाव लड़ी थी। इसमें कांग्रेस ने 62 सीट जीती थी और जीत का रेशियो 33.75 प्रतिशत रहा था। इस तरह से देखे तो कांग्रेस पार्टी को अकेले चुनाव लड़ने की बजाय गठबंधन साथियों की बदौलत बड़ी जीत हासिल हुई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 13 करोड़ 67 लाख 59 हजार 64 यानी 21.29 प्रतिशत वोट मिले थे। गठबंधन करने के कारण 2019 की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 1.91 प्रतिशत अधिक वोट मिले थे। कांग्रेस पार्टी ने पंजाब, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में अपने बूते चुनाव लड़ा था। जबकि बिहार, गुजरात हरियाणा झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश में गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। अंडमान निकोबार दीप समूह, आंध्र प्रदेश, दादरा नगर हवेली व दमन दीव, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड ऐसे प्रदेश है जहां लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका था। हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में लगा जहां उनकी सीटे 44 से घटकर 16 रह गई। महाराष्ट्र में कांग्रेस शिवसेना (यूबीटी) व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के साथ महाविकास अघाड़ी बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी। वहां कांग्रेस सबसे अधिक 101 सीटों पर चुनाव लड़ी जिसमें महज 16 सीट ही जीत पाई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 80 लाख 20 हजार 921 वोट मिले जो कुल मतदान का 12. 42 प्रतिशत थे। महाराष्ट्र में कांग्रेस की जीत का स्ट्राइक रेट 15.38 प्रतिशत ही रहा। संसद का शीतकालीन सत्र का समापन हो चुका है। जिसमें अधिकांश समय कांग्रेस ने अदानी मुद्दे को लेकर संसद नहीं चलने दी। इससे संसद का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। इसको लेकर भी कांग्रेस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस, सपा ने कांग्रेस को घेरते हुये आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बहस नहीं होने देना चाहती है तथा सिर्फ अदानी मुद्दे को ही जिंदा रखे हुए हैं। यदि संसद चलती तो कई तरह के मुद्दों पर सरकार को घेरा जा सकता था। इंडिया अलायंस में जिस तरह की खटपट वर्तमान समय में चलने लगी है वह अलायंस के लिए शुभ नहीं मानी जा सकती है। अलायंस में शामिल दल ही विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व को नकारने लगे है इससे बुरी बात कांग्रेस पार्टी के लिए और क्या हो सकती है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से विपक्षी पार्टियों ने एकजुट होकर इंडिया गठबंधन बनाकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। वही गठबंधन अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जा रहा है। आने वाले समय में दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने हैं। वहां भाजपा चुनाव जीतने की पूरी रणनीति बनाने में जुटी हुई है। आम आदमी पार्टी चाहती है कि वह दिल्ली की सत्ता पर फिर से काबिज हो।

दृष्टि कोण

# नेताओं की बढ़ती संपत्ति से गरीबी का उपहास

**भारत** में 12.9 करोड़ लोगों को एक वक्त का खाना भी ठीक तरह से मयस्सर नहीं होता और नेताओं की सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती संपत्ति इनकी गरीबी का उपहास उड़ा रही है। इस पर भी तुर्रा यह है कि देश के नेता आम जनता के लिए काम करते हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चन्द्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे नंबर पर हैं। उनके पास 332 करोड़ रुपए से अधिक की कुल संपत्ति है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। यह खुलासा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में किया गया है। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपए है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपए है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपए थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व.आय 13,64,310 रुपए है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपए की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपए की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्रियों की इस संपत्ति का खुलासा चुनाव आयोग में दिए गए संपत्ति के ब्योरे से हुआ है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग के पास ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि जो जानकारी दी है, वह सही या कुछ छिपाया गया है। दरअसल देश के नेता चुनाव आयोग को वही जानकारी देते हैं, जिसे वे आयकर रिर्टन में भरते हैं। देश में आयकर रिर्टन भरने वाले भी आयकर और प्रवर्तन निदेशालय के जाल में फंसते रहे हैं। सिर्फ रिटर्न फाइल कर लेने मात्र से किसी की संपत्ति या आय दूध की धुली नहीं हो जाती। यदि ऐसा ही होता तो देश के सैकड़ों नेता ईडी, सीबीआई और आयकर के लपेटे में नहीं आते। हालांकि इनके जाल में फंसने के बाद नेता यही राग अलापते रहे हैं कि विपक्ष में होने के कारण उन्हें जानबूझ कर फंसाया गया है। विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्तारूढ़ भाजपा और उसके सहयोगियों में सभी ईमानदार हैं। चन्द्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के समर्थन से बहुमत में केंद्र की भाजपा सरकार में क्या इतना साहस है कि इनके दलों के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर कोई कार्रवाई कर सके। क्या यह संभव है कि इन दोनों दलों के नेताओं के भ्रष्टाचार की जानकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों को नहीं हो। यही वजह है कि जांच एजेंसियों पर दुर्भावना से कार्रवाई करने के आरोप लगते रहे हैं। विपक्षी दलों का यह भी आरोप है कि जिन विपक्षी नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया, उनके मामले रफा-दफा कर दिए गए। 2014 से 2022 तक ईडी के निशाने पर रहे करीब 95 फीसदी यानी 115 नेता विपक्ष से थे। हालांकि ये आंकड़े 2022 तक के ही हैं। इसके बाद 2023 में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे और इस दौरान विपक्षी दलों ने अलग-अलग राज्यों पर हुई ईडी, सीबीआई की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया था। वर्ष 2004-14 में 26 नेताओं से ईडी ने पूछताछ की थी। इनमें करीब 54 फीसदी यानी 14 नेता विपक्ष से थे। यह संभव है कि मुख्यमंत्रियों और दूसरे नेताओं ने संपत्ति व्यवसायों के जरिए अर्जित की हो या फिर पुश्तैनी हो। इसके बावजूद इतनी भारी संपत्ति होना देश में गरीबी की जीवन रेखा से नीचे रहने वालों के मुंह तो चिढ़ाती है। जबकि नेता आम लोगों के प्रतिनिधित्व का दावा करते हैं। वर्ष 2023 बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट में पाया गया है कि दुनिया के सभी गरीब लोगों में से एक तिहाई से अधिक दक्षिण एशिया में रहते हैं, जो लगभग 12.9 करोड़ लोग हैं। भारत इस संख्या में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है, जो अत्यधिक गरीबी में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि के लिए जिम्मेदार है। विश्व बैंक अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा के आधार पर गरीबी को परिभाषित करता है, जिसके अनुसार प्रति व्यक्ति प्रति दिन 2.15 डॉलर की दर से अत्यधिक गरीबी तय की जाती है, जबकि 3.65 डॉलर निम्न-मध्यम आय श्रेणी में आता है।

कुछ अलग

# ज़हरीला भूजल

**हरित** क्रांति के अगुआ बनकर देश के खाद्यान्न संकट दूर करने वाले राज्य पंजाब व हरियाणा का भूजल चिंताजनक स्तर तक दूषित पाया गया है। धान व अन्य फसलों की बंपर पैदावार के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन करने वाले इन राज्यों का भूजल का स्तर उस गहराई तक जा पहुंचा है, जहां उसमें यूरेनियम जैसे घातक पदार्थों की मात्रा गंभीर स्थिति तक जा पहुंची है। पूरे देश में भूजल की गुणवत्ता की जांच के लिये लिये गए बीस फीसदी सैंपल निर्धारित कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं। इन सैंपलों में नाइट्रेट का स्तर सीमा से अधिक मिला है। पानी की गुणवत्ता को लेकर केंद्रीय भूजल बोर्ड की सालाना रिपोर्ट गंभीर चिंताओं का खुलासा करती है। जहां अरुणाचल, मिजोरम, मेघालय, जम्मू- कश्मीर आदि के सौ फीसदी सैंपल भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों पर खरे उतरे हैं, वहीं पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उ.प्र. तथा आंध्र प्रदेश में पानी बड़े पैमाने पर प्रदूषित मिला है। देश में कुल 15,259 भूजल निगरानी स्थानों का चयन पानी की क्वालिटी नापने के लिये किया गया। मगर पंजाब के पानी के नमूने में मिले घातक तत्व चिंता बढ़ाने वाले हैं। पंजाब के भूजल में तीस फीसदी सैंपलों में अधिक यूरेनियम पाया गया। फिक्र की बात यह है कि पंजाब व राजस्थान यूरेनियम प्रदूषण के मद्देनजर हॉट स्पॉट हैं। दरअसल, यूरेनियम के अधिक प्रदूषण का मुख्य कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जो भूजल स्रोत अधिक यूरेनियम वाले क्लस्टर हैं, वे अति दोहित, गंभीर व अर्धगंभीर श्रेणी वाले इलाके हैं। वास्तव में भूजल के अंधाधुंध दोहन से पानी का स्तर उस स्थान तक जा पहुंचा है, जहां पानी में यूरेनियम अधिक है। जो कि कैंसर जैसी अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। हाल के वर्षों में पंजाब के कई इलाकों में कैंसर के अधिक मामले सामने आए हैं। यहां तक कि पंजाब से राजस्थान रोगियों को इलाज के लिए ले जाने वाली ट्रेन को कैंसर ट्रेन तक कहा जाता रहा है। निश्चित रूप से केंद्रीय भूजल बोर्ड की यह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। हमने मुनाफा बढ़ाने के लिये जिस भूजल का अंधाधुंध दोहन किया है वह अब अपना नकारात्मक प्रभाव दिखाने लगा है। निश्चित रूप ने कुदरत ने हमें आवश्यकता का जल तो दिया है लेकिन उसके अनियंत्रित दोहन की अनुमति नहीं दी है। पंजाब बड़े पैमाने पर धान की खेती करता रहा है। हालांकि, पंजाब के भोजन में चावल प्राथमिक नहीं रहा है। लेकिन व्यावसायिक हितों की पूर्ति के लिये धान की खेती को प्रश्रय दिया गया। इस खेती की वजह धान की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का मिलना भी है। अब किसानों को फसलों के विविधीकरण के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग संकट के मद्देनजर यह चुनौती और गंभीर हो जाती है क्योंकि वर्षा जल के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। जिसके चलते सूखे व बाढ़ जैसी स्थितियां कभी भी पैदा हो जाती हैं। ग्लोबल वार्मिंग के संकट के मद्देनजर उन फसलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो कम पानी में उग सकें और अधिक मुनाफा दे सकें। सरकारों की ओर से मुफ्त सिंचाई की सुविधा के सवाल पर भी पुनर्विचार किया जाना चाहिए। दरअसल, हमें जो चीज मुफ्त उपलब्ध हो जाती है, हम उसके उपयोग में किफायत नहीं बरतते। हमें हर मुफ्त चीज की बड़ी कीमत कालांतर चुकानी पड़ती है। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट राजस्थान व गुजरात के भूजल में निर्धारित मानक से अधिक फ्लोराइड होना बताती है। यहां एक विचारणीय प्रश्न यह भी है कि कई स्थानों पर मानसून के बाद पानी गुणवत्ता में सुधार देखा गया। ऐसे में हमें वर्षा जल को धरती में रिचार्ज करने की दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए। दरअसल, रिपोर्ट बताती है कि बारिश के पानी के रिचार्ज होने से घातक पदार्थ का असर कम हो जाता है।

# युवा शक्ति का सशक्तिकरण : विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025

**डॉ. मनसुख मांडविया**

**(केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री)**

भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष-2047 की ओर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में हमारे युवा विकसित भारत के निर्माण के हमारे मिशन में सबसे आगे हैं। बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने के माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर, हमने राष्ट्रीय युवा महोत्सव को एक असाधारण रूप में परिकल्पित किया है - ÷विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025÷। यह संवाद केवल एक आयोजन नहीं है, यह एक अभियान है, युवा सशक्तिकरण, नेतृत्व और व्यावहारिक विचारों का एक जीवंत उत्सव है, जो ÷विकसित भारत÷ से जुड़े देश के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

**राष्ट्रीय युवा महोत्सव की परिकल्पना :** दो दशकों से अधिक समय से, राष्ट्रीय युवा महोत्सव सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा ऊर्जा का प्रतीक रहा है। हालांकि, इस वर्ष, हमने अलग तरीके से सोचने का साहस किया। 18 नवंबर, 2024 को, हमने उत्सव के प्रारूप में एक अभूतपूर्व परिवर्तन की घोषणा की, जिसके केंद्र में नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र-निर्माण को रखा गया।

इस परिकल्पना का केंद्र है - विकसित भारत चुनौती, जो तीन चरणों वाली प्रतियोगिता है। इस प्रतियोगिता को भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान करने और उन्हें विकसित करने के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया गया है। यह चुनौती योग्यता, समावेश और पारदर्शिता पर आधारित है, जो भौगोलिक या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना हर युवा भारतीय को योगदान करने का समान अवसर मिलना सुनिश्चित करती है।

पहले चरण, विकसित भारत क्विज़ में देश भर के लगभग 3 मिलियन युवाओं ने भाग लिया। 12 भाषाओं में आयोजित इस प्रतियोगिता में पिछले दशकों में भारत की प्रगति के बारे में उनके ज्ञान का परीक्षण किया गया, जिससे समावेश और पहुँच सुनिश्चित हुई।

दूसरे चरण के तहत, विकसित भारत निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहराई से विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पेश किये गए दो लाख से अधिक निबंधों में विकास के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने, सतत विकास को अपनाने, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने जैसे दस विषयगत क्षेत्रों पर विचार प्रस्तुत किये गए। विशेषज्ञ पैनल द्वारा मूल्यांकित इन निबंधों ने हमारे युवाओं की रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक सोच और मौलिकता के बारे में गहन जानकारी प्रदान की।

अंतिम चरण के अंतर्गत, विकसित भारत विज़न डेक प्रतियोगिता में शीर्ष प्रतिभागी राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में शामिल हुए। यहाँ, युवा नेताओं ने क्षेत्र (डोमेन) विशेषज्ञों और नेतृत्व मध्यस्थों के पैनल के सामने अभिनव विचार प्रस्तुत किए। इस चरण में जमीनी स्तर के दृष्टिकोण और क्षेत्रीय विविधता पर जोर दिया गया, जिससे युवा भारतीयों की स्थानीय रूप से कार्य करते हुए वैश्विक स्तर पर सोचने की क्षमता का प्रदर्शन हुआ।

इन चरणों के माध्यम से पूरी हुई यात्रा को सुदृढ़ता और दृढ़ संकल्प की प्रेरक कहानियों से रेखांकित किया जा सकता है। पूर्वोत्तर की पहाड़ियों तथा राजस्थान और गुजरात के गाँवों से लेकर तमिलनाडु के तटीय शहरों तक, हमने युवा नेताओं को सामाजिक बाधाओं, लॉजिस्टिक्स चुनौतियों और व्यक्तिगत कठिनाइयों को पार करते हुए विकसित भारत का अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करते देखा - एक ऐसा भारत, जिसकी वे कल्पना करते हैं।

**भव्य संवाद : एक ऐतिहासिक समागम**

विकसित भारत युवा नेता संवाद 10 जनवरी, 2025 को आधिकारिक तौर पर भारत मंडपम, नई दिल्ली में शुरू होगा, जिसमें 3,000 प्रतिभागी एक ऐतिहासिक समागम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक से 1,500 प्रतिभागी शामिल होंगे, जो राज्य चैंपियनशिप की शीर्ष 500 टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे, पारंपरिक ट्रैक से 1,000 प्रतिभागी भाग लेंगे, जो राज्य स्तरीय युवा महोत्सवों से चयनित प्रदर्शनों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करेंगे और 500 पथप्रदर्शक शामिल होंगे, जो विषयगत ट्रैक पर अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए चुने गए हैं।

प्रतिभागी सांस्कृतिक और विषयगत प्रस्तुतियों, प्रतियोगिताओं तथा प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जैसे प्रतिष्ठित स्थलों की यात्रा में भाग लेंगे। विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के साथ एक विशेष रात्रिभोज, अनौपचारिक संवाद के लिए एक दुर्लभ मंच प्रदान करेगा, जो युवाओं की आकांक्षाओं को नीति निर्माण अंतर्दृष्टि के साथ जोड़ेगा।

11 जनवरी को एक भव्य उद्घाटन सत्र के साथ संवाद की शुरुआत होगी, जिसमें राष्ट्रीय प्रतीक, वैचारिक नेता और नवोन्मेषक भाग लेंगे। यह उच्च-स्तरीय चर्चा दस महत्वपूर्ण विषयों पर विषयगत विचार-विमर्श के लिए मंच तैयार करेगी, जिसका नेतृत्व सलाहकार और क्षेत्र (डोमेन) विशेषज्ञ करेंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम, ÷विकसित भारत के रंग÷ के साथ संध्या बेला जीवंत हो उठेगी, जिसमें भारत की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा और यह हमारे युवाओं की असीम क्षमता का भी प्रतीक होगा। यह दिन बौद्धिक विमर्श और सांस्कृतिक उत्सव के बीच एक आदर्श संतुलन बनाता है, जो प्रतिभागियों को बड़े सपने देखने और निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

**राष्ट्रीय युवा दिवस : विकसित भारत के लिए एक विज़न**

स्वामी विवेकानंद की जयंती और युवा सशक्तिकरण की उनकी चिरस्थायी विरासत का सम्मान करने के लिए 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह आयोजन का अंतिम दिन होगा, जो प्रत्येक प्रतिभागी के लिए एक निर्णायक क्षण साबित होगा। विषयगत ट्रैक से शीर्ष दस विचार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे, जो नवोन्मेषी युवाओं को आगे बढ़ने के लिए एक प्रेरक मंच प्रदान करेगा।

यह संवाद शासन और निर्णय लेने में युवाओं को शामिल करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देता है। इसके बाद, प्रतिभागियों को माननीय प्रधानमंत्री और अन्य प्रतिष्ठित नेताओं के साथ दोपहर के भोजन पर बातचीत करने का अवसर मिलेगा। इससे सार्थक बातचीत को बढ़ावा मिलेगा, युवाओं को यादगार पलों को संजोने का मौक़ा मिलेगा और उनमें सशक्तिकरण की भावना का विकास होगा।

इस दिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक भव्य पूर्ण सत्र का भी आयोजन होगा। यह सत्र विकसित भारत को आकार देने में भारत के युवाओं की परिवर्तनकारी क्षमता को सुदृढ़ करेगा। इस सत्र के जरिये प्रतिभागियों को बदलाव के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने के लिए सशक्त और प्रेरित किया जाएगा।

विकसित भारत युवा नेता संवाद अपने पैमाने, समावेशिता और प्रभाव को दर्शाता है। इसकी पारदर्शी चयन प्रक्रिया से लेकर कार्रवाई योग्य विचारों पर इसके विशेष ध्यान तक, यह पहल युवा सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करती है। नवोन्मेषी विचारों के लिए एक मंच प्रदान करने तथा राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर के अग्रणी व्यक्तियों के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सीधे संवाद करने के माध्यम से यह संवाद कार्यक्रम शासन में युवाओं की भागीदारी के लिए एक नया मानदंड स्थापित करता है।

## वन विभाग की करवाई से कोयला माफियाओं में हड़कंप, 22 अवैध कोयला खदान को डोजरिंग कर किया गया बंद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग डीएफओ के निर्देशानुसार हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के सहायक संरक्षक अविनाश कुमार परमार के नेतृत्व में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई बड़कागांव वनक्षेत्र अंतर्गत सेहदा तिलैया में 11, राउत पारा अंतर्गत बेलवा टोंगरी और दो अंबा में 3, अंबा झरना में 2, रुद्दी अंतर्गत दोबघटवा और गोंदलपुरा में 6 अवैध कोयला खदानों को डोजरिंग कर बंद किया गया। कुल 22 अवैध कोयला खदानों को डोजरिंग कर बंद किया गया। मौके पर श्री परमार ने कहा के अवैध कोयला कारोबार के रोकथाम को लेकर यह करवाई की जा रही है। उन्होंने कहा के अवैध कोयला कारोबार के रोकथाम को लेकर दो बार डोजरिंग का कार्य वन विभाग के द्वारा किया जाता है। एक तो यह समय है जब ईंट भट्टों में अवैध कोयला का उपयोग होता है। साथ ही दूसरी बार मार्च अप्रैल के महीने में डोजरिंग का कार्य किया जाता है। अवैध खनन से सरकार के राजस्व का क्षति होता है साथ ही अवैध खनन से माफिया लोगों को तो मोटी कमाई होती है लेकिन जो मजदूर खदान के अंदर काम करते हैं उनके जान का भी खतरा बना रहता है। उन्होंने अवैध कोयला कारोबार से संबंधित लोगों को संदेश दिया के अवैध काम को छोड़ कर वैध काम करें। वन विभाग के द्वारा निरंतर करवाई की जाएगी। इस कार्य में संलिप्त लोगों के ऊपर निश्चित तौर पर कानूनी करवाई की जाएगी। वहीं वन विभाग की कार्रवाई से अवैध कोयला माफिया तथा अवैध कोयला खदान संचालकों में हड़कंप मची हुई है। हजारीबाग पश्चिमी सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार ने कहा कि अवैध कोयला खदान संचालकों के विरुद्ध निरंतर करवाई जारी है।मौके पर मुख्य रूप से एसीएफ अविनाश कुमार परमार, खनन विभाग के माइनिंग इंस्पेक्टर अजीत कुमार चौधरी, बड़कागांव रेंजर कमलेश कुमार सिंह, प्रभारी वन पाल आनंद कुमार, बड़कागांव पुलिस के पदाधिकारी व पुलिस जवान के सशस्त्र दल के अलावे बड़कागांव, चौपारण, बरही तथा सदर वन पदाधिकारी ,वनरक्षी के अलावे समस्त वनकर्मी शामिल थे।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नैंसी सहाय ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे कटकमसांडी थाना क्षेत्र के पेलावल निवासी मो.अब्बास ने उपायुक्त से ऑनलाइन रसीद निर्गत करने और ग्राम-कण्ड्सार के रहने वाली बबिता देवी ने केसीसी ऋण माफ करने का निवेदन किया। विष्णुगढ़ के सुनीता देवी और लालपुर सखिया के राबिया खातून ने उपायुक्त से मइँया सम्मान योजना का लाभ देने का निवेदन किया। डांडी पोस्ट के ग्राम होसीर निवासी दिनेश महतो ने उपायुक्त से परियोजना में अधिग्रहण जमीन का सरकारी अमीन से सीमांकन करवाने का गुहार लगाया। दारू थाना क्षेत्र के राजेश कुमार साव ने उपायुक्त से समाहरणालय के रिक्त पद पर चतुर्थ श्रेणी में नियुक्ति के संबंध में आवेदन दिया। नगर निगम हजारीबाग के विवेक कुमार वाल्मीकि ने उपायुक्त को पुराना समाहरणालय में साफ सफाई करने वाले मजदूरों के लिए कार्यालय खोलने के लिए अनुमति देने के संबंध में आवेदन दिया। इचाक थाना क्षेत्र के पुनम देवी ने उपायुक्त से घर पर पेबर ब्लॉक तथा पथ निर्माण के भुगतान करने का निवेदन किया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से, रोजगार, जमीन संबंधी, जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये, जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## मंईयां सम्मान की राशि नहीं मिलने से महिलाओं ने इचाक प्रखंड मुख्यालय का किया घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** इचाक प्रखंड में मंईयां सम्मान योजना की राशि न मिलने से नाराज महिलाओं ने शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय का घेराव किया। महिलाओं का कहना था कि वे लंबे समय से कंप्यूटर ऑपरेटर के पास चक्कर लगा रही हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है अब तक उनके खाते मे मईया सम्मान की राशि नही आई है।आक्रोशित महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इचाक अंचलाधिकारी के काफी समझाने बुझाने पर महिलाएं वापस लौट गई। इस संबंध मे हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि यह समस्या सभी प्रखंड मुख्यालयों से आ रही है। उन्होंने कहा- पोर्टल में कुछ बदलाव और तकनीकी समस्याओं के कारण विलंब हो रहा है। डीसी ने महिलाओं से धैर्य रखने की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि योग्य लाभार्थियों को जल्द ही योजना की राशि मिल जाएगी।

## एनटीपीसी आईटीआई प्रशिक्षुओं के लिए कैंपस से कॉर्पोरेट करियर काउंसलिंग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) रांची चैप्टर ने एनटीपीसी माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमएआईटीआई) बड़कागांव के सहयोग से एनटीपीसी आईटीआई के प्रशिक्षुओं के लिए कैंपस से कॉर्पोरेट- करियर काउंसलिंग विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं को कॉर्पोरेट क्षेत्र की आवश्यकताओं और करियर निर्माण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना था। इस दौरान विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ. रमन बलभ ने प्रशिक्षुओं के सवालों के उत्तर दिया और उनके करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में आईएसटीडी रांची चैप्टर के सचिव एवं एनटीपीसी आईटीआई के प्राचार्य इंजीनियर मिथिलेश उपाध्याय ने प्रशिक्षुओं को संबोधित किया और उन्हें अपने कौशल विकास के लिए इस अवसर का भरपूर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समन्वयक मोहम्मद इरफान अंसारी और जीडीएम गर्ल्स स्कूल बड़कागांव के शिक्षकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रभावी बनाया। गौरतलब है कि एनटीपीसी आईटीआई बड़कागांव वर्ष 2023 से आईएसटीडी, रांची चैप्टर का संस्थागत सदस्य है। इस साझेदारी के तहत प्रशिक्षुओं के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षुओं ने इस पहल की सराहना की और इसे अपने करियर के लिए लाभकारी बताया। आईएसटीडी और एनटीपीसी एमएआईटीआई के अधिकारियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया और प्रशिक्षुओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रधानाचार्यों की बैठक में कार्यक्रमों की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही गया रोड़ स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में झुमरी तिलैया संकुल के प्रधानाचार्यों की बैठक हुई। मौके पर भामाशाह विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अमीत कुमार साव ने संकुल संयोजक सुभाष वर्णवाल को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक में बताया गया कि वर्तमान सत्र के सम्पन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। वहीं आगामी सत्र की योजना पर विचार विमर्श किया गया।मौके पर कैलाश राय, सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर झुमरीतिलैया के प्रधानाचार्य शर्मेंद्र साहू, यादूतांड़ के प्रधानाचार्य अजय कुमार पाठक, जयनगर के प्रधानाचार्य संजय कुमार, भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।बैठक उपरांत धन्यवाद ज्ञापन बरही साहू समाज मुखिया सुरेश साहू ने किया।

## गुमशुदा मेडकुरी निवासी बजरंगी प्रजापति बरामद, परिवार वालों में खुशी



**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत मेडकुरी निवासी बजरंगी प्रजापति पिता निर्मल प्रजापति घरेलू विवाद के चलते घर छोड़कर चला गया था। परिवार वालों ने बजरंगी की गुमशुदगी को लेकर दारू थाना में आवेदन दिया था, जिसके बाद कांड संख्या 161/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया था। शुक्रवार को बजरंगी प्रजापति इचाक थाना क्षेत्र के बुढ़िया माता मंदिर के समीप से अपने घर फोन कर अपनी उपस्थिति को बताया। सूचना मिलते ही परिवार वालों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें बरामद किया और पुलिस को सौंप दिया। इस मामले में दारू थाना प्रभारी सफीक खान ने बताया कि गुमशुदा बजरंगी प्रजापति को सुरक्षित बरामद कर लिया गया और उनके परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया गया है। मामले की अगली कार्रवाई के लिए उन्हें शनिवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। परिवार वालों ने बताया कि बजरंगी आपसी घरेलू विवाद के कारण मानसिक तनाव में था जिसके चलते घर छोड़कर चला गया था और वह मुंबई में रह रहा था। वहां से वापस आकर इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़िया माता मंदिर के समीप से फोन किया कि मैं यहां मौजूद हूं मैं घर आ जाऊंगा। उसके बाद हम लोग वहां पहुंचकर इसे अपने साथ थाने लेकर आया हु।

## स्वच्छ चेडरा में अहम भूमिका को तैयार इलेक्ट्रिक वाहन : चेडरा मुखिया



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के चेडरा में शुक्रवार को चेडरा मुखिया सह विष्णुगढ़ मुखिया संघ सचिव निर्मल कुमार ने बेहतर जनप्रतिनिधि होने का एक उदाहरण पेश करते हुए कूड़ा संग्रहण के लिए तीन पहिया वाहन की खरीदी कर चेडरा पंचायत को समर्पित किया। साथ हीं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त कम्बल को चेडरा पंचायत के वृद्ध एवं गरीब असहाय महिला-पुरुषों के बीच वितरण कर कपकपाती ठंड से निजात दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर मुखिया निर्मल कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत चेडरा पंचायत को स्वच्छ रखने का पूरा प्रयास कर रहा हूँ,पर मेरा प्रयास तभी सफल हो सकता जब चेडरा की जनता मेरा भरपूर साथ दे,और घर के गंदे पानी को सड़क पर ना बहाए इससे आप स्वच्छ और निरोगी तो रहेंगे हीं अपितु चेडरा पंचायत एक मॉडल पंचायत बनेगा जिससे हम सभी का मान-सम्मान बढेगा।कूड़ा बीनने के लिए डीजल इंजन की जगह इलेक्ट्रिक वाहन खरीदना भी स्वच्छ भारत की दिशा में एक छोटा सा कदम है,इससे कार्बन उत्सर्जन नही होगा और वातावरण प्रदूषित नही होगा।

## बीडीओ व अंचलाधिकारी ने आदिम जनजाति बिरहोर टोला में जाकर किया कम्बल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत चेडरा पंचायत के बिरहोर टोला में बीडीओ अखिलेश कुमार,अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ,चेडरा मुखिया निर्मल कुमार तथा चेडरा पंसस मुन्नी देवी ने अपने व्यस्तम कार्यक्रम के बाद भी गुरुवार की संध्या को बिरहोर आदिम जनजाति के बीच ठंड से बचाव को लेकर कम्बल का वितरण किया। कम्बल वितरण के पश्चात बीडीओ अखिलेश कुमार ने कहा कि आपलोगो को किसी भी तरह की परेशानी हो तो आपसब इसकी जानकारी मुझे या मुखिया को दें उसके समाधान का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। आप सब अपने अगल बगल साफ सफाई का जरूर ख्याल रखें जिससे आपलोग संक्रमण से बचे रहे और बीमारी से बचा जा सके। अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने कहा कि जमीन संबंधी कार्य के लिए आप बेझिझक मुझसे मिले आपकी सारी समस्याओं का समाधान जल्द निपटाने का प्रयास रहेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से चेडरा मुखिया निर्मल कुमार, पंसस मुन्नी देवी,प्रखण्ड तथा अंचल के कर्मचारियों समेत काफी सँख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी थाना कांड संख्या 01/23 धारा 414 आईपीसी 17 सी 18 सी 22सी 29 एनडीपीएस एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त ज्ञानी साव पिता कैला साव ग्राम हफुआ जिला चतरा के घर केरेडारी पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया है. इश्तेहार के माध्यम से कांड में फरार अभियुक्त को कोर्ट में आत्मसमर्पण करने की बात कही है. उक्त जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया की इश्तेहार चिपकाने के दौरान केरेडारी थाना से पुअनि हरखू महली , सअनि रविंद्र कुमार समेत थाना के पुलिस बल शामिल थे.

## विभिन्न पंचायतो में मिट्टी मोरम पथ निर्माण को लेकर राजू श्रीवास्तव ने बीडीओ से की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** भाजपा विष्णुगढ़ के वरिष्ठ नेता राजू श्रीवास्तव ने आम-आवाम तथा जन हित के मुद्दे से जुड़े प्रश्नों को लेकर विष्णुगढ़ बीडीओ को पत्र लिखकर विष्णुगढ़ प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतो में अवगत कराते हुए मिट्टी मोरम पथ निर्माण की माँग की ।

**चेडरा :** (1) गोविंदपुर रोड कालीकरण पथ से बबलू साव एवं बद्री साव के घर तक मिट्टी मोरम पथ का निर्माण ।, (2) पटेल नगर से लेकर किट्टी महतो के घर तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण।, (3) चलंगा पुराना स्कूल से लेकर बिरहोर टोला तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण ।

**भेलवारा :** (4) गोलगो में टोला सियारी में बालेश्वर महतो के घर से ट्रांसफार्मर तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण ।, (5) गोलगो में नुनु महतो के घर से धनपत महतो के घर तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण ।, (6) गोलगो में डिली महतो के घर से कपसा स्थान तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण ।

**मडमो :** (7) चेतलाल महतो के घर से लेकर जरलाही मंडई तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण ।, (8) शिव मंदिर से लेकर सूरज तुरी के घर तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण ।, (9) नागेश्वर यादव के घर से लेकर केवल राम के घर तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण ।साथ हीं कहा कि इन पंचायतो में बारिश के दिनों में राहगीरों का चलना दूभर हो जाता है,समय रहते उपरोक्त स्थलों पर कार्य हो जाय तो आम-आवाम की ज़िंदगी थोड़ी आसान हो जायेगी।

## विष्णुगढ़ सीएचसी में सेनेटरी पैड का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में युवा मैत्री केंद्र हजारीबाग द्वारा उपलब्ध किशोरियो एवम महिलाओं के बीच शुक्रवार को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस दौरान महिला चिकित्सक शिवानी सिंह ने किशोरियो एवम महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित कई जांच की। वही महिलाओं को माहवारी आने और स्वच्छता पर,प्रजनन स्वास्थ्य,यौन स्वास्थ्य संबंधी कई जानकारियां देकर बताया गया कि स्वच्छता को ध्यान रखकर होने वाले कई संक्रमण और गैर संचारित बीमारीयो से बचा जा सकता है। मौके पर एएनएम हेमन्ती कुमारी, एएनएम रूपा रानी, बिटीटी काजल कुमारी द्वारा स्वास्थ्य संबंधित प्रजनन, बीएमएल, वजन की जानकारी देकर सेनेटरी पैड का वितरण किया गया।

## हाईकोर्ट के निर्देश पर माहेश्वरी परिवार के छः सदस्यों की मौत के मामले मे दुबारा जांच शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के खजांची तालाब स्थित सीडीएम अपार्टमेंट में माहेश्वरी परिवार के छः सदस्यों की मौत के मामले की जांच एक बार फिर शुरू कर दी गयी है. यह जांच हाईकोर्ट के निर्देश पर की जा रही है. हाईकोर्ट ने इस बहुचर्चित हत्याकांड की जांच दुबारा करने का निर्देश झारखंड के पुलिस महानिदेशक को दिया था. महानिदेशक ने जांच के लिए एसआइटी का गठन किया है. इस टीम में गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार, बगोदर एसडीपीओ, एसडीपीओ सदर हजारीबाग, सदर थाना प्रभारी समेत पांच सदस्य शामिल हैं. एसआइटी की टीम इस मामले की जांच के लिए हजारीबाग खजांची तालाब स्थित सीडीएम अपार्टमेंट पहुंची. अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 303 में जांच-पड़ताल की.

**क्या है मामला :** 14 जुलाई 2018 को खजांची तालाब स्थित सीडीएम अपार्टमेंट में माहेश्वरी परिवार के छः सदस्यों की रहस्यमयी मौत हुई थी. इस मामले को लेकर सदर थाना कांड संख्या 346/18 के तहत मामला दर्ज किया गया था. सदर पुलिस के अनुसंधान की रिपोर्ट पर परिवार के लोगों ने आपत्ति जतायी. परिवार की आपत्ति के बाद इस जांच के लिए मामला सीआइडी को सौंपा गया था. सीआइडी ने जांच प्रक्रिया शुरू की. अपार्टमेंट का चप्पे-चप्पे से घटना से जुड़ी जानकारी प्राप्त की. यहां तक कि घटना का रिक्रिएशन भी कराया. सीआइडी ने भी अपनी रिपोर्ट स्थानीय अदालत को सौंप दी थी. इसमें भी परिवार के लोग संतुष्ट नहीं हुए. रिपोर्ट में घटना के लिए किसी को दोषी नही ठहराया था. इन सभी जांच बिंदुओं को देखते हुए परिवार ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया. न्यायालय ने अर्जी को गंभीरता से लिया और इस घटना की फिर से जांच कराने का निर्देश पुलिस महानिदेशक को दिया था. इस निर्देश के आलोक में यह जांच दुबारा शुरू हुई है. मालूम हो कि 14 जुलाई 2018 को महेश्वरी परिवार के महावीर अग्रवाल, पत्नी किरण अग्रवाल, पुत्र नरेश महेश्वरी, बहू प्रीति अग्रवाल, पोता अमन अग्रवाल, पोती आन्वी अग्रवाल की रहस्यमयी मौत हो गयी थी.

## हुरहुरु क्षेत्र के गली-नली निर्माण और सुंदरीकरण के लिये नगर निगम की टीम और विधायक टीम ने किया संयुक्त निरीक्षण

### - जनता से किया हर वादा होगा पूरा, विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देंगे : प्रदीप प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद अपने क्षेत्र की जनता के प्रति किए गए वादों को निभाने में लगातार सक्रिय हैं। इसी क्रम में हुरहुरु क्षेत्र के गली-नली निर्माण और क्षेत्र के समग्र सुंदरीकरण के लिए नगर निगम की टीम और विधायक टीम ने एक संयुक्त निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की आवश्यकताओं का गहन अध्ययन किया गया और प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य शुरू करने की योजना तैयार की गई।

**जनता से जुड़ाव और वादों पर प्रतिबद्धता**

इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की जनता के प्रति हमारी जवाबदेही केवल वादों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। हुरहुरु क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को दूर करने के लिए हमने गली-नली निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी है। आने वाले दिनों में यह कार्य शुरू होगा, और इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। निरीक्षण के दौरान विधायक टीम और नगर निगम के अधिकारियों ने नपाई का कार्य पूरा किया। इसके साथ ही सुंदरीकरण की दिशा में भी योजनाएं बनाई गई, जिससे क्षेत्र को साफ-सुथरा और रहने योग्य बनाया जा सके। इस मौके पर नगर निगम के अधिकारी, विधायक टीम के सदस्य सभी ने मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित की और क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि उनका भविष्य बेहतर होगा। श्री प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग सदर क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। मेरी प्राथमिकता हर क्षेत्र में समान विकास और जनता की समस्याओं का समाधान करना है। हुरहुरु क्षेत्र का यह कार्य हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हुरहुरु क्षेत्र में गली-नली निर्माण और सुंदरीकरण कार्यों के जरिए विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता के प्रति अपनी ईमानदारी और संकल्प का परिचय दिया है। इन कार्यों के जल्द शुरू होने से स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं और साफ-सुथरा माहौल मिलेगा।

## खरसावां के गांगुडीह तालाब से मिला युवक का शव, सनसनी

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रड़गांव मुख्य मार्ग के किनारे स्थित गांगुडीह तालाब से शुक्रवार को पुलिस ने एक 35 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। हालांकि शव की पहचान नहीं हो सकी है। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास स्थानीय लोगों ने तालाब में तैरता एक युवक का शव देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार दल बल के साथ गांगुडीह तालाब पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ की। मगर, किसी ने भी मृतक के संबंध में जानकारी नहीं दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हर पहलू में जांच शुरू कर दी है।

## तैलिक साहू महासभा का वार्षिक मिलन समारोह 12 जनवरी को



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की एक बैठक साकची में शुक्रवार को जिला अध्यक्ष राकेश साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने कहा कि 12 जनवरी रविवार को वार्षिक महासम्मेलन साकची बारी मैदान क्लब हाउस में संपन्न होगा। जिसमें समाज, शिक्षा, चिकित्सा व एकजूटता पर मंथन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, महामंत्री पप्पू साहू, वरीय उपाध्यक्ष शिवलोचन साह, जिला सचिव अशोक साव, सागर साव, विष्णु साहू उपस्थित थे।

## गुड़ाबांदा में बांस लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, चालक घायल



**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के जयघंटपुर में एक बांस लदा हुआ ट्रक गुरुवार की देर रात पलट गया है। ग्रामीणों के मुताबिक इस ट्रक में पांच मजदूर सवार थे जबकि ट्रक का चालक इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे रात को ही इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार की सुबह घटनास्थल पर पहुंचे गुड़ाबांदा थाना के पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच पड़ताल की। विदित हो कि गुड़ाबांदा व आसपास के क्षेत्र से बहरागोड़ा और चाकुलिया क्षेत्र के व्यवसायी बड़े पैमाने पर बांस का कारोबार करते हैं। प्रतिदिन ट्रक से बाहर के क्षेत्र में बांस ले जाया जाता है। गुरुवार को जियान गांव में बांस लोड किया गया था। ट्रक पलटने के बाद मजदूर ट्रक को छोड़कर चले गये। ट्रक संख्या जेएच 05 क्यू 2118 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ को टक्कर मारने के बाद पलट गया है।

## ठंड का असर, गोलकाटा में मनसा मंदिर के पुजारी का निधन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा के गोलकाटा गांव निवासी रसराज कुंभकार की करीब 83 वर्ष की उम्र में गुरुवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे अपने घर में ही आकस्मिक निधन हो गया। वह गांव के सार्वजनिक मनसा मंदिर के पुजारी थे। गांव के शांतिराम कुंभकार ने बताया कि पिछले दो दिनों में बढ़ी कनकनी ठंड की वजह से अचानक शाम को उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और जब तक अस्पताल ले जाते घर पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इससे पूर्व वह बिल्कुल स्वस्थ लग रहे थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है और क्षेत्र में शोक की लहर है। शुक्रवार की सुबह गांव में ही उनकी पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वह दो पुत्रों का भरा पूरा संसार छोड़ गए हैं। उनके दो पुत्रों में एक पाठक कुंभकार बोड़ाम प्रखंड में पंचायत सचिव हैं एवं जबकि संतोष कुंभकार (मूक बधिर) कृषक हैं।

## पिंड्राबेरा और कोलाबीरा से अवैध बालू लदे दो हाईवा जब्त




**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा शुक्रवार की अहले सुबह कांड्रा थाना अंतर्गत पिंड्राबेरा में एक अवैध बालू लदे हाइवा (संख्या- जेएच05बीडब्ल्यू/0112) को जब्त किया गया। हाइवा के चालक से कागजात मांगे जाने पर नहीं दिखाए जाने के बाद उंक्त अवैध बालू लदे हाइवा को जब्त कर कांड्रा थाना के हवाले कर दिया गया। इसी कड़ी में विभाग की टीम कोलाबीरा में एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया, जिसे सरायकेला थाना को सुपुर्द किया गया है। विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सत्पथी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर अवैध बालू के खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ यह अभियान चलाया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा।

## पटमदा पंचायत में मुखिया परमेश्वर सिंह ने बांटे 135 कंबल



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड मुख्यालय स्थित पटमदा पंचायत मंडप में शुक्रवार को मुखिया परमेश्वर सिंह ने 135 लाभुकों के बीच कंबलों का वितरण किया। इस संबंध में मुखिया ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से पटमदा पंचायत के लिए 215 कंबल उपलब्ध कराया गया है। जिसमें से 135 कंबलों का वितरण पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य व ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में किया गया। बाकी बचे कंबलों का वितरण भी शनिवार को कर दिया जाएगा ताकि शीतलहरी के इस मौसम में जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व पंसस खगेन महतो, ग्राम प्रधान फूलचांद महतो, बाघाम्बर सिंह, गुणधर महतो, प्रशांत सिंह, साधुपद महतो, भरत माहली, जमुना माहली, मनोज कुमार सिंह समेत पटमदा बाजार, पटमदा बस्ती, रांगाटांड़ व आगुईडांगरा गांव के लोग मौजूद थे।

## कदमा थाना क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कार्य को किया गया जमींदोज



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अनमुंडल पदाधिकारी, धालभूम के आदेशानुसार कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र जमशेदपुर, वार्ड नं- 2, खाता नं- 1217, प्लॉट नं- 55/2797, सरकारी भूमि में अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई की गई । बी.पी.एल.ई/जे.पी.एल.ई वाद में संबंधित भूमि पर किए गए अतिक्रमण के विरूद्ध वाद में पारित आदेश के आलोक में अतिक्रमणकारी को सात दिनों के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था । उक्त का अनुपालन नहीं किए जाने पर दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकरी, सशस्त्र बल, लाठी बल एवं महिला बल की उपस्थिति में सरकारी जमीन पर किए गए निर्माण कार्य को जमींदोज करते हुए अतिक्रमण हटाया गया । अंचल अधिकारी जमशेदपुर मनोज कुमार के नेतृत्व में कार्यपालक दण्डाधिकारी सुदीप्त राज तथा कदमा थाना के पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल द्वारा कार्रवाई की गई।

### केन्द्रीय जांच टीम पहुंची सांसद संजय सेठ के गोद लिए आदर्श पंचायत सोड़ो

# आदर्श गांव के रूप में सांसद की ओर से कोई विकास कार्य नहीं : ग्रामीण

- पंचायत सचिवालय व गांव तक आने जाने के लिये पुरा सड़क जर्जर
- सोड़ो मध्य विद्यालय में एक शिक्षक के भरोसे हो रही पढ़ाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के आदर्श पंचायत सोड़ो पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को केन्द्रीय टीम द्वारा पंचायत क्षेत्र में विकास योजनाओं का समीक्षा किया। आदर्श पंचायत के रूप में चिह्नित सोड़ो पंचायत में विशेष विकास कार्यों का जायजा लिया। केन्द्रीय जांच दल का क्षेत्रीय पर्यवेक्षक पंकज कुमार एवं श्याम दयाल द्विवेदी ने मुखिया, पंचायत सचिव,जेएस एलपीएस, आंगनबाड़ी सेविका, अभियंता,रोजगार सेवक एवं अन्य पंचायत कर्मियों से आदर्श पंचायत के रूप में विशेष विकास के संबंध में योजनाओं का डाटा संग्रह किया।



केन्द्रीय जांच दल के क्षेत्रीय पर्यवेक्षक पंकज कुमार ने बताया कि 2022-2023 में सांसद संजय सेठ द्वारा सोड़ो को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए गोद लिया गया था। उन्होंने कहा कि आज पंचायत प्रतिनिधियों व पंचायत कर्मियों से विशेष विकास कार्यों का डाटा संग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि आदर्श गांव व आदर्श पंचायत के रूप में कितना विकास हुआ इसका सही आकलन किया जाएगा।

वहीं ग्रामीणों का कहना है कि आदर्श गांव के रूप में किसी भी तरह का सांसद कि ओर से विकास कार्य नहीं किया गया है। पंचायत सचिवालय व गांव तक आने जाने के लिए पुरा सड़क जर्जर है। सोड़ो मध्य विद्यालय में एक शिक्षक के भरोसे विद्यार्थियों का पठन पाठन हो रहा है। नाम मात्र का आदर्श गांव व पंचायत के रूप में सांसद द्वारा गोद लिया गया है। केन्द्रीय टीम के समीक्षा के मौके पर उप प्रमुख दीपक कुमार साहू, बीपीओ निपेन प्रधान, मुखिया नयन सिंह मुण्डा, पंचायत सचिव राधेश्याम महतो , प्रखंड समन्वयक ठाकुर दास सोरेन आदि उपस्थित थे।

## विधायक जगत मांझी ने लगाया जनता दरबार, समस्याओं से हुए अवगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय स्थित अपने कक्ष में जनता दरबार आयोजित किया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक समस्याएं विधायक के समक्ष आये। कदमडीहा पंचायत की मुखिया द्रौपदी पुरती ने पंचायत भवन निर्माण में घटिया ईंट का इस्तेमाल किये जाने की शिकायत की। वहीं कई ग्रामीणों ने गोइलकेरा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जलमीनार निर्माण कार्य अधूरा रहने की जानकारी दी। जिसपर विधायक ने मौके से ही पीएचईडी के अधिकारी को दूरभाष पर अधूरे जलमीनार को गर्मी से पूर्व पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा अन्य ग्रामीणों ने गांवों में पेयजल, सड़क एवं खराब ट्रांसफार्मर की समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। ग्राम रेला के मुंडा देवेंद्र अंगरिया ठंड को बिना गर्म कपड़े के देख विधायक ने तत्काल उन्हें जैकेट मुहैया कराया।



जनता दरबार के पश्चात विधायक ने बीडीओ विवेक कुमार को अपने कक्ष में बुलाकर जनता की ओर से आए शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए निदान करने का निर्देश दिया। विधायक जगत माझी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कहना है कि सरकार जिला मुख्यालयों से नहीं बल्कि गांव से संचालित होगी। बताया कि आगे भी इसी तरह सभी प्रखंडो में साप्ताहिक हाट के दिन जनता दरबार आयोजित कर आम लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाता रहेगा।

## नेताजी सुभाष के प्रतिमा की साफ सफाई को लेकर बंग बंधु संस्था ने अक्षेस को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची स्थित नेताजी सुभाष मैदान के सफाई, सौन्दर्यकरण एवं नेताजी सुभाष के प्रतिमा के रंग रोवन की मांग बंग बंधु संस्था ने जमशेदपुर अक्षेस को एक पत्र सौंपा है। संस्था के सदस्य नेताजी के प्रतिमा स्थल पर पहुँचकर प्रतिमा की सफाई की साथ ही आस पास पसरे गन्दगी को देखकर अपनी नाराजगी भी प्रकट क। संस्था की अध्यक्ष अपर्णा गुहा ने कहा की आगामी 23 जनवरी को नेताजी की जयंती है, लेकिन उनके नाम के इस मैदान की स्तिथि दयनीय है। मैदान



एवं प्रतिमा स्थल पर गन्दगी भरी हुई है। इसके ठीक बगल मे स्थित हाई मास्ट लाइट भी ख़राब पड़ी हुई है । साथ ही प्रतिमा स्थल का गेट खुला रहने के कारण कई लोग प्रतिमा बेदी पर बैठकर नशा करते हैं। तमाम समस्याओं से अक्षेस को अवगत करवाया गया है और इसके समाधान की मांग की गई है। इस मौके पर अपर्णा गुहा के अलावे बिनोद डे, नान्टू सरकार एवं प्रसंजीत सरकार उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम पलाश का जिला स्तरीय बैठक बुलाई

### चयनित विद्यालयों में नामांकित एवं उपस्थिति की वास्तविक स्थिति 17 जनवरी तक देने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम पलाश का जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक बुलाई गई। बैठक का संचालन जिला शिक्षा पदाधिकारी टोनी प्रेमराज टोप्पो ने किया। बैठक में पलाश बहुभाषी शिक्षा का उद्देश्य एवं इसके सुगम क्रियान्वयन हेतु रुपरेखा तैयार करने पर चर्चा किया गया। बैठक में बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम के राज्य समन्वयक पल्लवी शा ने कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में चयनित 259 विद्यालयों में



बहुभाषी शिक्षा के सकारात्मक परिणाम आने के बाद राज्य ने इसे 1000 विद्यालयों में विस्तारित किया। इन विद्यालयों के चयन हेतु 8 जिलों में भाषायी सर्वेक्षण कराया गया। इसमें सर्वाधिक पश्चिमी सिंहभूम के 305 विद्यालयों का चयन किया गया। बताया गया कि विद्यालयों के चयन के बाद राज्य स्रोत समूह का गठन कर आवश्यक शिक्षण सामग्रियों का निर्माण किया गया। उपायुक्त ने सभी बीइइओ को निर्देशित करते हुए कहा कि पलाश बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे गंभीरता से लें। गुरु गोष्ठी के एजेंडा में इस विषय को शामिल करें और प्रति माह प्रशिक्षित शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों और जागरूक अभिभावकों के साथ बैठक कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि चयनित 305 विद्यालयों में नामांकित एवं उपस्थिति की वास्तविक स्थिति 17 जनवरी तक अवश्य दें। बैठक में राज्य के यूनिसेफ इंडिया और लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के प्रतिनिधि के रुप शैलेन्द्र अवस्थी, जिला शिक्षा अधीक्षक, पश्चिमी सिंहभूम, बीइइओ, राज्य स्रोत समूह के जिला प्रतिनिधियों में विवांशु सिंह, शिक्षक राजेश सिंकू, दमयंती बिरुवा, बागुन बोदरा, कृष्णा आदि उपस्थित थे।

## निवर्तमान पार्षद पिंकी ने बांटे 45 कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड तीन की निवर्तमान पार्षद पिंकी चौधरी की ओर से शांतिनगर में बढ़ते ठंड के मद्देनजर जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे ठंड को लेकर बताया नगर निगम को ओर से जरूरतमंद लोगों के लिए 45 कम्बल उपलब्ध कराया गया था जिसका वार्ड में वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर ननि के अधिकारी विशाल पांडेय, बंकिम चौधरी, शेखर सुमन, शुभम पांडेय, शंभू कर्मकार, कल्पना दास, मोनिका लोहार, भारती रजक, मंजू देवी, रीना दास, गीता महतो, शीला दास आदि भी उपस्थित थे।

## सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण सुदामा मित्रता का वर्णन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विजया गार्डन में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन कथा व्यास ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता



रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया हुआ। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है, प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। कथा व्यास ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन तर जाता है।

## टाटानगर रेलवे स्टेशन पर फूड प्लाज़ा का भव्य उद्घाटन, यात्रियों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटानगर रेलवे स्टेशन पर फूड प्लाज़ा की नई यूनिट का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। इस कार्यक्रम में आईआरसीटीसी के जीजीएम मनोज कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और प्लाज़ा का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में एआरएम टाटानगर, एसीएम चक्रधरपुर, स्टेशन डायरेक्टर, और गोयल एंड गोयल के मालिक पंकज गोयल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। फूड प्लाज़ा का संचालन गोयल एंड गोयल द्वारा किया जाएगा। बता दें कि पहले मौजूद फूड प्लाज़ा को लाइसेंस फीस की अनियमितताओं




के कारण बंद कर दिया गया था। आईआरसीटीसी ने नए टेंडर प्रक्रिया के तहत इसे पुनः चालू किया। आने वाले समय में स्टेशन पर स्थित जन आहार को भी जल्द चालू करने की प्रक्रिया जारी है। 15 जनवरी 2025 को जन आहार यूनिट के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है। सभी खाद्य पदार्थ बेस किचन से सप्लाई किए जाएंगे। बेस किचन में आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद होंगे। फूड सेफ्टी सुपरवाइजर और 24/7 लाइव मॉनिटरिंग के साथ खाद्य गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। मनोज कुमार सिंह ने कहा कि फूड प्लाजा का संचालन यात्रियों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

### एक्सएलआरआइ में 18-19 जनवरी को होगा मैक्सी फेयर

## प्ले बैक सिंगर सोनू निगम और निखिल डिसूजा मचायेंगे धमाल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ में 45वें मैक्सी फेयर का आयोजन 18 व 19 जनवरी को होगा. मार्केटिंग एसोसिएशन ऑफ एक्सएलआरआइ (मैक्सी) की ओर से आयोजित इस मेले में शहर के करीब 15,000 लोग शामिल होंगे. इस दौरान शहर के बच्चों की रचनात्मक दक्षता के लिए आर्ट अटैक, शहर की ब्यूटी और ब्रेन की परख करते हुए मिस्टर एंड मिस जमशेदपुर, डांस मेनिया के जरिए नृत्यकला, खाना-पकाना के साथ दिल जीतने के लिए मास्टर शेफ, बच्चों के लिए फैशन और डांस शो के अलावा और भी बहुत कुछ आयोजन होंगे. कुछ प्रतियोगिताएं सभी आयुवर्ग के लिए होंगी. वहीं फूड व अन्य मार्केटिंग स्टॉल के बीच सेल्फी कॉर्नर भी खास आकर्षण होगा. 18 जनवरी की शाम प्रसिद्ध प्ले बैक सिंगर निखिल डिसूजा जबकि 19 जनवरी की शाम को सोनू निगम अपनी गायकी से सभी को झूमने पर मजबूर करेंगे. एक्सएलआरआइ के फुटबॉल ग्राउंड में इस संगीतमयी शाम का आयोजन किया जाएगा.

मैक्सी फेयर में देश की कई कंपनियों के प्रतिनिधि अपनी समस्याओं के साथ शामिल होंगे. जबकि एक्सएलआरआइ के विद्यार्थी शहर के लोगों के दिमाग पर खेल-खेल में रिसर्च करेंगे. इसके बाद जो भी उभर कर सामने आता है, उस पर समेकित रूप से एक्सएलआरआइ के विद्यार्थी रिसर्च कर कंपनियों को सौंपेंगे. पूर्व में पेप्सिको, रिचर्डसन हिंदुस्तान हर्बल विक्स, नेस्ले जैसे ब्रांड की समस्याओं पर भी मैक्सी फेयर में हो चुका है. गौरतलब है कि वर्ष 1979 से लगातार मैक्सी फेयर का आयोजन किया जा रहा है.

### ये गतिविधियां होंगी, जिसमें लोग ले सकेंगे हिस्सा

**आर्ट अटैक :** नवोदित कलाकारों के लिए अपनी कला और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन अवसर

**फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता :** बच्चों और बड़ों के लिए एक मजेदार वेशभूषा प्रतियोगिता

**मिस्टर एंड मिस जमशेदपुर :** प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का परीक्षण

**जमशेदपुर का पसंदीदा परिवार :** परिवारों के बीच रोमांचक और इंटरएक्टिव खेल

**सा रे गा मा पा जमशेदपुर :** स्थानीय गायकों के लिए एक मंच जहां वे अपनी गायन क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं

**मास्टरशेफ जमशेदपुर :** खानपान के शौकिनों के लिए एक कुकिंग प्रतियोगिता

**डांस मैनिया :** उमंग और उत्साह से भरपूर डांस प्रस्तुतियां जो दर्शकों का दिल छू लेंगी

## अवैध माईनिंग की रोक थाम के लिए टास्क फोर्स का गठन, एसडीओ राजीव कुमार ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** अवैध माइनिंग की रोकथाम को लेकर मधुपुर एसडीओ राजीव कुमार ने एसडीपीओ सत्येन्द्र प्रसाद सहित मधुपुर अनुमंडल के सभी सी ओ, बीडीओ व थाना प्रभारी के साथ बैठक किया व टास्क फोर्स का गठन किया गया । मौके पर एसडीओ राजीव कुमार ने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में चल बालू, पत्थर ,कोयला व लकड़ी के अवैध कारोबार को रोका जाएगा। कहा कि ऐसे अवैध माइनिग से जुड़े कारोबारियो के खिलाफ सख्त कार्यवाई की जाएगी । बता दें कि अनुमंडल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवेध बालू, पत्थर व लकड़ी का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। मौके पर एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद सीओ यामुन रविदास, समेत अनुमंडल के सभी सीओ, बीडीओ उपस्थित थे।

# सीओ ने राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर अंचल कर्मियों के साथ किया समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** सीओ यामुन रविदास ने अंचल कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर प्रधान अंचल कमीयों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक किया । मौके पर राजस्व संबंधित कार्यों को अभिलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया । उन्होंने वंशावली बनाकर ऑनलाइन करने को कहा है । ताकि कर्मचारी को जांच रिपोर्ट देने में कठिनाइयां नहीं हो । जो जीवित है उनका नाम रजिस्टर टू में जोड़ा जाए । राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि 15 जनवरी तक सभी मूल रैयत प्रधान राजस्व को वसूली कर जमा करेंगे । साथ ही सरकारी जमीन पर अतिक्रमण



की रिपोर्ट दे । ताकि अतिक्रमण को हटाया जा सके। मौके पर सीओ यामुन रविदास ने कहा कि बैठक में सभी राजस्व कर्मचारियों को खारिज दाखिल से लंबित कार्यों को अभिलंब शार्ट आउट करने के साथ राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया गया हैं । साथ ही उच्च अधिकारियों के द्वारा आने वाले पत्र का अभिलंब जवाब तैयार कर भेजने का निर्देश राजस्व कर्मचारियों को दिया गया । साथ ही मूल रैयत प्रधान को कहा अपनी जिम्मेदारी को निभाए । कहा कि उच्च अधिकारी भी प्रधान मूल रैयत को हमेशा सहयोग करते हैं । इसीलिए आपकी जिम्मेदारी है के जमीन संबंधित कार्यों में ईमानदारी के साथ राजस्व वसूली में तेजी लाएं । मौके पर अंचल निरीक्षक निरंजन रजक अंचल उप निरीक्षक अग्नेश टुडू, सुरेंद्र कुमार वर्मा अंचल अमीन, नाजिर अभय सिंह, प्रधान सहायक मोहम्मद खुर्शीद आलम, कर्मचारी भोला मरिक,राजेंद्र कुमार, राहुल कुमार, पंकज कुमार सिंह, दामोदर दास समेत अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## लायंस क्लब आफ मधुपुर ने गरीबों को सुखा भोजन किया वितरण



**मधुपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लायंस क्लब आफ मधुपुर ने शुक्रवार को फूड टू हंगर कार्यक्रम के तहत शहर के हाजी गली स्थित काजल टैक्स टाईल के समीप गरिब एवं आसाहाय लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया। लायंस क्लब के सभी सदस्यों की सामाजिक सेवा भावना से बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जरूरतमंदों की बीच निरंतर सेवा दे रहे है। गरीबों की सेवा और उनकी मदद समर्पण की भावना से करना ही भगवान की सच्ची सेवा है। लायंस क्लब के सदस्यों ने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों को सुस्वाद और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाकर बहुत ही सुखद अनुभूति मिलती है। क्लब की ओर से इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होने से गरिब और असहाय में काफी खुशी देखी गयी और क्लब के द्वारा इस तरह के आयोजन की सराहना की गई। मौके पर क्लब के कई सदस्य मौजूद थे।

## कोडरमा में दो पुलिस पदाधिकारियों का निरीक्षक पद पर मिला प्रमोशन



**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले में 2012 बैच के दो पदाधिकारियों, पु.अ.नि. विकास कुमार पासवान और पु.अ.नि. अरविंद कुमार, को पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति मिली है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कोडरमा के सभागार में आयोजित एक समारोह में इन अधिकारियों को निरीक्षक का बैच लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को अपने कार्य को निष्ठा और ईमानदारी से करने के लिए शुभकामनाएँ दीं। समारोह में पुलिस उपाधीक्षक (मु.) रतिभान सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (प्रो.) दिवाकर कुमार तथा अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह प्रमोशन जिले की पुलिस व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे पुलिस अधिकारियों के मनोबल में वृद्धि की उम्मीद की जा रही है।

## क्षमत्ता संवर्द्धन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** जिला कृषि पदाधिकारी सत्य प्रकाश द्वार कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बिरसा फसल विस्तार योजना, Per Drop More Crop. बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला, एग्री स्मार्ट ग्राम योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र, दुमका के वैज्ञानिक डा0 जयंत लाल द्वारा मृदा में पाई जाने वाले विभिन्न पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मृदा में विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों के प्रयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड एवं दुमका की अधिकांश मिट्टी अम्लीय है इसके सुधार हेतु मृदा



में 3-4 क्विंटल प्रति हेक्टेयर डोलोमाइट का प्रयोग कर इसका सुधार किया जा सकता है। क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, दुमका के वैज्ञानिक डा0 ए0 के0 साहा द्वारा विभिन्न प्रकार की सब्जी की वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होने बताया कि कृषक अपनी आमदनी सब्जी उत्पादन, फूल उत्पादन एवं फलों के बागवानी द्वारा काफी बढ़ा सकते है। भूमि संरक्षण पदाधिकारी शिव कुमार ने भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजना, कृषि यत्र वितरण, डीप बोरिंग योजना, तालाबों का जीर्णोद्धार योजना के बारे में जानकारी दी। कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी शुभांकर गुप्ता द्वारा फसलों में लगने वाले कीट प्रबंधन एवं इसके निदान एवं पौधों में लगने वाले विभिन्न रोगों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

# हर्ष जोहार के अंतर्गत पीएलसी -7 बैठक का किया गया सफल आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** प्रोजेक्ट हर्ष जोहार के अंतर्गत जिले में एक ऐसे बुद्धिजीवियों की टीम की गठित की गई है जिसमे एक दूसरे के साथ सामाजिक एवं भावनात्मक का विकास कर एक दूसरे का सहयोग करना है ताकि अपने विभाग तथा अपने पर्सनल लाइफ के काम को ससमय कर सके । आज का यह बैठक समस्याओं का समाधान विषय पर आधारित थी, जो हर्ष जोहार पाठ्यक्रम में परिकल्पित प्रमुख क्षमताओं में से एक है। बैठक में BEEOs/ बीआरपी/सीआरपी/बीपीओ/हर्ष जोहार नोडल ने सक्रिय भागीदारी की और अपने दैनिक कार्यों में आने वाली वास्तविक जीवन की



समस्याओं के उदाहरण साझा किए। पीएलसी - 7 बैठक ने एक ऐसा मंच प्रदान किया जहाँ समस्याओं पर विचार-विमर्श और उनके समाधान का सह-निर्माण किया गया। यह प्रयास निश्चित रूप से हर्ष जोहार कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में और सदस्यों के व्यक्तिगत विकास मे मदद करेगा। इसके अलावा बैठक मे सभी को अपने अपने ब्लॉक मे गुरु गोष्ठी और स्कूल भ्रमण के दौरान हर्ष जोहार के बारे बातचीत करने के लिए कहा गया। इस बैठक में कुल 40 जिला एवं प्रखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, बैठक मे जिला कार्यक्रम पदाधिकारी वंदना भट्ट , संपूर्णा कंसोर्टियम की जिला प्रतिनिधि श्री बिमल कुमार, पूजा कुमारी, पूनम सुषमा ने इस कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा एड्डी बांग्ला मामले को लेकर भाजपा ने डीसी को सौपा ज्ञापन



**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सार्वजनिक दुर्गा पूजा एड्डी बांग्ला झुमरी तिलैया के संदर्भ में बैठक के पश्चात एक ज्ञापन कोडरमा के उपायुक्त मेघा भारद्वाज के समक्ष दिया गया द्य ज्ञापन में यह मांग की गई की हर हाल में प्रशासन अपनी निगरानी में इस समिति को दुरुस्त करें द्य इसके लेखा-जोखा की जांच करें , गबन होने वाले राशि का पता लगाकर उसे विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाए द्य सार्वजनिक संपत्ति किसी की व्यक्तिगत संपत्ति ना बने इसके लिए प्रशासन की निगरानी में सभी पक्षों को ध्यान में रखकर एक निष्पक्ष जांच कमेटी बनाकर सार्वजनिक कमेटी बनाई जाए द्य जो सार्वजनिक कमेटी पूर्णतया अनुमंडल पदाधिकारी के देखरेख में बनाई जाए द्य श्रद्धालु एवं भक्त जनों के द्वारा दी जाने वाली एवं मंदिर में आने वाले राशि, सामग्री ,रखरखाव ,वितरण व्यवस्था तथा निर्माण हो रहे धर्मशाला आदि सभी विषयों का एक बायलॉज बने द्य साथ ही साथ मंदिर समिति की एक ट्रस्ट बनाया जाए द्यसमाज के गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी हो और उन गण मान्य व्यक्तियों की निगरानी में भविष्य में इस दुर्गा मंदिर परिसर का कार्य संपन्न होता रहे द्य इन विषयों की जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा नेता नितेश चंद्रवंशी ,भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ,पूर्व अध्यक्ष आलोक सरकार ,अमित जायसवाल, मनोज साहू, रोहित केसरी,हरि पंडित,सुमित कुमार ,प्रभाकर लाल रावत, सुरेश विश्वकर्मा ने उपायुक्त को सभी विषयों की जानकारी दी द्य कोडरमा उपायुक्त ने आश्वस्त किया की इस विषय में जांच करवाती हूं और अनुमंडल पदाधिकारी के देखरेख में भविष्य में सभी पक्षों की जानकारी लेकर दुरुस्त कमेटी बनवाई जाएगी और आम लोगों के लिए सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बनी रहेगी ।

## आलमपुर आंगनबाड़ी केंद्र में चापाकल 2 वर्षो से खराब



**मधुपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** करौ प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र आलमपुर में चापाकल लगभग 2 वर्षो से खराब पड़ा हैद्य खराब पड़े चापाकल की शुद्धि लेने वाला कोई मसीहा नहीं नजर आ रहा हैद्य चापाकल खराब रहने से आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले मासूम बच्चों को पीने का पानी का समस्या उत्पन्न हो गया हैद्य यहां पढ़ने वाले मासूम बच्चे को दूर से पानी लाकर पिलाना पड़ता हैद्य करौ कर्माटांड़ सड़क के बगल में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र आलमपुर की शुद्धि लेने वाला कोई पदाधिकारी या जनप्रतिनिधि नहीं दिखाई देने से ग्रामीणों को उन लोगों के प्रति आक्रोश देखा जा रहा हैद्य बच्चों का मध्यान भोजन बनाने में भी रसोईया को परेशानियां हो रही हैद्य आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका अनीता मुर्मू ने बताया कि विभाग को कई बार सूचना दिए जाने के बावजूद भी अब तक आंगनबाड़ी केंद्र का खराब पड़े चापाकल ठीक करने की दिशा में कोई पहल नहीं किया जा रहा है जिसका खामियाजा रसोईया एवं मासूम बच्चे को भुगतना पड़ रहा हैद्य गांव के दिलीप मरांडी मोटा मरांडी, शैलेंद्र मरांडी, सोम मरांडी आदि ने जिले के उपयुक्त महोदय से टार्बेट कार्यवाही करते हुए आंगनबाड़ी केंद्र का खराब चापाकल बनवाने का मांग मासूम बच्चों के हितों को देखते हुए किया है।

## वारंट की भनक लगते ही ब्रांच मैनेजर ब्रांच से गायब



**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक डोमचांच का ब्रांच मैनेज़र एक मामले में वारंट निर्गत होने के बाद ब्रांच से फरार होने का मामला प्रकाश में आया है. बताया जाता है कि माननीय न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने के कारण बैंक के खिलाफ डी डब्लू वारंट जारी हुआ था. बताया जाता है कि न्यायालय जिला उपभोक्ता फॉर्म इजराय वाद 11/2017 रामकृष्ण मेहता बनाम भारतीय स्टेट बैंक डोमचांच ब्रांच मैनेजर वगैरह में निर्गत डी डब्लू वारंट लेकर जब डोमचांच थाना पुलिस 10 जनवरी 2025 को दिन के लगभग 12ः00 बजे डोमचांच ब्रांच पहुंचती है तो ब्रांच मैनेजर गायब हो जाते हैं यह मामला सुनकर जनता को लगता है कि भरोसे मंद बैंक जहां लोग अपनी कमाई की पूंजी को जमा करते हैं। वहां से ब्रांच मैनेजर अगर भाग जाए तो जनता का क्या होगा ?आखिर बैंक के वरीय पदाधिकारी का नींद कब खुलेगी ? डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक डोमचांच के ब्रांच मैनेजर को अभिलंब गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश का पालन कराया जाएगा। न्यायालय का आदेश पालन कराने में थाना के ऑफिसर पैनी नजर रख रहें है।गिरफ्तारी के डर से ब्रांच छोड़कर भाग जाना मामला तो गोलमाल लगता है। डोमचांच ब्रांच मैनेजर के मोबाइल नंबर को भी पुलिस के द्वारा ट्रैक किया जा रहा है। वहीं यह भी बताया जाता है कि जब पुलिस को पता था और नित्य बैंक का निरीक्षण भी किया जाता है वैसे में ब्रांच मैनेजर का बैंक से एका एक फरार होना कई सवालों को जन्म दे रहा है.

## आज का दिन रहा गर्व का दिन : सुमन



**झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति झारखंड प्रांत के सह संयोजिका योगाचार्य सुषमा सुमन ने कहा कि आज बहुत गर्व का दिन है भारत वासियों लोग के लिए क्योंकि 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है इस दिन का उद्देश्य हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्साहित करना और उसकी उपयोगिता को विश्व पटल पर स्थापित करना है इसकी शुरुआत 1975 में हुई जब नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में प्रत्येक देश में अपनी संबोधित हिंदी भाषा में करते हैं इसे हिंदी का बढ़ावा मिल रही है. वहीं हिंदी पर विशेष कर भारतीय शिक्षा बोर्ड का जो गठन हुई है निश्चित ही हिंदी में और ताकत मिलेगी.

# एडीआईपी व राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत दिव्यांग व वृद्धों का किया गया स्वास्थ्य जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** इस दौरान प्रखंड के विभिन्न क्षत्रों से आए 400 जरूरतमंदों का निबंधन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए जरमुंडी की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी कुमारी ऋतु ने कहा कि कैंप में दिव्यांग एवं वृद्ध जनों का निश्शुल्क परीक्षण एलिम्को भुवनेश्वर से आई चिकित्सकों की टीम के द्वारा किया गया। टीम में शामिल चिकित्सक डा.निरंजन कुमार वर्मा, डा.अभिजित कुमार, डा.गौरव प्रधान, राकेश मेहता एवं शिवम शुक्ला की टीम ने कुल 88 वृद्ध एवं 312 दिव्यांगों का स्वास्थ्य निरीक्षण कर इन्हें निबंधित किया।



अब इन सबको इनकी जरूरत के हिसाब से सहायक उपकरण व यंत्र मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही विभाग की ओर से तारीख की घोषणा की जाएगी। कहा कि कैंप में किसी कारणवश कुछ दिव्यांगों का निबंधन नहीं हो सका है जिन्हें यह सुझाव दिया गया है कि वह जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कैंप में जाकर अपना निबंधन करवा सकते हैं। कहा कि प्रखंड मुख्यालय में आयोजित शिविर में प्रखंड के अधिकांश पंचायतों से बड़ी संख्या में दिव्यांग व वृद्ध स्वास्थ्य निरीक्षण कराने पहुंचे थे। एम्लिको की चिकित्सीय दल ने पूरी तत्परता से इनका स्वास्थ्य निरीक्षण किया। शिविर के सफल आयोजन में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन भगत एवं जरमुंडी के चिकित्सा पदाधिकारी ने भी अहम सहयोग किया है। जबकि शिविर के दौरान ग्राम साथी की टीम के अलावा बाल विकास परियोजना की जूली कुमारी, निहारिका मल्लिक, छाया मुर्मू, स्मृतिकणा झा, स्नेहाशिष कुमार, नयन कुमार एवं अनिल यादव की भूमिका भी सराहनीय रही।

## वन विभाग की टीम ने बिना चालान का पत्थर लोड हाइवा वाहन को किया जब्त, चालक गिरफ्तार



**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वन प्रमंडल पदाधिकारी कोडरमा के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा रेंज़र रवींद्र कुमार ने शुक्रवार को कोडरमा जिले के महेशपुर चौक के समीप वाहन जांच के दौरान मासमोहना रोड से एक हाईवा वाहन को बिना चालान का बोल्डर पत्थर लोड पकड़ा गया। इस मामले में वाहन के चालक रमेश मेहता पिता स्व छोटी मेहता गिरिडीह जिले के बगोदर निवासी को गिरफ्तार करते हुए वन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। मौके पर प्रभारी वनपाल ललन किशोर, अभिमन्यु कुमार समेत कई वन कर्मी मौजूद थे।

# स्वास्थ्य एवं खाद आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने वरिष्ठ पत्रकार खुर्शीद परवेज सिद्दीकी के निधन पर जाताया शोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** झारखंड की एक बड़े उर्दू की पत्रकार खुर्शीद परवेज सिद्दीकी अब हम लोगों के बीच नहीं रहे वह हमेशा के लिए हमें छोड़कर इस दारे फानी से रुखसत कर गए और अपने हकीकी खुदा से क्या मिले अल्लाह ताला से दुआ है कि मरहूम को करवट करवट जन्नतुल फिरदौस में जगह अता फरमाए! यह बातें झारखंड सरकार के स्वास्थ्य एवं खाद आपूर्ति मंत्री अपने मधुपुर दौरे के दौरान अपने आवास मुस्तरी मंजिल में पत्रकार अरशद मधुपुरी से कहा, उन्होंने कहा खुर्शीद साहब एक अच्छे नैक परहेज़गार और बड़े पत्रकार में सुमार किए जाते थे! शहाफत की



दुनिया में खुर्शीद साहब की एक अलग पहचान थी जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता, उनके कलम से ऐसी तहरीर निकलती थी जिसे पढ़कर दिल बाग बाग हो जाते थे, मरहूम खुर्शीद साहब झारखंड के एक बहुत बड़े लेखक सहाफी माने जाते थे उन्होंने 80 वर्ष उम्र पाई और लगातार इस उम्र तक उर्दू जुबान की खिदमत करते रहे खुशी साहब के हम लोगों के बीच से अचानक चले जाना शहाफत से लेकर उर्दू जुबान की बड़ी खसरा हुई है, इसे भरपाई करना बड़ी मुश्किल है! अल्लाह ताला से दुआ करता हूं कि मरहूम के हर खता को माफ करते हुए इन्हें अपने रहमत के साए में जगह अता फरमाए और पूरे परिवार को सब्र व जमील अता करें आमीन।

## कोडरमा में अवैध माइका खनन रोकने के लिए चला छापेमारी, एक जेसीबी मशीन जब्त

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वन प्राणी आश्रयणी क्षेत्र में खनन माफियाओं के द्वारा लगातार अवैध खनन कार्य जारी है।जिसकी सूचना वन प्रमंडल पदाधिकारी वन प्राणी प्रमंडल हज़ारीबाग सूरज कुमार के निर्देश पर गुरुवार की देर रात कोडरमा वन विभाग की टीम के द्वारा छापेमारी कर एक जेसीबी मशीन को जप्त किया गया। इसी दौरान कोडरमा के क्षेत्र जंगल के इंदरवा चितरपुर स्थित लोमचांची जंगल मे अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी की गई, छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध खनन में लगे एक जेसीबी मशीन को जब्त किया है, रेंजर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लोमचांची जंगल में छापेमारी कर अवैध खनन में एक जेसीबी मशीन जब्त किया गया है, जबकि अंधेरे का लाभ देखकर चालक फरार हो गये। इस मामले में अवैध खनन को लेकर अवैध उत्खनन में लगे लोगों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं, उन्होंने बताया कि उनलोगों के ऊपर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। जब्त वाहनों को कोडरमा वन विभाग परिसर में जब्त कर रखा गया है। मौके पर वनपाल प्रभारी उस्मान अंसारी, छत्रपति शिवाजी, दुर्गा माहतो गोपाल यादव के अलावे हजारीबाग की टीम भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि विगत 11 दिसंबर को भी वन विभाग के द्वारा लोमचांची मे छापामारी करके तीन शक्तिमान और एक जेसीबी भी को जप्त किया गया था।

# पांचवा खुला क्योरगी ताकवांडो चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को उपायुक्त ने मेडल पहनाकर किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** पांचवा खुला क्योरगी ताकवांडो चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। बता दें कि पिछले दिनों कोलकाता में पांचवा खुला क्योरगी ताकवांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था, जिसमें झारखंड राज्य के करीब अलग-अलग जिलों से सत्तर खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें ताकवाडों डे-बॉडिंग के 13 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय लेवल पर भाग लिए, जिसमें झारखण्ड राज्य 2ठ्रस्न



रनर अप ट्रॉफी प्राप्त किए तथा 7 खिलाड़ी स्वर्ण पदक तथा 6 खिलाड़ी रजत पदक प्राप्त किए। उपरोक्त 13 खिलाडी कोडरमा जिले की सीडी बालिका विद्यालय की छात्राएं हैं। जिसमें स्वर्ण पदक प्राप्त करने में माना कुमारी 42 केजी , खुशी कुमारी 40 केजी , लक्ष्मी कुमारी 46 केजी , नायशा कुमारी 45 kg, रोजी प्रवीण 42 केजी , नाजिया प्रवीण 45 केजी , खुशबु कुमारी 55 केजी और रजत पदक प्राप्त करने वाले में खुशबु कुमारी 39 केजी , लक्ष्मी कुमारी 56 द्मद्द, सुहानी कुमारी 40 केजी , आदिति सिंह 40 जेजी , पूनम कुमारी 49 केजी खिलाड़ी शामिल हैं। मौके पर डीईओ अविनाश कुमार,कोच आदि लोग मौजूद थे.

## चाराडीह चौक के समीप कार और स्कूटी के बीच टक्कर, दो घायल

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोडरमा थाना क्षेत्र के चाराडीह चौक के समीप शुक्रवार की शाम एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से स्कूटी पर सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों की पहचान संतोष दास उम्र 38 वर्ष पिता विमल किशोर एवं विजय राय उम्र 38 वर्ष पिता मंटू राय चाराडीह निवासी के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की तत्परता से स्कूटी को टक्कर मारने वाले कार को लोगों ने पकड़ कर कोडरमा पुलिस को सौंप दिया। वहीं फिलहाल घायलों का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है।

## संरक्षा आयुक्त (रेलवे) ने किया ओबरा डैम-फफरा- कुन्ड रेलखंड का निरीक्षण



**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा आज दिनांक 10.01.2025 को धनबाद मंडल के रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 06 किमी लंबे नव-दोहरीकृत ओबरा डैम-फफराकुन्ड रेलखंड का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के क्रम में संरक्षा आयुक्त (रेलवे) ने पहले फफराकुन्ड से ओबरा डैम तक मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया । इसके उपरांत स्पेषल टेऊन द्वारा फफराकुन्ड से ओबरा डैम तक स्पीड ट्रायल भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किषोर सिन्हा एवं निर्माण विभाग तथा धनबाद मंडल के उच्चाधिकारीगण भी उपस्थित थे । विदित हो कि 160 किलोमीटर लंबे रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के तहत 154 किमी का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है । आज 6 किमी लंबे ओबरा-फफराकुंड रेलखंड के सीआरएस निरीक्षण के साथ ही यह परियोजना पूर्ण हो गयी।

## पचम्बा में हुआ सामाजिक समरसता राम रथ का भव्य स्वागत

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गिरिडीह जिला के उपनगरीय पचम्बा में राम रथ यात्रा के शुभ अवसर पर सामाजिक समरसता रथ यात्रा का आगमन शुक्रवार को दुर्गा मंदिर स्थान में हुआ, जहां राम रथ का भव्य स्वागत किया गया। बाद मे यह रामरथ उपनगरी पचम्बा से निकल कर पचम्बा - गिरिडीह मुख्य पथ से होकर गिरिडीह नगर मे प्रवेश किया। नगर क्षेत्र के कोलडीहा स्थित दुर्गा मंडप एव मोहलीचुआं स्थित चैती मां दुर्गा मंडप मे इस राम रथ का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान राम भक्त ने जय श्री राम, राम लखन जानकी-जय बोलो हनुमान की, जय मां दुर्गा की जय के जयघोष से पूरा इलाका गुंजायमान रहा। इस सामाजिक समरसता रामरथ में भगवान श्री राम, माता सीता, भैया लक्ष्मण के साथ पवन पुत्र हनुमान जी की प्रतिमा विराजमान है। सभी स्थानों पर महिला श्रद्धालुओं द्वारा रथ में विराजमान राम दरबार की भव्य आरती एवं पुजा अर्चना किया गया।मौके पर अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद बजरंग दल के महा मंत्री शिव पुजन कुमार, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख गौतम कुमार, जिला सेवा प्रमुख पंवन कंधवे, जिला सत्संग प्रमुख दीपक कुमार, नगर उपाध्यक्ष ज्योति शाह, शिव शक्ती शाह, दिलीप यादव, रोहित केशरी, गुडू केशरी समेत काफी संख्या में राम भक्त ने उपस्थिति दर्ज की।

## स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पहुंचे अपने पैतृक आवास मधुपुर



**मधुपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुबे के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति,आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री तथा जामताड़ा से विधायक डॉ. इरफान अंसारी शुक्रवार को अपने मधुपुर के खलासी मोहल्ला स्थित पैतृक आवास से जामताड़ा के लिए रवाना हो रहे थे।इस दौरान वे मधुपुर शहर के कुंडो बंग्ला मोड पर अपने पुराने मित्रों के पास रुक कर कुछ क्षण के लिए पुरानी भूली बिसरी बातों को याद की। साथ ही उनके साथ मिलकर चाय की चुस्की ली। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य विभाग का होगा कायाकल्प। खरमास के बाद वह ऑपरेशन इरफान चलाएंगे। जिसमें वे झारखंड के विभिन्न सरकारी व निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर वहां की स्थिति का जायजा लेंगे। साथ ही वहां की समस्याओं को दूर करेंगे और अगर वहां किसी भी प्रकार की अव्यवस्था प्रबंधन,चिकित्सक व कर्मियों के द्वारा पाई जाती है तो उस पर कड़ी कार्रवाई करेंगे।जिस कारण विभिन्न आपदा के समय में पीड़ितों को समुचित मुआवजा नहीं मिल पाता है।इस अवसर पर उनके साथ सुभाष सिंह,छोटू यादव, कन्हैयालाल कन्नू,अरूप गांगुली, प्रिंस समद समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## कथा वाचिका जया किशोरी को डीसीडीए ने किया सम्मानित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय सुप्रसिद्ध कथा वाचिका जया किशोरी को धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा राजविलास गोविंदपुर में बुके,शॉल कृष्णाजी का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने जया किशोरी जी को धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के क्रिया कलापों के बारे में जानकारी दी संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी गई।जया किशोरी ने संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्यों की काफी प्रशंसा की और 365 दिन जिस प्रकार दवा दुकानदारों द्वारा मरीजों को दवा उपलब्ध कराई जाती हैं और जिस प्रकार पूरे देश में आपके दवा दुकानदारों ने कोविड काल में अपने जान को जोखिम में डाल कर मरीजों को दवा उपलब्ध कराया और उनकी जान बचाई वो कभी भुला नहीं जा सकता है, जया किशोरी जी ने धनबाद के सभी दवा दुकानदारों और उनके परिवारजनों को सुख शांति समृद्धि बनी रहे ऐसी कामना की,सम्मानित करने वालो में अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव धीरज दास,कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, राजेश सिंह,देवन तिवारी, प्रकाश गोयल, अभिषेक अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### धनबाद के मधुबन थाना इलाके में हुये हिंसक झड़प के बाद नेताओं ने दिया अपना प्रतिक्रिया,और कहा

# किसी भी सूरत में बेगुनाहों को इसमें नहीं फसाया जाये



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत जमीन मालिकों और कंपनी के समर्थकों में हुए हिंसक झड़प के पद कई राजनेताओं नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया देते है ।यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने झारखंड के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कहा है कि बाघमारा एस डी पी ओ पर हुए हमले एवं बीसीसीएल में कार्यरत हिल टोप आउटसोर्सिंग कंपनी में हुई गोलीबारी में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री को भी दिया गया है। पत्र के माध्यम से सिंह ने कहा है कि बाघमारा एस डी पी ओ पर हुए हमले एवं धर्माबांध ओ पी अंतर्गत हिल टोप आउटसोर्सिंग कंपनी में हुई गोलीबारी की घटना कानून व्यवस्था एवं पुलिस प्रशासन की गरिमा को माफियाओं द्वारा चुनौती है। इस घटना ने साबित कर दिया है कि बीसीसीएल में आउटसोर्सिंग कंपनीयां नियम कानून को चुनौती देते हुए माफियाओं के बल पर चल रही है।ओर उन्होंने संवाददाता से कहा कि किसी भी सूरत में बेगुनाह लोगों को तंग नहीं किया जाए। हीं दूसरी ओर भाकपा-माले पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो निंदा करते हुए कहां बीसीसीएल पदाधिकारीयों और आउटसोर्सिंग कंपनी के मालिकों पर क्षेत्र में अशांति फैलाने का दोषी है। वे लोग ही असामाजिक तत्व को संरक्षण देकर बेरोजगार, विस्थापित के अधिकार को छीनकर दबंग व्यक्तियों को मजबूत करता है। जिसका कारण है की जिसका जमीन कोलियरी में जाता है उसे हक और अधिकार नहीं मिलकर दबंग लोगों के हाथ पर बागडोर देने का प्रयास करता है। जिसका नतीजा है की क्षेत्र में खूनी संघर्ष हो रही है उसमें प्रशासन भी मुख्य दर्शक बन जाते हैं। और अभी भी झारखंड सरकार बनने के बावजूद भी मानसिकता अफसरों का झारखंड विरोधी है।

## 15 वर्षीय नौवी कक्षा के छात्र ने घर में लगायी फाँसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** शहर के वार्ड नंबर 15 स्थित बावनबीघा सपाहा में शंकर राय के पुत्र नौवी कक्षा के एक 15 वर्षीय छात्र विष्णु कुमार राय उर्फ टाइगर ने अपने ही घर में फाँसी लगाकर जान दे दी । मौके पर पुलिस घटनास्थल पर पहुँच कर मामले की छान बीन की घटना के संबंध में बताया जाता है कि 52 बीघा मोहल्ले के शंकर राय के पुत्र 15 वर्षीय विष्णु राय उर्फ टाइगर ने अपने घर में बीती रात को फांसी लगाकर जान दे दी सूचना पर मधुपुर पुलिस के सब इंस्पेक्टर रूपेश कुमार, मोहम्मद औरंगज़ेब एवं युसूफ मल्लिक दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लिया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु देवघर भेज दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## विधायक मंजू कुमारी ने किया उपायुक्त से मुलाक़ात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** जमुआ विधानसभा क्षेत्र की विधायक मंजू कुमारी ने गिरिडीह उपयुक्त नमन प्रियेश लकड़ा से मिलकर जमुआ क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में दोनों ने जमुआ क्षेत्र में बेहतर आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और स्थानीय रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के मुद्दों पर विचार विमर्श किया।मंजू कुमारी ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जमुआ क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक विकास की सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने यह भी बताया कि वे राज्य सरकार से जुड़ी योजनाओं का लाभ स्थानीय लोगों तक पहुंचाने के लिए काम कर रही हैं।नमन प्रिय लकड़ा ने इस दौरान विधायक मंजू कुमारी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के सुधार और स्थानीय जन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करने की बात कही। जमुआ क्षेत्र के विकास के प्रति दोनों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और आने वाले समय में जमुआ क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं।



## मनकडीहा पंचायत में सरकारी कंबल का वितरण, ठंड से राहत हेतु समाजिक पहल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी/गिरिडीह :** बिरनी प्रखंड के मनकडीहा पंचायत में शुक्रवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ठंड से राहत के लिए गरीबों और जरूरतमंदों के बीच सरकारी कंबल वितरित किए गए। यह कंबल पंचायत मुखिया निरंजन कुमार, उपमुखिया मनीष कुमार, वार्ड सदस्य आनंद कुमार, प्रभु शर्मा और कुसुम देवी द्वारा वितरित किए गए। यह कंबल सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए थे, जिनका वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में किया गया। ठंड के मौसम में गरीबों को इस सहायता से ठंड से राहत मिली। मुखिया निरंजन कुमार ने बताया कि यह कंबल सरकार की योजना के तहत वितरित किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को ठंड से प्रभावित न होना पड़े।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासियों ने पंचायत प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के सरकारी सहायता कार्यक्रमों से समाज के कमजोर वर्ग को बड़ा लाभ मिलता है। उपमुखिया मनीष कुमार और वार्ड सदस्य आनंद कुमार ने भी कहा कि वे आगे भी ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने का प्रयास करेंगे, जिससे समाज के सभी वर्गों को लाभ मिले।

## विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के बीच कविता पाठ व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सहायक मंडल अभियंता कार्यालय ,मधुपुर के फणीश्वर नाथ रेणु हिंदी पुस्तकालय में रेल कर्मचारियों के बच्चों के बीच कविता पाठ एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।कर्मचारियों के बीच हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने हेतु सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रवि शेखर यातायात निरीक्षक की अध्यक्षता सभा आयोजित की गई जिसमें स्टेशन प्रबंधक एसके पाठक मधुपुर ,स्वास्थ्य निरीक्षक कुमार अभिमन्यु, एसएसई टीआरडी मधुपुर, सुजीत कुमार कार्यालय अधीक्षक, अखिलेश कुमार हिंदी संयोजक, गौतम कुमार वरिष्ठ लिपिक, मृत्युंजय कुमार द्विवेदी, सोहन कुमार मंडल, दीपक दास, भुवनेश्वर कुमार, महबूब अली कार्यालय अधीक्षक, सुमन सिंह सीनियर नर्सिंग अधीक्षक, एवं अन्य रेलवे कर्मी उपस्थित थे।

## भाजपा नेता मुकेश जालान ने पूर्वी रेलवे के उपमहाप्रबंधक से किया मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह वासियों की विभिन्न मांगों को लेकर ज़ोनल रेलवे यूज़र्स कंसल्टेटिव कमिटी के सदस्य एवम भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार जालान ने उप महाप्रबंधक पूर्वी रेलवे वेद प्रकाश से मुलाकात की।जहाँ उन्होंने सलैया स्टेशन का नाम परिवर्तन कर के पचंबा स्टेशन करने , आसनसोल राँची इंटरसिटी एक्सप्रेस का पचंबा स्टेशन में ठहराव , सियालदह आसनसोल इंटरसिटी सुपरफास्ट का विस्तार गिरिडीह स्टेशन तक करने , गिरिडीह से कोलकाता तक सीधी रेल सेवा बहाल करने अथवा गिरीडीह से आसनसोल के बीच



सुबह में एवम एक रेल शाम को आसनसोल से गिरीडीह तक चलाने , गिरीडीह स्टेशन का सौंदर्यकरण करने इत्यादि माँगो का अनुरोध पत्र सौपा । जिस पर महाप्रबंधक ने सभी माँगो पर उचित कदम उठाने का विश्वास दिलाया ।

## केन्दुआगड़ाह में इफको द्वारा किसान सभा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले के बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत केन्दुआगड़ाह में इफको कंपनी के द्वारा तरल नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी आधारित किसान सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वही बताया किसानों को कृषि एवं खाद से संबंधित के बारे में बताया गया। साथ ही कृषि में प्रयोग होने वाले नवीनतम उर्वरक जैसे नैनो तरल यूरिया, नैनो तरल डीएपी ,जल विलय उर्वरक, इनके गुण, प्रयोग7 विधि ,प्रयोग मात्रा एवं उचित समय तथा साथ ही बोरे वाले यूरिया, डीएपी से होने वाले मृदा एवं वातावरण को नुकसान के बारे में भी जागरूक किया गया। मौके पर



कार्यक्रम में उपस्थित किसानों के बीच इफको द्वारा गरीब किसानो के बीच कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगो को कमल का वितरण किया गया द्यमौके पर उपस्थित कार्यक्रम में इफको क्षेत्र अधिकारी देव कुमार, बिक्री केंद्र प्रभारी नीतीश कुमार , उर्वरक सहायक नवीन कुमार वर्मा , वार्ड सदस्य संजय कुमार, उप मुखिया कृष्ण कुमार वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## मधुबन थाना इलाके में हिंसक झड़प के बाद पुलिस प्रशासन के कई पदाधिकारियों ने घटना स्थल का किया मुआयना

- कई जगहों में छापेमारी कर किया लोगो को गिरफ्तार
- किसी भी सूरत में बेगुनाहों को पुलिस परेशान ना करे : दीपनारायण सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के मधुबन थाना धर्मा बांध ओपी इलाके में हुए आउटसोर्सिंग कंपनी के लोगो ओर रैयतों के बीच हुए हिंसक झड़प और बाघमारा एसडीपीओ के घायल होने के बाद खूनी संघर्ष की जांच के लिए आईजी डीआईजी एवं धनबाद एसएसपी घटना स्थल पर पहुंच कर जांच में जुटे,साथ में बम निरोधक दस्ता की टीम शामिल थी। जिसने कई जिंदा बम और कारतूस हुए



बरामद किए। वहीआईजी ने कहा घटना में शामिल अपराधियों पर की जाएगी कड़ी कानुनी में कार्रवाई।वही दूसरी ओर मधुबन पुलिस ने आशा कोठी के साथ कई गांव में छापेमारी कर कई लोगों को गिरफ्तार किया है। वही अभी तक पुलिस के पकड़ से दूर कंपनी के लोग है। वही दीपनारायण सिंह ने बताया कि किसी भी सूरत में बेगुनाहा रैयतों को पुलिस परेशान ना करे जो लोग माफिया है आपराधिक है जिन्होंने घटना को अंजाम दिलवाया है चाहे जितना भी बड़ा नेता हो उसे पुलिस पकड़ कर करवाई करे।

## वृद्ध और विधवा महिलाओं के प्रति सरकार की रवैया उदासीन : मौर्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोज मौर्या ने शुक्रवार को प्रेसविज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड में मैया सम्मान योजना, बेशक वोट बैंक बनाने के लिए राज्य सरकार की एक अच्छी पहल साबित हुई है। विगत विधानसभा चुनाव में सरकार को इसका लाभ भी मिला है लेकिन इस योजना से समाज की महिलाओं में समानता और समरूपता के बीच बड़ी खाई को भी जन्म दिया है। श्री मौर्या ने कहा कि एक ओर, जहां शारीरिक रूप से कमजोर और असहाय महिलाओं को मात्र 1000 रूपये प्रतिमाह ही मिल रहे हैं वहीं दूसरी ओर, शारीरिक रूप से मजबूत और सबल महिलाओं को 2500 रूपये प्रतिमाह मिल रहा है। ऐसे में, दुर्बल महिलाओं का सबल महिलाओं प्रति द्वेष और घृणा की स्थिति को जन्म दे रहा है। उन्होंने सरकार पर कहा कि एक ही समाज के दुर्बल और सबल महिलाओं के बीच मानसिक रूप से एक दूसरे के साथ भेदभाव की नियत को जन्म दिया जा रहा है जो निकट भविष्य में राज्य के सामाजिक हित पर



कुठाराघात है। एक ओर जहां सबल महिलाओं को मिल रहे मैया सम्मान योजना के लाभुकों में खुशी की लहर है वहीं दूसरी, दुर्बल और असहाय महिलाओं में खुद के वृद्ध होने की लाचारी और विधवा होने पर कम राशि मिलने का मलाल और रोष भी है। इस व्यवस्था को धरातल पर लाने वालों के काबिलियत और नियत पर शक होना वाजिब ही है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वृद्ध एवं विधवा महिलाओं के प्रति समाज की मानसिकता बिल्कुल उदासीन हो गई है। समाज में कुछ ऐसे लोग हैं जो शराब पीने के लिए पत्नी द्वारा बचाए गए पैसों को जबरन मांगते हैं नहीं मिलने पर पत्नी के साथ मारपीट तक कर देते हैं। पहले तो ऐसे पतियों को अनुमान रहता था अब तो विश्वास रहेगा कि पत्नी के खाते में इतने रूपये पड़े होंगे। ऐसे में मैया सम्मान योजना घरेलू हिंसा को बढ़ावा देगी। साफ शब्दों में कहा जाय तो अब राज्य में महिला हिंसा की घटना बढ़ेगी। अपनी आवश्यकता की पूर्ति एवं पैसों के संग्रह के लिए राज्य की महिलाएं मेहनत और मजदूरी करती थीं जिससे ना केवल महिलाएं उन पैसों को संभाल कर खर्च करती थीं बल्कि उनका सेहत भी ठीक रहता था। मुफ्त में मिलने वाले इस सम्मान राशि का दुरुपयोग भी होगा और शारीरिक दुर्बलता भी बढ़ेगी। ऐसे कई बिंदु हैं जिसपर सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है। वैसे तो सरकार की योजना जनकल्याणकारी होता है, जनता के हित में होती है और सभी योजनाओं के कुछ ना कुछ त्रुटियां या दुष्परिणाम भी होते हैं लेकिन यह मैया सम्मान योजना जनता के हित में कम ही है और इसका दुष्परिणाम ज्यादा है।

# वार्षिक महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** चंचला मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को माँ चंचला त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव की तैयारियों को लेकर महोत्सव समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महोत्सव समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल उपस्थित रहे। बैठक के दौरान 16 जनवरी से शुरू होने वाले इस महोत्सव के कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गई। महोत्सव का शुभारंभ 16 जनवरी को माँ चंचला की भव्य कलश शोभा यात्रा से होगा। इसके बाद 17 और 18 जनवरी को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पूजन सामग्री, कलश सजावट, मंदिर की साज-सज्जा, माता की बेदी की तैयारी और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सभी स्वयंसेवकों ने महोत्सव को सफल बनाने के लिए अपने-अपने दायित्व निभाने का संकल्प लिया। महोत्सव समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने अपने संबोधन में कहा,÷माँ चंचला का यह त्रिदिवसीय महोत्सव हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा का प्रतीक है। इसकी सफलता हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें अपनी पूरी मेहनत और श्रद्धा के साथ इस आयोजन को यादगार बनाना है।÷ महोत्सव समिति के अन्य सदस्यों और स्वयंसेवकों ने भी महोत्सव को भव्य और सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए, ताकि महोत्सव में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। माँ चंचला त्रिदिवसीय महोत्सव की तैयारियों को लेकर भक्तों और क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है।

# उपायुक्त ने की चौकीदार नियुक्ति समिति की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, जामताड़ा श्रीमती कुमुद सहाय की अध्यक्षता में चौकीदार नियुक्ति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक के क्रम में उपायुक्त ने जामताडा जिलान्तर्गत चौकीदार की सीधी नियुक्ति को लेकर पूर्व में दिए निर्देश के अनुपालन का समीक्षा किया। उपायुक्त ने बैठक में सभी अंचल से राजस्व अभिलेख/अन्य दस्तावेज के पूर्ण प्रमाण के आधार पर प्राप्त रिक्त बीट संख्या एवं संबद्ध ग्रामों का नाम संबंधी प्रतिवेदन की समीक्षा कर विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक जामताड़ा डॉ एहतेशाम वकारिब अनुमंडल पदाधिकारी जामताड़ा अनंत कुमार, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा सह भूमि सुधार उप समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल, सभी संबंधित अंचल अधिकारी के अलावा प्रधान लिपिक संतोष कुमार एवं अन्य मौजूद रहे।

# कर्माटांड़ प्रखंड के कई गांवों में सोहराय त्योहार की धूम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** कर्माटांड़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सोहराय त्योहार का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक उत्साह के साथ हो चुका है। आदिवासी समाज के लोगों ने इस त्योहार को प्रकृति से जुड़ी परंपराओं और सामूहिकता का प्रतीक बताते हुए ढोलक और मांडर की धुन पर नृत्य और गायन किया। बैड़गाडीह गांव के ग्रामीणों ने भी सोहराय पर्व को बड़े उल्लास के साथ मनाना शुरू किया। शुक्रवार को त्योहार का आरंभ हुआ, और पहले दिन हर परिवार ने पारंपरिक पकवान बनाए। ग्रामीणों ने बताया कि त्योहार के पहले दिन उन्होंने सामूहिक भोज का आनंद लिया और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ पूरे गांव में नृत्य किया। ग्रामीणों ने कहा, ÷सोहराय त्योहार हमारे समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पर्व हमें हमारी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ता है और समुदाय में भाईचारे को बढ़ावा देता है। यह त्योहार 15 जनवरी तक मनाया जाएगा, और हर दिन नई गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन होगा। त्योहार के दौरान बैड़गाडीह के लोगों ने ढोलक, मांडर और अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ सामूहिक नृत्य किया। गांव की गलियां गीत और नृत्य की धुनों से गूंज उठीं। पारंपरिक परिधानों में सजे ग्रामीणों ने त्योहार को और भी खास बना दिया।

# आँगनवाडी सेविकाओ के लिये एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का की गई आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** करमाटांड के गुलाब राय गुटगुटिया प्लस 2 विद्यालय में शुक्रवार को समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आँगनवाडी सेविका के लिए एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रखंड क्षेत्र की लगभग 30 आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थीं। कार्यशाला का उद्घाटन बी पी ओ सावित्री किस्कू ने किया।मुख्य प्रशिक्षक सह रिसोर्स शिक्षक शशि शेखर ने कहा कि बालपन शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं हस्तक्षेपन, पुनर्वास, विद्यालय स्तर पर दिव्यांग बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं दिव्यांगता प्रमाणपत्र और सरकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी, ताकि सेविका बहन अपने स्तर पर कार्यक्रम को उसके निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचा सकें। कार्यक्रम का संचालन रिसोर्स शिक्षिका करुणा कुमारी के द्वारा किया गया।

# उमरा हज यात्रा के लिये हुये रवाना, भव्य विदाई समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्माटांड़ :** प्रखंड स्थित तारा बहाल गांव के एक ही परिवार के तीन सदस्य अत्ताउल्लाह अंसारी, तैमुन बीबी और रहिमा बीबी उमरा हज यात्रा के लिए मक्का-मदीना रवाना हो गए है! यात्रा की शुरुआत के मौके पर गांव में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और दूर-दराज से आए हुए लोगों ने इस परिवार को विदाई दी। कार्यक्रम में दुमका सांसद नलिन सोरेन, सारठ विधायक उदय शंकर सिंह (सुना सिंह), नावाडीह पंचायत मुखिया सज्जाद अंसारी उर्फ गुल मोहम्मद, कुटुव मियां, मोहम्मद शाहिद अंसारी, जब्बार अंसारी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी ने इस परिवार को उमरा हज यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं और मक्का-मदीना में उनकी यात्रा की सफलता की कामना की। साथ ही, मक्का-मदीना में देश और समाज के लिए शांति, चैन और सुकून की दुआ की अपील की। इस अवसर पर स्थानीय समुदाय ने इस यात्रा को यादगार बनाने के लिए सक्रिय रूप से भाग लिया और परिवार को सम्मानित किया। पूरे गांव में इस यात्रा को लेकर विशेष उत्साह और खुशी का माहौल था, और सभी ने मिलकर इसे एक खास और भावुक पल बना दिया।

# नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहिया साथी की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**नाला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहिया साथी की एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक हुई। इस बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी के निर्देश पर विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में कई स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे,इसके अलावा, परिवार नियोजन, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड और अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।बैठक में सभी सहिया साथियों को पीएलए 12 नंबर की बैठक की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी के लाभुकों को लाने का निर्देश दिया गया। जिनमें बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू, फील्ड मॉनिटर शशि भूषण कुमार और एमटीएस अहमद रेजा परवेज शामिल थे।

# जामताड़ा में पुलिस निरीक्षकों को मिली पदोन्नति, पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित



**जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पुलिस केंद्र, जामताड़ा में आयोजित एक समारोह में डॉ. एहतेशाम वकारिब, पुलिस अधीक्षक, जामताड़ा ने दो पुलिस निरीक्षकों - शशीभूषण कुमार और अविनाश कुमार को पुलिस निरीक्षक की कोटि में पदोन्नत किया और उन्हें बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. वकारिब ने दोनों अधिकारियों को भविष्य में बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में जामताड़ा के अन्य पुलिस अधिकारी, पदाधिकारी, परिचारी प्रवर और पुलिस मेन्स एसोसिएशन के सदस्य भी उपस्थित थे। डॉ. एहतेशाम वकारिब जामताड़ा के पुलिस अधीक्षक हैं और झारखंड कैडर के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं

# गैस सिलेंडर लदा ट्रक और हाइवा में भिड़ंत, दोनों चालक घायल

○ जोरदार टक्कर से ट्रक जलकर राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के कुसचिरा बाईपास पर गुरूवार की रात गैस सिलेंडर लदा ट्रक और कोयला दुलाई में लगे हाइवा के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस टक्कर के बाद हाइवा में आग लग गई। जिससे देखते ही देखते ट्रक जलकर राख हो गया। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और सिलेंडरों को ब्लास्ट होने से बचा लिया गया। घटना के बाद ट्रक और हाइवा दोनों के चालक जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस की सहायता से घायल चालकों को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। गैस सिलेंडर लदा ट्रक के चालक की नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही गोपीकांदर थाना प्रभारी रंजीत मंडल और अमड़ापाड़ा थाना प्रभारी अनूप भेंगरा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। जानकारी के मुताबिक इंडियन गैस सिलेंडर लदा ट्रक साहिबगंज से दुमका की ओर जा रहा था, जबकि हाइवा दुमका रैक पॉइंट से बीजीआर कोल माइंस लौट रहा था। कुसचिरा बाईपास पर दोनों वाहनों की आमने-सामने की टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाइवा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रक का केबिन जलकर खाक हो गया। बीजीआर कंपनी के पानी टैंकर को बुलाकर आग पर काबू पाया गया। हादसे के कारण स्टेट हाईवे पर लगभग चार घंटे तक जाम लगा रहा। रात करीब 10 बजे जेसीबी मशीन की मदद से सिलेंडर लदा ट्रक को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद आवागमन सुचारू हो सका।

# दिव्यांग और वृद्धों की हुई स्वास्थ्य जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** जरमुंडी प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को एडीआईपी व राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत दिव्यांग व वृद्धों का स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर इनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए 400 जरूरतमंदों का निबंधन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए जरमुंडी की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी कुमारी ऋतु ने कहा कि कैंप में दिव्यांग एवं वृद्धजनों का निश्शुल्क परीक्षण एलिम्को भुवनेश्वर से आई चिकित्सकों की टीम के द्वारा किया गया। टीम में शामिल चिकित्सक डॉ निरंजन कुमार वर्मा, डॉ अभिजित कुमार, डॉ गौरव प्रधान, राकेश मेहता एवं शिवम शुक्ला की टीम ने कुल 88 वृद्ध एवं 312 दिव्यांगों का स्वास्थ्य निरीक्षण कर इन्हें निबंधित किया। अब इन सबको इनकी जरूरत के हिसाब से सहायक उपकरण व यंत्र मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही विभाग की ओर से तारीख की घोषणा की जाएगी। कहा कि कैंप में किसी कारणवश कुछ दिव्यांगों का निबंधन नहीं हो सका है जिन्हें यह सुझाव दिया गया है कि वह जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कैंप में जाकर अपना निबंधन करवा सकते हैं। कहा कि प्रखंड मुख्यालय में आयोजित शिविर में प्रखंड के अधिकांश पंचायतों से बड़ी संख्या में दिव्यांग व वृद्ध स्वास्थ्य निरीक्षण कराने पहुंचे थे। एम्लिको की चिकित्सीय दल ने पूरी तत्परता से इनका स्वास्थ्य निरीक्षण किया। शिविर के सफल आयोजन में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन भगत एवं जरमुंडी के चिकित्सा पदाधिकारी ने भी अहम सहयोग किया है। जबकि शिविर के दौरान ग्राम साथी की टीम के अलावा बाल विकास परियोजना की जूली कुमारी, निहारिका मल्लिक, छाया मुर्मू, स्मृतिकणा झा, स्नेहाशिष कुमार, नयन कुमार एवं अनिल यादव की भूमिका भी सराहनीय रही।

# रंग तरंग कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिये बैठक आयोजित



**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला कला संस्कृति संघ द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रम रंग तरंग की तैयारी को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से संघ के बैठक शिशिर घोष के अध्यक्षता में इंडोर स्टेडियम में आयोजित की गई। श्री घोष द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि 11¬30 बजे तूफान पोद्दार सहायक निदेशक कला एवं संस्कृति विभाग एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुचिता किरण भगत, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा विभाग दुमका द्वारा किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया की आगत अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत का जिम्मा संगीता सिंहा एवं शर्मिला सिंहा को दी गई। नृत्य एवं गीत का संयोजन महेंद्र प्रसाद साह करेंगे। नाटक का संयोजन नवीन चंद्र ठाकुर करेंगे तथा कवि सम्मेलन का संयोजन अंजनी शरण करेंगे। बैठक में सचिव अशोक सिंह उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शाह, डॉ मनोज कुमार घोष, उमाशंकर चौबे, संगीता सिंहा, शर्मिला सिंहा, किशोर चंचल, अंजनी शरण दिलीप मिर्धा , नैय्यर आजम, सागर वर्मा, विष्णु देव महतो, अभिषेक कौशिक उपस्थित थे।

# मायावी-11 टीम ने फौजदारी पैंथर टीम को पांच विकेट से हराकर जीता खिताब




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** बासुकीनाथ में चल रहे रिंकू अभिषेक टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में मायावी-11 टीम ने फौजदारी पैंथर टीम को पांच विकेट से हराकर जीत हासिल की। फौजदारी पैंथर टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवर में 128 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। जवाबी पारी खेलते हुए मायावी-11 टीम ने 18 ओवर एक गेंद में पांच विकेट के नुकसान पर जीत हासिल कर ली। मायावी-11 टीम के मो शाहदाब को शानदार बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी करने के लिए मैन आफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अंपायर अनिल उर्फ बंटी राव और शेखर साह ने भूमिका निभाई। इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन में आयोजक समिति के सदस्य एवं बासुकीनाथ बीसीसी के पूर्व खिलाड़ी व बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व खेलप्रेमी सहयोग कर रहे है।

# कर्मियों का क्षमत्ता संवर्द्धन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** आत्मा सभागर दुमका में टीआरएफए तेलहन योजनान्तर्गत प्रसार कर्मियों का क्षमत्ता संवर्द्धन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ एके साहा, वैज्ञानिक डॉ जयंत लाल, आत्मा के परियोजना निर्देशक संजय कुमार मंडल, जिला कृषि पदाधिकारी सत्य प्रकाश, कनीय पौधा सरक्षण पदाधिकारी शुभांकर गुप्ता, भूमि संरक्षण पदाधिकारी शिव कुमार, विभिन्न प्रखंडों से प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, एवं जनसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम में सबसे पहले परियोजना निदेशक संजय कुमार मंडल द्वारा प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस योजना के तहत कृषकों को 50त्न अनुदान पर कृषि यंत्र पपसेट, रोटाभेटर, पाईप, वथा धिडकाव यंत्र आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी सत्य प्रकाश द्वार कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड एवं दुमका की अधिकांश मिट्टी अम्लीय है इसके सुधार हेतु मृदा में 3-4 क्विंटल प्रति हेक्टेयर डोलोमाइट का प्रयोग कर इसका सुधार किया जा सकता है। क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ एके साहा द्वारा विभिन्न प्रकार की सब्जी की वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होने बताया कि कृषक अपनी आमदनी सब्जी उत्पादन, फूल उत्पादन एवं फलों के बागवानी द्वारा काफी बढ़ा सकते है। भूमि संरक्षण पदाधिकारी शिव कुमार ने भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजना, कृषि यत्र वितरण, डीप बोरिंग योजना, तालाबों का जीर्णोद्धार योजना के बारे में जानकारी दी। कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी शुभांकर गुप्ता द्वारा फसलों में लगने वाले कीट प्रबंधन एवं इसके निदान एवं पौधों में लगने वाले विभिन्न रोगों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# लकड़ा पहाड़ी उच्च विद्यालय के आईसीटी लैब में हुई चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जामा थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय लकड़ापहाड़ी के आईसीटी लैब में अज्ञात चोरों द्वारा कम्प्यूटर की चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सिसलिया मुर्मू ने थाना पुलिस को लिखित दिया है कि विद्यालय बंद रहने के दौरान आईसीटी लैब के खिड़की का ग्रिल काटकर अज्ञात चोरों ने लैब में रखे कम्प्यूटर के मॉनिटर सहित अन्य उपकरणों की चोरी कर लिया है। ज्ञात हो कि 25 दिसंबर से 6 जनवरी तक विद्यालय में छुट्टी थी। 7 को विद्यालय खुला। 8 जनवरी को छात्रों का कम्प्यूटर एग्जाम कराने के लिये आईसीटी का कमरा खोला गया तो चोरी की घटना सामने आयी। फिर देखा गया कि पीछे की खिड़की का ग्रिल कटा हुआ है। थाना पुलिस द्वारा कांड संख्या 02/25 के तहत बीएनएस की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र



## चलते चलते एक नजर

### रघुवर राज्य के फ्लॉप नेता है, पार्टी में खींच तान कम करने की हो रही है नाकाम कोशिशः यादव

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने भाजपा नेता पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल रघुवर दास के बीजेपी वापसी करने पर कहा कि रघुवर दास एक असफल मुख्यमंत्री और राज्यपाल साबित हुए हैं । बीजेपी के शीर्ष नेताओं के आदेश पर पार्टी में वापसी महज एक इवेंट नाटक है और पार्टी में चल रहे भीषण घमासान को शांत करने की नाकाम कोशिश है । यादव ने कहा कि रघुवर दास राज्य के लिए फ्लॉप नेता हैं जब मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने हाथी उड़ाकर राज्यवासियों को बेवकूफ बनाने का काम किया और राज्य का जनता का पैसा बर्बाद किया । उनका मुख्यमंत्री और राज्यपाल का कार्यकाल बिल्कुल असफल और फेल रहा है , इसलिए रघुवर की पार्टी में वापसी होने से झारखंड के जनता को की फायदा नहीं होगा ।

### श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का विशाल भंडारा आज

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुताहा तालाब रांची के तत्वधान में श्री राम लला जन्म भूमि के प्रथम वार्षिक महोत्सव के उपलब्ध में श्री चैती दुर्गा मंदिर में भव्य कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें मंदिर में सुबह 11:00 बजे से मंदिर में पूजा अर्चना किया जाएगा एवं दोपहर 1:00 बजे से विशाल भंडारा किया जाएगा।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू,रमेश सिंह, उदय साहू,राजकुमार गुप्ता,अध्यक्ष शंकर दुबे, कुमार राजा, शेकर गुप्ता, दीपू सिंह, गणेश सिंह, गोपाल पारीक, विशाल कृष्णा, दीनदयाल,मेहश चन्द्रा एवं संस्था के सभी पदाधिकारी गण एवं सदस्य गण के द्वारा ये कार्यक्रम कों सफल बनाया जा रहा है।यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दिया।

### उपायुक्त से मिलीं झारखंड की क्षेत्रीय पासपोर्ट पदाधिकारी मनिता

**रांची।** झारखंड की क्षेत्रीय पासपोर्ट पदाधिकारी (आईएफएस) मनिता के. ने 10.01.2025 को उपायुक्त, राँची मंजूनाथ भजन्त्री से मुलाकात की। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त से यह उनकी अनौपचारिक मुलाकात थी। मौके पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा उन्हें मोमेंटो एवं शॉल भेंट किया गया।



# वित्त मंत्री के निर्देश पर अधिकारियों ने की जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के निर्देश पर एमआरएमसीएच की आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी की जांच शुरू कर दी गयी है। जिले के उपायुक्त के द्वारा जांच के लिए डीडीसी, एसडीएम, एनडीसी, श्रम अधीक्षक की कमिटी गठित की है। जांच टीम में शामिल डीडीसी शब्बीर अहमद, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, श्रम अधीक्षक ऐतवारी महतो, एनडीसी ने शुक्रवार को एमआरएमसीएच का निरीक्षण किया। इस क्रम में बाला जी के सफाईकर्मियों से जहां बातचीत की गयी, वहीं उनके



स्टोर का भी विजिट किया गया। अधिकारियों की जांच में आज कुल 65 सफाईकर्मियों के विरूद्ध 41 की उपस्थिति पाई गई। यह भी पता चला कि वित्त मंत्री के एमआरएमसीएच निरीक्षण के बाद उनसे नौ घंटे की सेवा ली जा रही है, जिसमें एक घंटा विश्राम दिया जाता है। पहले छह घंटे काम लिया जाता था। कर्मियों से मानदेय सहित अन्य मामले में भी बातचीत की गयी।श्रम अधीक्षक ने कहा कि नौ घंटे की डयूटी में एक घंटे विश्राम देकर नियमानुसार अकुशल मजदूर को 463 रूपए मिलने चाहिए। मंत्री के निरीक्षण के बाद से सफाईकर्मियों को इतनी राशि दी जा रही है।अधिकारियों की टीम ने उपस्थिति के साथ साथ ड्रेस में कौन कौन आए हैं आदि की भी जानकारी ली। पूरी रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जायेगी और फिर आगे की कार्रवाई की जायेगी।मौके पर जिले के सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार, सुपरीटेंडेंट डा. धर्मेन्द्र कुमार, बाला जी के सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

## बहु बाजार दुकानदार संघ का विरोध प्रदर्शन आज : राजू महतो




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बहु बाजार दुकानदार संघ सिरम टोली केंद्रीय सरना समिति सिरम टोली रैयत विस्थापितों की संयुक्त बैठक बहु बाजार चौक में की गई। बैठक की अध्यक्षता दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजू महतो ने किया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया की 11 जनवरी 2025 समय दिन के 12.30 बजे आयोजित शहर अंचल कार्यालय भूअर्जन पदाधिकारी के द्वारा बैठक में दुकानदारों विस्थापित होने वाले खतयानी रैयत सिरम टोली केंद्रीय सरना समिति के धर्मोलंबीयों के द्वारा संयुक्त रूप से शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा एवं कांटाटोली सिरम टोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर के लिए दोबारा दुकान खतययानी रैयतों की जमीन एवं सरना की जमीन किसी कीमत पर नहीं दिया जाएगा । बैठक में सरना समिति के धर्मवल्लंबी रैयत विस्थापित एवं बहु बाजार के दुकानदार शामिल हुए।

## एक ही परिवार के तीन लोगों की घर में लाश मिलने से सनसनी



**एजेंसी**

**रायगढ़ :** जिले में घरघोड़ा ब्लॉक के कमतरा गांव में शुक्रवार को एक ही परिवार के तीन लोगों की घर में लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। झोपड़ी में मां-बेटी का शव जला मिला है। वहीं पति की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही घरघोडा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि कमतरा निवासी संतोष कुमार ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी पत्नी और ढाई वर्ष की बेटी को अंदर बंदकर झोपड़ी में आग लगा दिया द्य वहीं स्वयं भी पेड़ से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है द्य मामले की जानकारी मिलने पर धरमजयगड़ एसडीओपी व घरघोड़ा थाने की टीम मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी है द्य वहीं एफएसएल की टीम भी जांच कर रही है।ग्रामीणों ने बताया कि यह पूरी घटना गुरुवार रात की है। सूचना पर शुक्रवार सुबह जब पुलिस गांव पहुंची, तब घर पूरी तरह जला हुआ था। घर में चांदनी गुप्ता और उसकी बेटी आकांक्षा गुप्ता की जली हुई लाश बरामद की गई। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। धरमजयगड़ एसडीओपी सिद्धांत तिवारी ने तीन लोगों की पुष्टि करते हुए बताया कि इस पूरे मामले का खुलासा देर शाम तक हो जाएगा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दो लोगों की जली हुई लाश तथा एक का लाश पेड़ पर लटकी हुई मिली है।

## किशन रेड्डी ने कांके में 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की रखी आधारशिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कांके, रांची स्थित रिनपास के समीप 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी। यह अस्पताल कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं से युक्त होगा।

इस परियोजना का उद्देश्य झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर रांची के सांसद एवं रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, छात्र के पूर्व सांसद सुनील सिंह ,कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त, अतिरिक्त सचिव कोयला विस्मिता तेज, कोयला मंत्री के निजी सचिव बक्की कार्तिकेयन, अतिरिक्त निजी सचिव ए. वेंकटेश्वर रेड्डी, कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम. प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, सीएमपीडीआइ एल के सीएमडी मनोज कुमार, सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दूहन, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार और श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। मंत्री ने कहा किझारखंड और पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए यह अस्पताल एक मील का पत्थर साबित होगा।

**हॉस्पिटल की मुख्य विशेषताएं:** क्षमता 200 बिस्तर, स्थान रिनपास के समीप, कांके, रांची, परियोजना लागतः300 करोड़ (निर्माण, उपकरण और फर्निशिंग), परियोजना अवधि निर्माण कार्य जून 2025 से प्रारंभ होकर दो वर्षों में पूरा होगा, संचालन और प्रबंधन- डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान , एक गैर-लाभकारी संगठन, परियोजना समर्थन अवधि- 6 वर्षों तक सीसीएल द्वारा वित्तीय सहायता (वीजीएफ) प्रदान की जाएगी, भूमि का क्षेत्रफल- 5.5 एकड़, जो झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

## पर्यावरणविद डॉ. कौशल ने सुंदरलाल बहुगुणा की जयंती पर पौधरोपण कर उन्हें किया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने गुरुवार को अपने मेदिनीनगर स्थित पर्यावरण भवन आवासीय परिसर के आकाश बाग और छतरपुर अनुमंडल के डाली पंचायत के कौशल नगर में नेशनल मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क व जैविक उद्यान में भारत के महान पर्यावरण चिंतक व चिपको आंदोलन के प्रमुख नेता रहे प्रख्यात पर्यावरणविद पदमविभूषित स्व. सुंदरलाल बहुगुणा की 98 वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण धर्म व उसके प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति का आम का पौधा लगाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी संघर्षपूर्ण जीवनयात्रा को याद किया । डॉ कौशल ने कहा कि सुंदरलाल बहुगुणा भारत के एक महान पर्यावरण-चिन्तक एवं चिपको



आन्दोलन के प्रमुख नेता थे। उन्होने हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में वनों के संरक्षण के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनकी पत्नी व कर्नाटक के पांडुरंग हेगड़े, रामकृष्ण हेगड़े, चंद्रशेखर, धूम सिंह नेगी अमेरिका के जॉर्ज ए जेम्स नेपाल के सरोज शर्मा भी उनके अन्दोलन से जुड़ी हुई थीं। 1970 के दशक में पहले वे चिपको आन्दोलन से जुड़े रहे और 1980 के दशक से 2004 तक के दशक में टिहरी बाँध के निर्माण के विरुद्ध आन्दोलन से जुड़े रहे। बहुगुणा जी भारत के आरम्भिक पर्यावरण प्रेमियों में से एक थे। उन्होंने कहा कि पलामू प्रवास के दौरान बहुगुणा जी ने उनके निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण कार्यक्रम का न सिर्फ हिस्सा बने थे बल्कि उन्होंने लावारिस सेवा केंद्र व पानी पंचायत का केंद्रीय कार्यालय का भी शुभारंभ किया था। डॉ कौशल ने कहा कि बहुगुणा जी के साथ 1977 में टिहरी के चामा ,चमोली के चिपको मूवमेंट से कर्नाटक के अप्पिको आंदोलन समेत देश - विदेश के दर्जनों प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिला था। संस्था के प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि बहुगुणा जी अपने आंदोलन के दौरान अपनी धर्मपत्नी विमला बहुगुणा के साथ दो बार उनके पर्यावरण भवन आवास पर आए थे । जिनके साथ रहने के दौरान पर्यावरण के क्षेत्र में कई बातों पर चर्चा हुई थी।छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि पलामू प्रवास के दौरान जो लोग बहुगुणा जी से मिलने आते थे उनसे वे कहते थे कि वन और पर्यावरण जीने का आधार है। इसलिए उसकी सुरक्षा व संरक्षा की जिम्मेदारी समाज के सभी लोगों को लेनी चाहिए। कार्यक्रम में संस्था के सचिव अरविंद कुमार जायसवाल, प्रो अरुण कुमार जायसवाल,आशा देवी, उर्मिला देवी,कोमल जायसवाल,शिल्पा जायसवाल, पिंकी सिंह, हेम सिंह, मिट्ठू सिंह, धर्मदेव यादव, शमीम अंसारी, बृजमोहन सिंह,आराध्या, आशिका आद्विक, अनुषा, रामू, छोटू, सत्य सिंह ने भी उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

## 15450 किलोग्राम ड्रग्स नष्ट करके अभियान की शुरुआत करेगी एनसीबी

**रांची।** एनसीबी द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग से निपटने के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण घटना को प्रचार प्रसार करने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ड्रग्स निषेध पखवाड़ा 2025 अभियान चलायेगी। इसके तहत राष्ट्रीय स्तर पर 11 से 25 जनवरी 2025 तक बड़ी मात्रा में नशीली दवाओं के निपटान का आयोजन कर रहा है, जहाँ जब्त की गई नशीली दवाओं और मनोदैहिक पदार्थों को जलाकर नष्ट किया जाएगा। इसके तहत एनसीबी रांची जोनल यूनिट भी 11-15 जनवरी 2025 को लगभग 15450 किलोग्राम ड्रग्स नष्ट करके उक्त अभियान मनाएगी। डुंगी मौजा, सरायकेला- खरसावां, झारखंड हमारा मानना है कि यह आयोजन आपके मीडिया हाउस के लिए नशीली दवाओं की आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देने में एनसीबी के प्रयासों को उजागर करने का एक मूल्यवान अवसर प्रस्तुत करता है।

## आने वाली पीढ़ियों को जस्टिस एलपीएन शाहदेव के दिखाये गये मार्ग का करना चाहिये अनुसरण : हेमंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार दस जनवरी को झारखंड आंदोलनकारी और न्यायविद जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 13वीं पुण्यतिथि पर राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम जनता ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। रांची के सूचना भवन के सामने स्थित जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न दलों के नेता एक मंच पर आए और जस्टिस शाहदेव के योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर जस्टिस शाहदेव को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि जस्टिस एलपीएन शाहदेव न्यायिक सेवा में होते हुए भी झारखंड आंदोलन को बिना किसी दल के बंधन में बंधे अपनी बौद्धिक ऊर्जा से सींचा था। आने वाली पीढ़ियों को उनके दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पूर्व जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। रघुवर दास ने कहा कि झारखंड अलग राज्य की आंदोलन में जज साहब ने अहम भूमिका निभाई थी। झारखंड राज्य के गठन में उनकी भूमिका को कभी भूला नहीं जा सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और चंपई सोरेन ने जस्टिस शाहदेव को झारखंड के लिए संघर्ष करने वाला योद्धा बताया। उन्होंने कहा जस्टिस शाहदेव ने आदिवासी-मूलवासी के हितों के लिए हमेशा लड़ाई लड़ी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने भी जस्टिस शाहदेव के योगदान को याद किया। विधायक सीपी सिंह



ने कहा कि जस्टिस शाहदेव ने झारखंड के विकास के लिए कलम से लेकर सड़क तक संघर्ष किया। जस्टिस शाहदेव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने वालों में जस्टिस शाहदेव की ज्येष्ठ पुत्री कृति सिंह, पुत्र प्रतुल शाहदेव, पुत्रवधू डॉ विद्या झा शाहदेव एवं पौत्र शौर्य प्रताप शाहदेव शामिल हुए। इसके अलावा झारखंड भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, फादर अजित खेस, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजीव रंजन प्रसाद, कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता किशोर नाथ शाहदेव, कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दीपू, आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत, आंदोलनकारी बनवाली मंडल, राजद प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता कैलाश यादव, झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति त्रिवेणी नाथ साहू, भारत जन मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, जेडीयू प्रवक्ता सागर कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर लगाया माफिया को संरक्षण देने का आरोप



**एजेंसी**

**शिमला :** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार व्यवस्था परिवर्तन का केवल दिखावा कर रही है। उनका आरोप है कि सरकार अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए बद्दी में अवैध खनन और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त लोगों को संरक्षण दे रही है।जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी की सुरक्षा को लेकर इतना चिंतित हैं कि उन्होंने बद्दी की एसपी इल्मा अफरोज के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें जबरन छुट्टी पर भेज दिया। इससे अन्य अधिकारियों पर भी यह संदेश गया है कि यदि वे सरकार के प्रभावी लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई करते हैं तो उन्हें भी इसी तरह का दबाव झेलना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार खनन माफिया को संरक्षण दे रही है, जिसके कारण इस माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जबकि यह मुद्दा अखबारों में भी उभर चुका है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी के लोगों को चेतावनी दी कि यदि वे गैरकानूनी काम करेंगे तो उनके खिलाफ भी कानून का डंडा चलेगा। उन्होंने हाई कोर्ट के फैसले की सराहना की, जिसमें सरकार के खिलाफ बद्दी में एसपी की नियुक्ति के मामले में तानाशाही और अन्याय को उजागर किया गया था।जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में आए दिन विभिन्न अधिकारियों के तबादले और उनके साथ सरकार का बर्ताव ठीक नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब ड्रग रैकेट के खिलाफ काम करने वाले अधिकारियों का तबादला किया गया या किसी डीएसपी को उसकी जिम्मेदारी निभाने के कारण सरकार ने ट्रांसफर कर दिया, तो यह स्थिति प्रदेश के लिए अच्छी नहीं है।

## ब्राउन शुगर माफिया भाभी फरार, देवर कन्हैया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पुलिस अधीक्षक सह डीआईजी रांची चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर स्थित बड़ा मैदान के पास ब्राउन शुगर का मुख्य सरगना कन्हैया कुमार एवं उनके साथी ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे हैं । इस सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक के नियंत्रण में पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली प्रकाश सोंए के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद बड़ा मैदान के पास पहुंचकर पुलिस द्वारा तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि तीनों युवकों की गिरफ्तारी के पूर्व तलाशी ली गई जिसके पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया। ब्राउन शुगर विक्रेता की पहचान कन्हैया कुमार के रूप में किया गया है। कन्हैया कुमार पर करीब 17 से अधिक मामले दर्ज है। कन्हैया मूल रुप से समस्तीपुर बिहार का निवासी है, लेकिन अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू आन्नद पुरी में रहता है। कन्हैया



समस्तीपुर से ब्राउन शुगर लाता है और रांची में बेचता है । आगे बताया कि कन्हैया का पिता गांजा बेचने का काम करता था, भाई और भाभी ब्राउन शुगर के धंधे में संलिप्त रहा है। इसकी भाभी वहीं बिहार में रहती है, जिसको पुलिस की तलाश है और वह अभी फिलहाल फरार चल रही है। पुलिस कुछ दिन में उसकी भाभी को भी गिरफ्तार कर लेगी। कन्हैया कुमार के साथ जो दूसरा व्यक्ति पकड़ा गया हिमांशु ठाकुर है और तीसरा राकेश कुमार है। यह लोग और अरगोड़ा का रहने वाले है। कन्हैया कुमार के पास 10.46 ग्राम ब्राउन शुगर , हिमांशु ठाकुर के पास सात पुड़िया और राकेश कुमार के पास छह पुडिया ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। लंबे समय से कन्हैया कुमार की तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। इन लोगों के पास से एक बजाज कंपनी का डोमिनार 400 बाइक और 2300 नगद रुपया बरामद किया गया है । कन्हैया बुंडू के अमानत अली कॉलेज से इंटर तक की पढ़ाई की है । कन्हैया ने पुलिस के समक्ष मीडिया के माध्यम से आम लोगों से अपील किया है कि वे ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करता है और वह जेल जा रहा है। सभी से अपील करते हुए कहा कि वह ब्राउन शुगर के धंधे में ना जुड़े और ना ही इसका सेवन करें । नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने वाले सभी पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। मुख्य रूप से कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए, सुखदेव नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार, कोतवाली थाना प्रभारी आदिकांत महतो, पंडरा ओपी पुलिस निरीक्षक मनीष कुमार, महेश मुंडा , महिला थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक रेणुका टुडू सहित प्रेम हांसदा, ऋषिकांत, साहवीर उरांव , उमेश चंद्र आदि शामिल थे । उन्होंने आगे बताया कि अब कन्हैया की भाभी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस काम कर रही है । बहुत जल्द इसकी भाभी भी सलाखों के पीछे होगी । उन्होंने आगे यह भी कहा कि इसकी संपत्ति की भी जांच होगी, अगर वह ब्राउन शुगर जैसे अवैध कमाई से संपत्ति अर्जित की गई है तो वह संपत्ति को सरकार अधिग्रहण कर लेगी।

**ब्राउन शुगर में दो सौ से अधिक गिरफ्तार :** नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि ब्राउन शुगर और गांजा में संलिप्त 246 अभियुक्तों की अब तक गिरफ्तारी हो चुकी है । वहीं कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में 100 से अधिक ब्राउन शुगर और गांजा के धंधे में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है।